श्री मोदी बालचन्द्रजी

(लेखक के पिता)

समर्पण

पिताजी,

आपने अत्यन्त परिश्रम करके मुझे जो कुछ
विद्यादान व धार्मिक ज्ञान दिलाया है,
उसीके फलस्वरूप यह प्रथम
भेंट आपके करकमलोंमें
सादर समर्पित है।

आपका पुत्र,
हीरालाल

विषय-सूची

PREFACE

The inscriptions at Sravana Belgola were first collected and published by Mr. B. Lewis Rice, C.I.E., M.R.A.S., Director of Archaeological Researches in Mysore, as far back as 1889. A thoroughly revised and enlarged edition of the same was brought out by the late Director of Mysore Archaeological Researches, Práktana Vimarsha Vichakshana Rao Bahadur R. Narsinhachar, M. A., M.R.A.S. While the first edition contained only 144 inscriptions, Rao Bahadur Narsinhachar has brought to light hundreds of other inscriptions from the same locality and his edition contains no less than 500 of them. The site may now be said to be more or less thoroughly explored.

These inscriptions have a peculiar interest for the historian in so far as all of them are associated in one way or another with the Jain Religion. Interest in historical researches has of late been awakened in almost all the important communities of India and it is a happy augury of the times that the Directors of the Manikachandra Digambara Jain Granthamala have decided to include in their distinguished series a set of volumes bringing together in a handy form, all the known inscriptions of the Digambara Jains, thus facilitating the work of the future Jain Historian. It was thought suitable and convenient to start this series with a volume of Sravana Belgola inscriptions and the work was entrusted to me.

The present edition is based upon the above mentioned two editions. It has, thus, nothing new to offer to the scholar; but to the general reader, who is interested in Jain History but who for one reason or another can not go to the previous costly editions in Roman and Kanarese characters, this edition has a few advantages. The text of the inscriptions is here presented for the first time in Devanagari characters, the numbers of the inscriptions in the previous

two editions have been given and the verses have been numbered to facilitate reference; the substance of the inscriptions having portions of Kanarese in them has been given in Hindi; all the important information about Sravana Belgola and its surroundings, as contained in the previous two editions is given in the introduction and the historical importance of the inscriptions from the Jain point of view is more thoroughly discussed and the index of the names of Jain monks, poets and works has been separated from the general index.

My sincere thanks are due to the Mysore Government and its distinguished Directors of Archaeology, mentioned above, without whose previous labours this edition would have been impossible and to Pandit Nathuram Premi, the able Secretary of the Manikachandra Digambara Jaina Granthamala without whose initiative and encouragement the work would have never been undertaken.

AMRAOTI,
King Edward College,
March 21st 1928.

HIRALAL

निवेदन

—:०:—

दिगम्बर जैन सम्प्रदायके शिलालेखों, ताम्रपत्रों, मूर्तिलेखों और ग्रन्थप्रशस्तियोंमें जैनधर्म और जैन समाजके इतिहासकी विपुल सामग्री बिखरी हुई पड़ी है जिसको एकत्रित करनेकी बहुत ही बड़ी आवश्यकता है। जब तक 'जैनहितैषी' निकलता रहा, तब तक मैं बराबर जैनसमाजके शुभचिन्तकोंका ध्यान इस ओर आकर्षित करता रहा हूँ। परन्तु अभी तक इस ओर कुछ भी प्रयत्न नहीं हुआ है और जो कुछ थोड़ासा इधर उधरसे हुआ भी है वह नहीं होनेके बराबर है।

बड़ी प्रसन्नताकी बात है कि बाबू हीरालालजीकी कृपा और निस्वार्थ सेवासे आज मेरी एक बहुत पुरानी इच्छा सफल हो रही है और जैन शिलालेखसंग्रहका यह प्रथम भाग प्रकाशित हो रहा है। बाबू हीरालालजी इतिहासके और परिश्रमशील विद्वान् हैं। उनके द्वारा मुझे बड़ी बड़ी आशायें हैं। वे संस्कृतके एम० ए० हैं। इलाहाबाद यूनीवर्सिटीकी ओरसे उन्हें दो वर्ष तक रिसर्च स्कालर्शिप मिल चुकी है और इस समय अमरावतीके किंग एडवर्ड कालेजमें वे संस्कृतके प्रोफेसर हैं। कारंजाके जैनशास्त्रभण्डारोंका एक अन्वेषणात्मक विस्तृत सूचीपत्र सी० पी० गवर्नमेण्टकी ओरसे आपने ही तैयार किया था, जो मुद्रित हो चुका है। आपकी इच्छा है कि शिलालेखसंग्रहके और भी कई भाग प्रकाशित किये जायँ और उनके सम्पादनका भार भी आप ही लेना चाहते हैं। मुझे आशा है कि माणिकचन्द्र-ग्रन्थमालाकी प्रबन्धकारिणी कमेटी इस भागके समान आगेके भागोंको भी प्रकाशित करनेका श्रेय सम्पादन करेगी। अस्तव्यस्त और जीर्णशीर्ण अवस्थामें पड़े हुए जैन इतिहासके साधनोंको अच्छे रूपमें प्रकाशित करना बड़े ही पुण्यका कार्य है।

निवेदक—

नाथूराम प्रेमी

प्राथमिक वक्तव्य

श्रवण बेलगोल के शिलालेख सबसे प्रथम मैसूर सरकार की कृपासे सन् १८८९ में प्रकाशित हुए थे। मैसूर पुरातत्वविभाग के तत्कालीन अधिकारी लूइस राइस साहब ने उस समय श्रवण बेलगुल के १४४ लेखों का संग्रह प्रकाशित किया। इस संग्रह की भूमिका में राइस साहबने पहले पहल इन लेखों के साहित्य-सौन्दर्य व ऐतिहासिक-महत्व की ओर विद्वत्समाज का ध्यान आकर्षित किया व चन्द्रगुप्त और भद्रबाहु वाले प्रश्न का विस्तृत विवेचन कर वे इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि चन्द्रगुप्त ने यथार्थतः भद्रबाहु मुनिसे दीक्षा ली थी व लेख नं० १ उन्हीं का स्मारक है। तबसे इस प्रश्न पर विद्वानों में बराबर वादविवाद होता आया है। उक्त संग्रह का दूसरा संस्करण अभी सन् १९२२ इस्वी में प्रकाशित हुआ है। इस संग्रह के रचयिता प्राक्तनविमर्ष-विचक्षण राव बहादुर आर० नरसिंहाचारजी हैं, जिन्होंने श्रवणबेलगोल के सब लेखों की पुनः सूक्ष्मतः जाँच की व परिश्रमपूर्वक खोज करके अन्य सैकड़ों लेखों का पता लगाया। इस संस्करण में उन्होंने पाँच सौ लेखों का संग्रह किया है व एक विस्तृत व विशद भूमिका में वहाँ के समस्त स्मारकों का वर्णन व लेखों के ऐतिहासिक महत्त्व का विवेचन किया है।

किन्तु ये संग्रह कनाड़ी व रोमन लिपिमें प्रकाशित किये जाने व बहु-मूल्य होनेके कारण बहुतसे इतिहासप्रेमियों को उनसे कुछ लाभ न हो सका और अधिकांश जैन लेखक इनका उपयोग न कर सके। वास्तवमें इन लेखोंका परिशीलन किये बिना आजकल जैन साहित्यिक, धार्मिक व राजनैतिक इतिहास के विषयमें कुछ लिखना एक प्रकारसे अनधिकार चेष्टा है, क्योंकि ये लेख प्रायः समस्त प्राचीन दिगम्बर जैनाचार्यों के कृत्यों के प्राचीनतम ऐतिहासिक प्रमाण हैं। इस प्रकार के समस्त उपलब्ध जैन लेख जब तक संग्रह रूपमें प्रकाशित न हो जाँयगे तबतक प्रामाणिक जैन इतिहास संतोषजनक रीति से नहीं लिखा जा सकता।

इसी आवश्यकता की भावना से प्रेरित होकर श्रीयुक्त पं० नाथूरामजी प्रेमी ने सन् १९२४ में उक्त लेखोंका देवनागरी संस्करण तैयार करने का मुझसे अनुरोध किया। प्रथमतः कार्य के भार का ध्यान करके मुझे इसे

स्वीकार करने का साहस न हुआ किन्तु अन्तमें लाचार होकर वह कार्य हाथ में लेना ही पड़ा। सन १९२५ में कार्य प्रारम्भ हुआ। आशा की गई थी कि कुछ मासमें ही कार्य समाप्त हो जावेगा। किन्तु कार्य बड़ा होने व मेरे अलाहाबाद से अमरावती आ जानेके कारण वह आशा पूर्ण न हो सकी। अनेक कठिनाइयाँ उपस्थित हुईं और समय बहुत लग गया। किन्तु हर्षका विषय है कि अन्ततः कार्य निर्विघ्न पूर्ण हो गया।

राइस साहब के संग्रह के १४४ लेखों की, श्रीयुक्त बाबू सूरजभानुजी वकील द्वारा कापी की हुई और पं० जुगलकिशोर जी मुख्तार द्वारा शुद्ध की हुई एक प्रेस कापी मुझे पं० नाथूरामजी द्वारा प्राप्त हुई। प्रथम यह विचार हुआ कि इन्ही लेखों में नये संस्करण के कुछ चुने हुए लेख सम्मिलित कर प्रथम संग्रह प्रकाशित कर दिया जाय। किन्तु सूक्ष्म विचार करने पर यह उचित न जँचा। किसी न किसी दृष्टिसे सभी लेख आवश्यक जँचने लगे व लेखों का पाठ नये संस्करण के अनुसार रखना आवश्यक प्रतीत हुआ। प्रस्तुत संग्रह में बड़े परिश्रम से पाठ शुद्ध कर उसे सर्वप्रकार मूलके अनुसार ही रक्खा है। पञ्चमाक्षर भी मूलके अनुसार हैं यद्यपि इससे कहीं कहीं शब्दों के रूप अपरिचित से हो गये हैं। किन्तु छापे की कठिनाई के कारण कनाड़ी भाषा के कुछ वर्णों का भिन्न स्वरूप यहां नही दर्शाया जा सका। उदाहरणार्थ, *e*, *ē* को यहां 'ए', *o*, *ō* को 'ओ' *r*, *ṛ* को 'र' व *l*, *ḷ*, *l̤* को 'ल' से ही सूचित किया है। प्रूफ-शोधन में यथाशक्ति कसर नही रक्खी गई किन्तु फिर भी कुछ छोटी मोटी अशुद्धियाँ आ ही गई हैं। उल्लेख के सुभीते के लिये लेखों की श्लोक संख्या दे दी गई है। यह बात पूर्व संस्करणों में नहीं है। जहाँ पर प्रथम और द्वितीय संस्करण के पाठोंमें कुछ विचारणीय भिन्नता ज्ञात हुई वहाँ दूसरा पाठ फुटनोटमें दे दिया गया है। बहुत अच्छा होता यदि लेखों का पूरा अनुवाद दिया जा सकता किन्तु इससे ग्रंथका आकार बहुत बढ़ जाता। अतएव जिन लेखों में थोड़ी भी कनाड़ी आई है उनका हिन्दी भावार्थ देकर ही संतोष करना पड़ा है। प्रथम १४४ लेख राइस साहब के क्रमानुसार रखकर पश्चात् का क्रम स्वतन्त्रतासे चालू रक्खा गया है। कोष्टक में नये संस्करण के नम्बर दे दिये गये हैं जिससे आवश्यकता होने पर पहले व दूसरे संस्करण से प्रसंगोपयोगी

लेख का सुगमता से मिलान किया जा सकता है। नये संस्करण के पाँच लेख यहाँ दो ही लेखों (७५, ७६)में आ गये हैं व लेख नं० ३९४ और ४०१-४०६ विशेषोपयोगी न होने के कारण छोड़ दिये गये हैं। इस प्रकार दस लेखों की जो बचत हुई उनके स्थान में एपीग्राफिआ कर्नाटिका भाग ५ में से चुनकर दस लेख सम्मिलित कर दिये गये हैं।

भूमिका का वर्णनात्मक भाग सर्वथा रा० ब० नरसिंहाचार के वर्णन के आधार पर ही लिखा गया है किन्तु ऐतिहासिक व आचार्यों के सम्बन्ध का विवेचन बहुत कुछ स्वतंत्रता से किया गया है। गोम्मटेश्वर मूर्ति की स्थापना का समय निर्णय व शिलालेख नं १ का विवेचन नरसिंहाचारजी के मतसे कुछ भिन्न हुआ है।

अन्त में हम मैसूर सरकार व उनके पुरातत्त्व विभाग के सुयोग्य अधिकारी भूतपूर्व राइस साहब व रा० ब० नरसिंहाचार के बहुत कृतज्ञ हैं। बिना उनकी अपूर्व खोजों और अनुपम प्रयास के जैन इतिहास पर यह भारी प्रकाश पड़ना व इस पुस्तक का प्रकाशित होना दुःसाध्य था। हम माणिकचन्द्र दि० जैन ग्रन्थमाला के मंत्री पं० नाथूरामजी प्रेमी के विशेष रूपसे उपकृत हैं। आपके सस्नेह प्रेरण व अपार उत्साह के बिना हमसे यह कार्य होना अशक्य था। आपने असाधारण विलम्ब होने पर भी धैर्य रक्खा जिससे ग्रंथ सुचारुरूपसे सम्पादित हो सका। पुस्तक के—विशेषतः कनाड़ी अंशों के—कम्पोजिंग व प्रूफ शोधन में प्रेसवालों को भारी कठिनाई और विलम्ब का सामना करना पड़ा है किन्तु उन्होंने योग्यतापूर्वक इस कार्य को निबाहा। इस हेतु इंडियन प्रेस, अलाहाबाद के मैनेजर हमारे धन्यवाद के पात्र हैं।

भूमिका की अपूर्णताओं और त्रुटियों का ध्यान जितना स्वयं मुझे है उतना कदाचित् हमारे उदार हृदय पाठकों को न होगा; किन्तु विषयकी ओर विद्वानों का लक्ष्य दिलाने के हेतु इन त्रुटियों में पड़ना भी आवश्यक था। यदि इस पुस्तक से जैन ऐतिहासिक प्रश्नों के हल करने में कुछ भी सहायता पहुँची तो मैं अपने को कृतार्थ समझूँगा। यदि पाठकों ने चाहा और भविष्य अनुकूल रहा तो दक्षिण भारत के जैन लेखोंका दूसरा संग्रह भी शीघ्र ही पाठकों की भेंट किया जायगा।

किंग एडवर्ड कालेज, अमरावती,
फाल्गुन शुक्ला ७, सं० १९८५. }

हीरालाल

शुद्धिपत्र

(भूमिका)

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
२	५	बेल्गोल	वेल्गोल
७९	७	सल्ग्वना	सल्लेखना
९८	१	१६२४	१२४
१००	१–२	माघनन्दि आचार्यों	माघनन्दि आदि आचार्यों
१०६	८	जगदेव के	जगदेव नामक
११२	१३	भटत	भरत
१२८	९	वीरट्ट	वीर
१२८	१०	पदावली	पट्टावली
१३९	१५	दयालपाल	दयापाल
१५२	४	पुष्पनान्द	पुष्पनन्दि

(लेख)

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
२१	१०	चौड	चालुक्य
४८	१८	विष्णुवर्द्धनद्वारा	विष्णुवर्द्धनके मंत्री गंगराज
४९	२	विष्णुवर्द्धन नरेश	गंगराज मंत्री [द्वारा
५५	१३	पद्यो	पंक्तियों
१४७	१४	एरडु क ट्टे वस्ति	एरडुकट्टे वस्तिमें
१५७	११	श्रा चामुण्डराजं	श्रीचामुण्डराज
१७५	१८	रामचल्ल नृप	राचमल्ल नृप
१९४	१३	कुलो...ङ्ग	कुलोत्तुङ्ग
२०७	२	पण्डिताग्य्यः	पण्डितार्य्यः
२९२	अन्तिम	नं. (३५४)	नं. ४३४ (३५४)
३१६	१२	१८०	१९८
३१६	१३	१९७	१९९
३१९	१४	२१९ (१२५)	२१९ (११५)
३२७	६	२५५ (४१३)	२५५ (४१४)
३७३	२	विजयराज्यग्य	विजयराजय्य
३७७	१	४७७ (३८६)	४७६ (३८६)
३८५	१० वीं पंक्तिके पश्चात् लेखांक ४९१ छूट गया है।		

भूमिकामें प्रयुक्त संकेताक्षर

इ. ए.=इंडियन एन्टीक्वेरी ।

ए. इ.=एपीग्राफिआ इंडिका ।

ए. क.=एपीग्राफिआ कर्नाटिका ।

मै. आ. रि.=मैसूर आर्किलाजीकल रिपोर्ट ।

सा. इ. इ.=साउथ इंडियन इन्स्क्रिपशन्स ।

श्री गोम्मटेश (बाहुबलि)

(श्रवणबेलगोलकी मुख्य मूर्ति)

"जैनविजय" प्रेस-सूरत।

श्रवणबेल्गोल के स्मारक

समस्त दक्षिण भारत में ऐसे बहुत ही कम स्थान होंगे जो प्राकृतिक सौन्दर्य में, प्राचीन कारीगरी के नमूनों में व धार्मिक और ऐतिहासिक स्मृतियों में 'श्रवणबेल्गुल' की बराबरी कर सकें। आर्य जाति और विशेषतः जैन जाति की लगभग अढ़ाई हज़ार वर्ष की सभ्यता का इतिहास यहाँ के विशाल और रमणीक मन्दिरों, अत्यन्त प्राचीन गुफाओं, अनुपम उत्कृष्ट मूर्त्तियों व सैकड़ों शिलालेखों में अङ्कित पाया जाता है। यहाँ की भूमि अनेक मुनि-महात्माओं की तपस्या से पवित्र, अनेक धर्म-निष्ठ यात्रियों की भक्ति से पूजित और अनेक नरेशों और सम्राटों के दान से अलंकृत और इतिहास में प्रसिद्ध हुई है।

यहाँ की धार्मिकता इस स्थान के नाम में ही गर्भित है। 'श्रवण' (श्रमण) नाम जैन मुनि का है और 'बेल्गुल' कनाड़ा भाषा के 'बेल' और 'गुल' दो शब्दों से बना है। 'बेल' का अर्थ धवल व श्वेत होता है और 'गुल' (गोल) 'कोल' का अप-भ्रंश है जिसका अर्थ सरोवर है। इस प्रकार श्रवणबेल्गुल का अर्थ जैन मुनियों का धवल-सरोवर होता है। इसका तात्पर्य संभवतः उस रमणीक सरोवर से है जो ग्राम के बीचोंबीच अब भी इस स्थान की शोभा बढ़ा रहा है। सात-आठ सौ

वर्ष पुराने कुछ लेखों में भी इस स्थान का नाम श्वेत सरोवर, धवलसरः व धवलसरोवर पाये जाते हैं* ।

'बेल्गोल' नाम लगभग सातवीं शताब्दि के एक लेख में आता है,† और लगभग आठवीं शताब्दि के एक दूसरे लेख में इसका नाम 'बेल्गोल' पाया जाता है‡ । इनसे पीछे के अनेक लेखों में बेलगुल, बेल्गुल और बेलुगुल नाम पाये जाते हैं । एक लेख में 'देवर बेल्गोल' नाम भी पाया जाता है§ जिसका अर्थ होता है देव का (जिनदेव का) बेल्गोल । श्रवणबेल्गोल के आसपास दो और बेल्गोल नाम के स्थान हैं जो हले-बेल्गोल और कोडि-बेल्गोल कहलाते हैं । गोम्मटेश्वर की विशाल मूर्त्ति के कारण इसका नाम गोम्मटपुर भी है+ । कुछ अर्वाचीन लेखों में दक्षिण काशी नाम से भी इस तीर्थ-स्थान का उल्लेख हुआ है × ।

श्रवणबेल्गोल ग्राम मैसूर प्रान्त में हासन ज़िले के चेन्नराः-यपाटन तालुके में दो सुन्दर पहाड़ियों के बीच बसा हुआ है । इनमें से बड़ी पहाड़ी (दोड्डबेट्ट) जो ग्राम से दक्षिण की ओर है 'विन्ध्यगिरि' कहलाती है । इसी पहाड़ी पर गोम्मटेश्वर की वह विशाल मूर्त्ति स्थापित है जो कोसों की दूरी से यात्रियों की दृष्टि इस पवित्र स्थान की ओर आकर्षित करती है । इसके

---

* देखो लेख नं० ५४ और १०८. † देखो लेख नं० १७-१८.
‡ देखो लेख नं० २४. § देखो लेख नं० १४०.
+ देखो लेख नं० १२८, १३७. × देखो लेख नं० ३५५, ४८१.

अतिरिक्त कुछ बस्तियाँ (जिन-मन्दिर) भी इस पहाड़ी पर हैं। दूसरी छोटी पहाड़ी (चिक्क बेट्ट), जो ग्राम से उत्तर की ओर है, चन्द्रगिरि के नाम से प्रख्यात है। अधिकांश और प्राचीनतम लेख और बस्तियाँ इसी पहाड़ी पर हैं। कुछ मन्दिर, लेख आदि ग्राम की सीमा के भीतर हैं और शेष श्रवणबेल्गोल के आस-पास के ग्रामों में हैं। अतः यहाँ के समस्त प्राचीन स्मारकों का वर्णन इन चार शीर्षकों में करना ठीक होगा—(१) चन्द्रगिरि, (२) विन्ध्यगिरि, (३) श्रवण बेल्गोल (खास) और (४) आस-पास के ग्राम। लेख नं० ३५४ के अनुसार श्रवणबेल्गोल के समस्त मन्दिरों की संख्या ३२ है अर्थात् आठ विन्ध्यगिरि पर, सोलह चन्द्रगिरि पर और आठ ग्राम में। पर लेख में इन बस्तियों के नाम नहीं दिये गये।

चन्द्रगिरि

चन्द्रगिरि पर्वत समुद्र-तल से ३,०५२ फुट की ऊँचाई पर है। प्राचीनतम लेखों में इस पर्वत का नाम कटवप्र* (संस्कृत) व कल्वप्पु या कल्वप्पु† (कनाड़ी) पाया जाता है। तीर्थ-गिरि और ऋषि-गिरि नाम से भी यह पहाड़ी प्रसिद्ध रही है‡। इरुवेब्रह्मदेव मन्दिर को छोड़ इस पर्वत पर के शेष सब

* देखो लेख नं० १, २७, २८, २९, ३३, १५२, १५९, १८९.

† देखो लेख नं० ३४, ३५, १६०, १६१.

‡ देखो लेख नं० ३४, ३५.

जिनालय एक दीवाल के घेरे के भीतर प्रतिष्ठित हैं। इस घेरे की उत्कृष्ट लम्बाई ५०० फुट और चौड़ाई २२५ फुट है। सब मन्दिर द्राविड़ी ढङ्ग के बने हुए हैं। इनमें से सबसे प्राचीन मन्दिर ईसा की आठवीं शताब्दि का प्रतीत होता है। घेरे के भीतर के मन्दिरों की संख्या १३ है। सभी मन्दिरों का ढङ्ग प्रायः एक सा ही है। सभी में साधारणतः एक **गर्भगृह**, एक **सुखनासि** खुला या घिरा हुआ, और एक **नवरङ्ग** रहता है। नीचे इस पहाड़ी के सब मन्दिरों व अन्य प्राचीन स्मारकों का सूक्ष्म वर्णन दिया जाता है:—

१ पार्श्वनाथ बस्ति—इस सुन्दर और विशाल मन्दिर की लम्बाई-चौड़ाई ५६ × २६ फुट है। दरवाजे भारी हैं। नवरङ्ग और सामने के दरवाजे के दोनों ओर बरामदे बने हुए हैं। बाहरी दीवालें स्तम्भों और छोटी-छोटी गुम्मटों से सजी हुई हैं। सप्तफणी नाग की छाया के नीचे भगवान् पार्श्वनाथ की १५ फुट ऊँची मनोज्ञ मूर्त्ति है। इस पर्वत पर यही मूर्त्ति सबसे विशाल है। सामने बृहत् और सुन्दर **मानस्तम्भ** खड़ा हुआ है जिसके चारों मुखों पर यक्ष-यक्षिणिओं की मूर्त्तियाँ खुदी हैं। कहा नहीं जा सकता कि इस मन्दिर के निर्माण का ठीक समय क्या है। नवरङ्ग में एक बड़ा भारी लेख खुदा हुआ है (लेख नं० ५४) जिसमें शक सं० १०५० में मल्लिषेण-मलधारि देव के समाधि-मरण का संवाद है। पर मन्दिर के निर्माण के विषय की कोई वार्त्ता

लेख में नहीं पाई जाती। यहाँ के मानस्तम्भ के विषय में अनन्त कवि-कृत कनाड़ी भाषा के **'बेल्गोलद गोम्मटेश्वर-चरित'** नामक काव्य में कहा गया है कि उक्त मानस्तम्भ मैसूर के चिक्क देव-राज ओडेयर नामक राजा (१६७२-१७०४ ईस्वी) के समय में पुट्टैय नामक एक सेठ-द्वारा निर्माण कराया गया था। इसी काव्य के अनुसार मन्दिर की बाहरी दीवाल भी इसी सेठ ने बनवाई थी। यह काव्य लगभग डेढ़ सौ वर्ष पुराना है।

२ कत्तले बस्ति—चन्द्रगिरि पर्वत पर यह मन्दिर सबसे भारी है। इसकी लम्बाई-चौड़ाई १२४ × ४० फुट है। गर्भगृह के चारों ओर प्रदक्षिणा है। नवरङ्ग से सटा हुआ एक मुखमण्डप (सभा-भवन) भी है और एक बाहरी बरामदा भी। सामने के दरवाजे के अतिरिक्त इस सारे विशाल भवन में और कोई खिड़कियाँ व दरवाजे नहीं हैं। बाहरी ऊँची दीवाल के कारण उस एक सामने के दरवाजे से भी पूरा-पूरा प्रकाश नहीं जाने पाता। इसी से इस मन्दिर का नाम कत्तले बस्ति (अन्धकार का मन्दिर) पड़ा है। बरामदे में पद्मावती देवी की मूर्त्ति है। जान पड़ता है, इसी से इस मन्दिर का नाम पद्मावतीबस्ति भी पड़ गया है। मन्दिर पर कोई शिखर नहीं है, पर मठ में इस मन्दिर का जो मान-चित्र है उसमें शिखर दिखाया गया है। इससे जान पड़ता है कि किसी समय यह मन्दिर शिखर-बद्ध रहा है।

मूलनायक श्री आदिनाथ भगवान् की छः फुट ऊँची पद्मासन मूर्त्ति बड़ी ही हृदय-ग्राही है। दोनों बाजुओं पर दो चौरी-वाहक खड़े हैं। मन्दिर के ऊपर दूसरा खण्ड भी है पर वह जीर्ण अवस्था में होने के कारण बन्द कर दिया गया है। सभा-भवन के बाहरी ईशान कोण पर से ऊपर को सीढ़ियाँ गई हैं। कहा जाता है कि महोत्सव के समय ऊपर प्रतिष्ठित स्त्रियों के बैठने का प्रबन्ध रहता था। आदीश्वर भगवान् के सिंहासन पर जो लेख है (नं० ६४) उससे ज्ञात होता है कि इस बस्ति को होयसल-नरेश विष्णुवर्द्धन के सेनापति गङ्ग-राज ने अपनी मातृश्री पोचव्बे के हेतु निर्माण कराया था। इससे इसका निर्माण-काल सन् १११८ के लगभग सिद्ध होता है। सभा-भवन पीछे निर्मापित हुआ जान पड़ता है। इसका जीर्णोद्धार लगभग ७० वर्ष हुए मैसूरराजकुल की दो महि-लाओं—देवीरम्मणि और केम्पम्मणि—द्वारा हुआ है। यह बात ध्यान देने योग्य है कि इस पर्वत पर केवल यही एक मन्दिर है जिसके गर्भगृह के चारों ओर प्रदक्षिणा भी है।

३ चन्द्रगुप्त बस्ति—यह चंद्रगिरि पर्वत पर सबसे छोटा जिनालय है, जिसकी लम्बाई-चौड़ाई केवल २२ × १६ फुट है: इसमें लगातार तीन कोठे हैं और सामने बरामदा है। बीच के कोठे में पार्श्वनाथ भगवान् की मूर्त्ति है और दायें-बायें वाले कोठों में क्रमशः पद्मावती और कुष्माण्डिनी देवी की मूर्त्तियाँ हैं। बरामदे के दाहने छोर पर धरणेन्द्रयक्ष और

बायें ओर पर सर्वाह्नयच की मूर्त्तियाँ हैं। सभी मूर्त्तियाँ पद्मासन हैं। बरामदे के सम्मुख जो बहुत ही सुन्दर प्रतोली (दरवाजा) है वह पीछे निर्मापित हुआ है। इसकी कारीगरी देखने योग्य है। घेरे के पत्थरों पर जाली का काम, जिस पर श्रुतकेवलि भद्रबाहु और मौर्य सम्राट् चन्द्रगुप्त के कुछ जीवन-दृश्य खुदे हुए हैं, अपूर्व कौशल का नमूना है। इसी जाली पर एक जगह **'दासोजः'** ऐसा लेख है जो इस प्रतोली के बनानेवाले कारीगर का नाम प्रतीत होता है। इसी नाम के एक व्यक्ति ने लेख नं० ५० उत्कीर्ण किया है। यह लेख शक सं० १०६८ का है। यदि ये दोनों व्यक्ति एक ही हों तो यह प्रतोली शक सं० १०६८ के लगभग की बनी सिद्ध होती है। उपर्युक्त लेख की लिपि भी इसी समय की ज्ञात होती है। मन्दिर के दोनों बाजुओं के कोठों पर छोटे खुदावदार शिखर भी हैं। मध्य के कोठे के सम्मुख सभा-भवन में क्षेत्रपाल की स्थापना है जिनके सिंहासन पर कुछ लेख भी है। इस मन्दिर का नाम चन्द्रगुप्त-बस्ति पड़ने का कारण यह बतलाया जाता है कि इसे स्वयं महाराज चन्द्रगुप्त मौर्य ने निर्माण कराया था। इसमें सन्देह नहीं कि इस मन्दिर की इमारत इस पर्वत के प्राचीनतम स्मारकों में से है।

४ **शान्तिनाथ बस्ति**—यह छोटा सा जिनालय २४ × १६ फुट लम्बा-चौड़ा है। इसकी दीवालों और छत पर अभी तक चित्रकारी के निशान हैं। शान्तिनाथ

स्वामी की मूर्त्ति खड्गासन ११ फुट ऊँची है। मन्दिर के बनने का समय ज्ञात नहीं।

५ सुपार्श्वनाथ बस्ति—इस मन्दिर की लम्बाई-चौडाई २५ × १४ फुट है। सुपार्श्वनाथ स्वामी की पद्मासन मूर्त्ति तीन फुट ऊँची है, जिसके ऊपर सप्तफणी नाग की छाया हो रही है। मन्दिर के बनने के विषय की कोई वार्त्ता विदित नहीं है।

६ चन्द्रप्रभ बस्ति—इस मन्दिर का क्षेत्रफल ४२ × २५ फुट है। चन्द्रप्रभस्वामी की पद्मासन मूर्त्ति तीन फुट ऊँची है। सुखनासि में उक्त तीर्थंकर के यक्ष और यक्षिणी श्याम और ज्वालामालिनि विराजमान हैं। मन्दिर के सामने एक चट्टान पर '**सिवमारन बसदि**' (४१५) ऐसा लेख है। इस लेख की लिपि से ऐसा प्रतीत होता है कि सम्भवतः उसमें गङ्गनरेश शिवमार द्वितीय, श्रीपुरुष के पुत्र, का उल्लेख है। शिवमार के द्वारा जिस 'बसदि' (बस्ति) के बनने का लेख में उल्लेख है, सम्भव है वह यही चन्द्रप्रभ-बस्ति हो; क्योंकि इसके निकट अन्य और कोई बस्ति नहीं है। यदि यह अनुमान ठीक हो तो यह बस्ति सन् ८०० ईस्वी के लगभग की सिद्ध होती है।

७ चामुण्डराय बस्ति—यह विशाल भवन बनावट और सजावट में इस पर्वत पर सबसे सुन्दर है। इसकी लम्बाई-चौड़ाई ६८ × ३६ फुट है। ऊपर दूसरा खण्ड और

एक सुन्दर गुम्मट भी है। इसमें नेमिनाथ स्वामी की पांच फुट ऊँची मनोहर प्रतिमा है। गर्भगृह के दरवाजे पर दोनों बाजुओं पर क्रमश: यक्ष सर्वाह्न और यक्षिणी कुष्माण्डिनी की मूर्त्तियाँ हैं। बाहरी दीवालें स्तम्भों, आलों और उत्कीर्ण या उचेली हुई प्रतिमाओं से अलंकृत हैं। बाहरी दरवाजे की दोनों बाजुओं पर नीचे की ओर 'श्रीचामुण्डराजं माडिसिदं' (२२३) ऐसा लेख है। इससे स्पष्ट है कि यह बस्ति स्वयं गङ्गनरेश राचमल के मन्त्री चामुण्डराज ने निर्माण कराई थी और उसका समय ९८२ ईस्वी के लगभग होना चाहिये। पर नेमिनाथ स्वामी के सिंहासन पर लेख है (६६) कि गङ्गराज सेनापति के पुत्र 'एचण' ने त्रैलोक्यरञ्जन मन्दिर अपरनाम बोप्पणचैत्यालय निर्माण कराया था। यह लेख सन् ११३८ के लगभग का अनुमान किया जाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि एचण का निर्माण कराया हुआ चैत्यालय कोई अन्य रहा होगा जो अब ध्वंस हो गया है और यह नेमिनाथ स्वामी की प्रतिमा वहाँ से लाकर इस बस्ति में विराजमान करा दी गई है। मन्दिर के ऊपर के खण्ड में एक पार्श्वनाथ भगवान् की तीन फुट ऊँची मूर्त्ति है। उनके सिंहासन पर लेख है (नं० ६७) कि चामुण्डराज मन्त्री के पुत्र जिनदेव ने बेलगोल में एक जिन-भवन निर्माण कराया। अनुमान किया जाता है कि इस लेख का तात्पर्य मन्दिर के इसी ऊपरी भाग से है जो नीचे के खण्ड से कुछ पीछे बना होगा।

८ शासन बस्ति—मन्दिर के दरवाजे पर जो लेख शासन नं० ५९) है, जान पड़ता है, उसी से इसका नाम शासनबस्ति पड़ा है। इसकी लम्बाई-चौड़ाई ५५ × २६ फुट है। गर्भगृह में आदिनाथ भगवान् की पाँच फुट ऊँची मूर्त्ति है जिसके दोनों ओर चौरी-वाहक खड़े हुए हैं। सुखनासि में यक्ष यक्षिणी गोमुख और चक्रेश्वरी की प्रतिमाएँ हैं। बाहरी दीवालों में स्तम्भों और आलों की सजावट है। बीच-बीच में प्रतिमाएँ भी उत्कीर्ण हैं। आदिनाथ स्वामी के सिंहासन पर लेख है (नं० ६५) कि इस मन्दिर को गङ्गराज सेनापति ने "इन्दिराकुलगृह" नाम से निर्माण कराया। दरवाजे पर के लेख में समाचार है कि शक सं० १०३९ फाल्गुण सुदि ५ को गङ्गराज ने 'परम' नाम के ग्राम का दान दिया। यह ग्राम उन्हें विष्णुवर्द्धन नरेश से मिला था। इसी समय से कुछ पूर्व मन्दिर बना होगा।

९ मज्जिगण्णबस्ति—इसकी लम्बाई-चौड़ाई ३२ × १९ फुट है। इसमे अनन्तनाथ स्वामी की साढ़े तीन फुट ऊँची प्रतिमा है। बाहरी दीवाल के आसपास फूलदार चित्रकारी के पत्थरों का घेरा है। मन्दिर के नाम से अनुमान होता है कि उसे किसी मज्जिगण्ण नाम के व्यक्ति ने निर्माण कराया होगा। पर समय निश्चित किये जाने के कोई साधन उपलब्ध नहीं हैं।

१० एरडुकट्टेबस्ति—इस मन्दिर का नाम उसके दायीं और बायीं बाजू पर की सीढ़ियों पर से पड़ा है। इसकी

लम्बाई-चौड़ाई ५५ × २६ फुट है। आदिनाथ स्वामी की मूर्त्ति पाँच फुट ऊँची है और प्रभावली से अलंकृत है। दोनों ओर चौरी-वाहक खड़े हैं। गर्भगृह के बाहर सुखनासि में यक्ष और यक्षिणी की मूर्त्तियाँ हैं। आदिनाथ स्वामी के सिंहासन पर लेख है (नं० ६३) कि इस मन्दिर को गङ्ग-राज सेनापति की भार्या लक्ष्मी ने निर्माण कराया था।—

११ सवतिगन्धवारणबस्ति—होयसलनरेश विष्णु-वर्द्धन की रानी का नाम शान्तल देवी और उपनाम 'सवति-गन्धवारण' (सौतों के लिए मत्त हाथी) था। इसी पर से इस मन्दिर का यह नाम पड़ा है। साधारणतः इसे गन्ध-वारण-बस्ति कहते हैं। मन्दिर विशाल है जिसकी लम्बाई-चौड़ाई ६९ × ३५ फुट है। शान्तिनाथ स्वामी की मूर्त्ति प्रभावली-संयुक्त पाँच फुट ऊँची है। दोनों ओर दो चौरी-वाहक खड़े हैं। सुखनासि में यक्ष यक्षिणी किम्पुरुष और महामानसि की मूर्त्तियाँ हैं। गर्भगृह के ऊपर एक अच्छी गुम्मट है। बाहरी दीवालें स्तम्भों से अलंकृत हैं। दरवाजे पर के लेख (नं० ५६) और शान्तिनाथ स्वामी के सिंहासन पर के लेख (नं० ६२) से विदित होता है कि इस बस्ति को विष्णुवर्द्धन नरेश की रानी शान्तल देवी ने शक सं० १०४४ में निर्माण कराया था।

१२ तेरिनबस्ति—इस मन्दिर के सम्मुख एक रथ (तेरु) के आकार की इमारत बनी हुई है। इसी से इसका

नाम तेरिनबस्ति पड़ा है। इसमें बाहुबलि स्वामी की मूर्त्ति है। इसी से इसे बाहुबलि बस्ति भी कहते हैं। इसकी लम्बाई चौड़ाई ७० × २६ फुट है। बाहुबलि स्वामी की मूर्त्ति पाँच फुट ऊँची है। सन्मुख के रथाकार मन्दिर पर चारों ओर बावन जिन-मूर्त्तियाँ खुदी हुई हैं। मन्दिर दो प्रकार के होते हैं नन्दीश्वर और मेरु। उक्त रथाकार मन्दिर नन्दीश्वर प्रकार का कहा जाता है। इस पर के लेख (नं० १३७ शक सं० १०३८) से विदित होता है कि इस मन्दिर और बस्ति को विष्णुवर्द्धन नरेश के समय के पोयसल सेठ की माता माचिकब्बे और नेमि सेठ की माता शान्तिकब्बे ने निर्माण कराया था।

१३ शान्तीश्वर बस्ति—इसकी लम्बाई-चौड़ाई ५६ × ३० फुट है। यह मन्दिर ऊँची सतह पर बना हुआ है। इसकी गुम्मट पर अच्छी कारीगरी है। गर्भगृह के बाहर सुखनासि में यक्ष-यक्षिणी की मूर्त्तियाँ हैं। पीछे की दीवाल के मध्य-भाग में एक आला है जिसमें एक खड्गासन जिन-मूर्त्ति खुदी हुई है। इस मन्दिर को कब और किसने निर्माण कराया, यह निश्चय नहीं हो सका है।

१४ कूगेब्रह्मदेवस्तम्भ—यह विशाल स्तम्भ चन्द्रगिरि पर्वत पर के घेरे के दक्षिणी दरवाजे पर प्रतिष्ठित है। इसके शिखर पर पूर्वमुखी ब्रह्मदेव की छोटी सी पद्मासन प्रतिमा विराजमान है। इसकी पीठिका आठों दिशाओं में आठ हस्तियों पर प्रतिष्ठित रही है पर अब केवल थोड़े से ही हाथी

रह गये हैं। स्तम्भ के चारों ओर एक लेख है (नं० ३८) (५९) जो गङ्गनरेश मारसिंह द्वितीय की मृत्यु का स्मारक है। इस राजा की मृत्यु सन् ९७४ ईस्वी में हुई थी। अतः यह स्तम्भ इससे पहले का सिद्ध होता है।

१५ **महानवमी मण्डप**—कत्तले बस्ति के गर्भगृह के दक्षिण की ओर दो सुन्दर पूर्व-मुख चतुस्तम्भ मण्डप बने हुए हैं। दोनों के मध्य में एक एक लेखयुक्त स्तम्भ है। उत्तर की ओर के मण्डप के स्तम्भ की बनावट बहुत सुन्दर है। उसका गुम्मटाकार शिखर बहुत ही दर्शनीय है। उस पर के लेख नं० ४२ (६६) में **नयकीर्त्ति** आचार्य के समाधि-मरण का संवाद है जो सन् ११७६ में हुआ। यह स्तम्भ उनके एक श्रावक शिष्य नागदेव मन्त्री ने स्थापित कराया था। ऐसे ही अन्य अनेक मण्डप इस पर्वत पर विद्यमान हैं जिनमें लेख-युक्त स्तम्भ प्रतिष्ठित हैं। एक चामुण्डराय बस्ति के दक्षिण की ओर, एक एरडुकट्टे बस्ति से पूर्व की ओर और दो तेरिन बस्ति से दक्षिण की ओर पाये जाते हैं।

१६ **भरतेश्वर**—महानवमी मण्डप से पश्चिम की ओर एक इमारत है जो अब रसोईघर के काम में आती है। इस इमारत के समीप एक नव फुट ऊँची पश्चिममुख मूर्त्ति है जो बाहुबलि के भ्राता भरतेश्वर की बतलाई जाती है। मूर्त्ति एक भारी चट्टान में घुटनों तक खोदी जाकर अपूर्ण छोड़ दी गई है। इस मूर्त्ति से थोड़ी दूर पर जो शिलालेख नं० २५ (६१) है

उससे अनुमान होता है कि वह किसी अरिट्टोनेमि नाम के कारीगर की बनाई हुई है। पर यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता क्योंकि लेख का जितना भाग पढ़ा जाता है उससे केवल इतना ही अर्थ निकलता कि 'गुरु अरिट्टोनेमि' ने बनवाया। पर क्या बनवाया यह कुछ स्पष्ट नहीं है। अरिट्टोनेमि अरिष्टनेमि का अपभ्रंश है। लेख ईसा की नवमी शताब्दि का अनुमान किया जाता है।

१७ इरुवे ब्रह्मदेव मन्दिर—जैसा कि ऊपर कह आये हैं, केवल यही एक मन्दिर इस पहाड़ी पर ऐसा है जो घेरे के बाहर है। यह घेरे के उत्तर-दरवाजे के उत्तर में प्रतिष्ठित है। यहाँ ब्रह्मदेव की मूर्त्ति विराजमान है। सम्मुख एक बृहत् चट्टान है जिस पर जिन-प्रतिमाएँ, हाथी, स्तम्भ आदि खुदे हुए हैं। कहीं-कहीं खोदनेवालों के नाम भी दिये हुए हैं। मन्दिर के दरवाजे पर जो लेख (नं० २३५) है उसकी लिपि से वह दसवीं शताब्दि के मध्य-भाग का अनुमान किया जाता है।

१८ कञ्चिन दोणे—इरुवेब्रह्मदेवमन्दिर से वायव्य की ओर एक चौकोर घेरे के भीतर चट्टान में एक कुण्ड है। यही कञ्चिन दोणे कहलाता है। 'दोणे' का अर्थ एक प्राकृतिक कुण्ड होता है और 'कञ्चिन' का एक धातु जिससे घण्टा आदि बनते हैं। कहा नहीं जा सकता कि इस कुण्ड का यह नाम क्यों पड़ा। यहाँ कई छोटे-छोटे लेख हैं। एक लेख है **'मुरुकलुंकदम्ब तरसि'** (२८२) अर्थात् कदम्ब की आज्ञा

से तीन शिलाएँ यहाँ लाई गईं। इनमें की दो शिलाएँ अब भी यहाँ विद्यमान हैं और तीसरी शिला टूट-फूट गई है। कुण्ड के भीतर एक स्तम्भ है जिस पर यह लेख है—**'मानभ आनन्द-संवच्छदल्लि कट्टिसिद दोणेयु'** (२४४) अर्थात् इस कुण्ड को **मानभ** ने आनन्द-संवत्सर में बनवाया था। यह संवत् सम्भवतः शक सं० १११६ होगा।

१८ लक्किदोणे—यह दूसरा कुण्ड घेरे से पूर्व की ओर है। सम्भवतः यह किसी लक्कि नाम की स्त्री-द्वारा निर्माण कराये जाने के कारण लक्किदोण नाम से प्रसिद्ध हुआ है। कुण्ड से पश्चिम की ओर एक चट्टान है जिस पर कोई तीस छोटे-छोटे लेख हैं जिनमें प्रायः यात्रियों के नाम अङ्कित हैं। इनमें कई जैन आचार्यों, कवियों और राजपुरुषों के नाम हैं (नं० २८४-३१४)।

२० भद्रबाहु की गुफा—कहा जाता है कि अन्तिम श्रुत-केवली भद्रबाहु स्वामी ने इसी गुफा में देहोत्सर्ग किया था। उनके चरण इस गुफा में अङ्कित हैं और पूजे जाते हैं। गुफा में एक लेख भी पाया गया था (नं० ७१ (१६६) पर यह लेख अब गुफा में नहीं है। हाल में गुफा के सन्मुख एक भद्दा सा दरवाजा बनवा दिया गया है।

२१ चामुण्डराय की शिला—चन्द्रगिरि पर्वत के नीचे एक चट्टान है जो उक्त नाम से प्रसिद्ध है। कहा जाता है कि चामुण्डराय ने इसी शिला पर खड़े होकर विन्ध्यगिरि पर्वत की

और बाण चलाया था जिससे गोम्मटेश्वर की विशालमूर्ति प्रकट हुई थी। शिला पर कई जैन गुरुओं के चित्र हैं जिनके नाम भी अङ्कित हैं।

चन्द्रगिरि पर्वत पर के अधिकांश प्राचीनतम शिलालेख या तो पार्श्वनाथ बस्ति के दक्षिण की शिला पर उत्कीर्ण हैं या उस शिला पर जो शासन बस्ति और चामुण्डराय बस्ति के सन्मुख है।

विन्ध्यगिरि

यह पर्वत दोड्डबेट्ट अर्थात् बड़ी पहाड़ी के नाम से भी प्रख्यात है। यह समुद्रतल से ३,३४७ फुट और नीचे के मैदान से लगभग ४७० फुट ऊँचा है। कभी-कभी इन्द्रगिरि नाम से भी इस पर्वत का सम्बोधन किया जाता है। पर्वत के शिखर पर पहुँचने के लिये नीचे से लगाकर कोई ५०० सीढ़ियाँ बनी हुई हैं। ऊपर समतल चौक है जो एक छोटे घेरे से घिरा हुआ है। इस घेरे में बीच-बीच में तलघर हैं जिनमें जिन-प्रतिबिम्ब विराजमान हैं। इस घेरे के चारों ओर कुछ दूरी पर एक भारी दीवाल है जो कहीं-कहीं प्राकृतिक शिलाओं से बनी हुई है। चौक के ठीक बीचो-बीच गोम्मटेश्वर की वह विशाल खड्गासन मूर्त्ति है, जो अपनी दिव्यता से उस समस्त भूभाग को अलङ्कृत और पवित्र कर रही है।

१ गोम्मटेश्वर—यह नग्न, उत्तर-मुख, खड्गासन मूर्त्ति समस्त संसार की आश्चर्यकारी वस्तुओं में से है। सिर के बाल घुँघराले, कान बड़े और लम्बे, वक्षस्थल चौड़ा, विशाल बाहु नीचे को लटकते हुए और कटि किञ्चित् क्षीण है। मुख पर अपूर्व कान्ति और अगाध शान्ति है। घुटनों से कुछ ऊपर तक बमीठे दिखाये गये हैं जिनसे सर्प निकल रहे हैं। दोनों पैरों और बाहुओं से माधवी लता लिपट रही है तिस पर भी मुख पर अटल ध्यान-मुद्रा विराजमान है। मूर्त्ति क्या है मानो तपस्या का अवतार ही है। दृश्य बड़ा ही भव्य और प्रभावोत्पादक है। सिंहासन एक प्रफुल्ल कमल के आकार का बनाया गया है। इस कमल पर बायें चरण के नीचे तीन फुट चार इञ्च का माप खुदा हुआ है। कहा जाता है कि इसको अठारह से गुणित करने पर मूर्त्ति की ऊँचाई निकलती है। जो हो, पर मूर्त्तिकार ने किसी प्रकार के माप के लिये ही इसे खोदा होगा। निस्सन्देह मूर्त्तिकार ने अपने इस अपूर्व प्रयास में अनुपम सफलता प्राप्त की है। एशिया खण्ड ही नहीं समस्त भूतल का विचरण कर आइये, गोम्मटेश्वर की तुलना करनेवाली मूर्त्ति आपको क्वचित् ही दृष्टिगोचर होगी। बड़े-बड़े पश्चिमीय विद्वानों के मस्तिष्क इस मूर्त्ति की कारीगरी पर चक्कर खा गये हैं। इतने भारी और प्रबल पाषाण पर सिद्धहस्त कारीगर ने जिस कौशल से अपनी छैनी चलाई है उससे भारत के मूर्त्तिकारों का मस्तक सदैव गर्व से ऊँचा उठा रहेगा। यह

सम्भव नहीं जान पड़ता कि ५७ फुट की मूर्त्ति खोद निकालने के योग्य पाषाण कहीं अन्यत्र से लाकर उस ऊँची पहाड़ी पर प्रतिष्ठित किया जा सका होगा। इससे यही ठीक अनुमान होता है कि उसी स्थान पर किसी प्रकृतिप्रदत्त स्तम्भाकार चट्टान को काटकर इस मूर्त्ति का आविष्कार किया गया है। कम से कम एक हज़ार वर्ष से यह प्रतिमा सूर्य, मेघ, वायु आदि प्रकृति-देवी की अमोघ शक्तियों से बातें कर रही है पर अब तक उसमें किसी प्रकार की थोड़ी भी चति नहीं हुई। मानो मूर्त्ति-कार ने उसे आज ही उद्घाटित की हो।

एक पहाड़ी के ऊपर प्रतिष्ठित इतनी भारी मूर्त्ति को मापना भी कोई सरल कार्य नहीं है। इसी से उसकी ऊँचाई के सम्बन्ध में मतभेद है। बुचानन साहब ने उसकी ऊँचाई ७० फुट ३ इञ्च और सर अर्थर वेल्सली ने ६० फुट ३ इञ्च दी है। सन् १८६५ में मैसूर के चीफ कमिश्नर मि० बैरिंग ने मूर्त्ति का ठीक ठीक माप कराकर उसकी ऊँचाई ५७ फुट दर्ज की थी। सन् १८७१ ईस्वी में मस्तकाभिषेक के समय कुछ सर-कारी अफ़सरों ने मूर्त्ति का माप लिया था जिससे निम्न-लिखित माप मिले :—

	फुट इञ्च
चरण से कर्ण के अधोभाग तक	५०—०
कर्ण के अधोभाग से मस्तक तक (लगभग)	६—६

	फुट इञ्च
चरण की लम्बाई	९—०
चरण के अग्रभाग की चौड़ाई	४—६
चरण का अंगुष्ठ	२—९
पादपृष्ठ की ऊपर की गुलाई	६—४
जंघा की अर्ध गुलाई	१०—०
नितम्ब से कर्ण तक	२४—६
पृष्ठ-अस्थि के अधोभाग से कर्ण तक	२०—०
नाभि के नीचे उदर की चौड़ाई	१३—०
कटि की चौड़ाई	१०—०
कटि और टेहुनी से कर्ण तक	१७—०
बाहुमूल से कर्ण तक	७—०
वक्षस्थल की चौड़ाई	२६—०
ग्रीवा के अधोभाग से कर्ण तक	२—६
तर्जनी की लम्बाई	३—६
मध्यमा की लम्बाई	५—३
अनामिका की लम्बाई	४—७
कनिष्ठिका की लम्बाई	२—८

लगभग एक सौ वर्ष पुराने 'सरसजनचिन्तामणि' काव्य के कर्त्ता कविचक्रवर्त्ति शान्तराज पण्डित के बनाये हुए सोलह श्लोक मिले हैं जिनमें गोम्मटेश्वर की मूर्त्ति के माप हस्त और अंगुलों में दिये हैं। अन्तिम श्लोक से पता चलता है कि

मैसूर-नरेश कृष्णराज ओडेयर तृतीय की आज्ञा से कवि ने स्वयं ये माप लिये थे। ये श्लोक नीचे उद्धृत किये जाते हैं।

जयति बेलुगुल-श्री-गोमटेशोस्य मूर्त्तेः
 परिमितमधुनाहं वच्मि सर्वत्र हर्षात्।
स्वसमयजनानां भावनादेशनार्थं
 परसमयजनानामद्भुतार्थं च साक्षात्॥ १॥
पादान्मस्तकमध्यदेशचरमं पादार्ध-युक्ता तु षट्-
 त्रिंशद्धस्तमितोच्छ्रयोस्ति हि यथा श्रीदोर्बलि-स्वामिनः।
पादाद्विंशतिहस्तसन्निभमितिर्नाभ्यन्तमस्त्युच्छ्रयः
 पादार्धान्वितषोडशोच्छ्रयभरा नाभेश्शिरोन्तं तथा॥ २॥
चुबुकन्मूर्ध-पर्यन्तं श्रीमद्बाहुबलीशिनः।
अस्त्यङ्गुलि-त्रयी-युक्त-हस्त-षट्कप्रमोच्छ्रयः॥ ३॥
पादत्रयाधिक्ययुक्त-द्विहस्तप्रमितोच्छ्रयः।
प्रत्येकं कर्णयोरस्ति भगवद्दोर्बलीशिनः॥ ४॥
पश्चाद्भुजबलीशस्य तिर्यग्भागेस्ति कर्णयोः।
अष्ट-हस्त-प्रमोच्छ्रायः प्रमाकृद्भिः प्रकीर्तितः॥ ५॥
सौनन्देः परितः कण्ठं तिर्यगस्ति मनोहरम्।
पाद-त्रयाधिक-दश-हस्त-प्रमित-दीर्घता॥ ६॥
सुनन्दा तनुजस्यास्ति पुरस्तात्कण्ठ-सूच्छ्रयः।
पाद-त्रयाधिक्य-युक्त-हस्त-प्रमिति निश्चितः॥ ७॥
भगवद्गोमटेशस्यांशयोरन्तरमस्य वै।
तिर्यगायतिरस्यैव खलु षोडश-हस्त-मा॥ ८॥

वक्षश्चूचुक-संलक्ष्य रेखाद्वितय-दीर्घता ।
नवाङ्गुलाधिक्ययुक्तचतुर्हस्तप्रमेशितुः ॥ ९ ॥
परितो मध्यमेतस्य परीतत्वेन विस्तृतः ।
अस्ति विंशतिहस्तानां प्रमाणं दोर्बलीशिनः ॥ १० ॥
मध्यमाङ्गुलिपर्यन्तं स्कन्धाद्दीर्घत्वमीशितुः ।
बाहु-युग्मस्य पादाभ्यां युताष्टादशहस्तमा ॥ ११ ॥
मणिबन्धस्यास्य तिर्यक्परीतत्वात्समन्ततः ।
द्विपादाधिक-षड्-हस्त-प्रमाणं परिगण्यते ॥ १२ ॥
हस्ताङ्गुष्ठोच्छ्रयोस्त्यस्यैकाङ्गुष्ठात्पद्द्विहस्त-मा ।
लक्ष्यते गोम्मटेशस्य जगदाश्चर्यकारिणः ॥ १३ ॥
पादाङ्गुष्ठस्यास्य दैर्घ्यं द्विपादाधिकता-युजः ।
चतुष्टयस्य हस्तानां प्रमाणमिति निश्चितम् ॥ १४ ॥
दिव्य-श्रीपाद-दीर्घत्वं भगवद्गोमटेशिनः ।
सैकाङ्गुल-चतुर्हस्त-प्रमाणमिति वर्णितम् ॥ १५ ॥
श्रीमत्कृष्णनृपालकारितमहासंसेक-पूजोत्सवे
शिष्ट्या तस्य कटाक्षरोचिरमृतस्नातेन शान्तेन वै ।
आनीतं कविचक्रवर्त्युरुतर-श्रीशान्तराजेन तद्
वीक्ष्येत्थं परिमाणलक्षणमिहाकारीदमेतद्विभोः ॥ १६ ॥

इसका निम्नलिखित तात्पर्य निकलता है:—

	हस्त अंगुल
चरण से मस्तक तक	३६$\frac{1}{2}$—०
चरण से नाभि तक	२०—०

	हस्त अंगुल
नाभि से मस्तक तक	१६ १/२—०
चिबुक से मस्तक तक	६—३
कर्ण की लम्बाई	२ ३/४—०
एक कर्ण से दूसरे कर्ण तक	८—०
गले की गुलाई	१० ३/४—०
गले की लम्बाई	१ ३—०
एक कन्धे से दूसरे कन्धे तक	१६—०
स्तन-मुख की गोल रेखा	४—०
कटि की गुलाई	२०—०
कन्धे से मध्यमा अंगुली तक	१८—०
कलाई की गुलाई	६ १/२—०
अंगुष्ठ की लम्बाई	२ १/४—०
चरण का अंगुष्ठ	(?)४ १/२—०
चरण की लम्बाई	४—१

ये माप उपर्युक्त मापों से मिलते हैं। केवल चरण के अंगुष्ठ की लम्बाई में त्रुटि ज्ञात होती है।

गोम्मट स्वामी कौन थे और उनकी मूर्त्ति यहाँ किसके द्वारा, किस प्रकार, प्रतिष्ठित की गई इसका कुछ विवरण लेख नं० ८५ (२३४) में पाया जाता है। यह लेख एक छोटा सा कनाड़ी काव्य है जो सन् ११८० ईस्वी के लगभग बोप्पण कवि-द्वारा रचा गया है। इसके अनुसार गोम्मट पुरुदेव अपर

नाम ऋषभदेव प्रथम तीर्थङ्कर के पुत्र थे। इनका नाम बाहुबलि या भुजबलि भी था। इनके ज्येष्ठ भ्राता भरत थे। ऋषभदेव के दीक्षा धारण करने के पश्चात् भरत और बाहुबलि दोनों भ्राताओं में राज्य के लिये युद्ध हुआ जिसमें बाहुबलि की विजय हुई। पर संसार की गति से विरक्त हो उन्होंने राज्य अपने ज्येष्ठ भ्राता भरत को दे दिया और आप तपस्या के हेतु वन को चले गये। थोड़े ही काल में घोर तपस्या कर उन्होंने केवल ज्ञान प्राप्त किया। भरत ने, जो अब चक्रवर्त्ति राजा हो गये थे, पौदनपुर में उनकी शरीराकृति के अनुरूप ५२५ धनुष की प्रतिमा स्थापित कराई। समयानुसार मूर्त्ति के आसपास का प्रदेश कुक्कुट-सर्पों से व्याप्त हो गया जिससे उस मूर्त्ति का नाम कुक्कुटेश्वर पड़ गया। धीरे-धीरे वह मूर्त्ति लुप्त हो गई और उसके दर्शन केवल दीक्षित व्यक्तियों को मंत्रशक्ति से प्राप्य हो गये। चामुण्डराय मंत्री ने इस मूर्त्ति का वर्णन सुना और उन्हें उसके दर्शन करने की अभिलाषा हुई। पर पौदनपुर की यात्रा अशक्य जान उन्होंने उसी के समान स्वयं मूर्त्ति स्थापित कराने का विचार किया और तदनुसार इस मूर्त्ति का निर्माण कराया। इस वार्त्ता के पश्चात् लेख में मूर्त्ति का वर्णन है। यही वर्णन थोड़े-बहुत हेर-फेर के साथ **भुजबलिशतक, भुजबलि-चरित, गोम्मटेश्वर-चरित, राजावलिकथा** और **स्थलपुराण** में भी पाया जाता है। इनमें से पहले काव्य को छोड़ शेष सब कनाड़ी भाषा में हैं। ये सब ग्रंथ १६वीं

शताब्दि से लगाकर १९वीं शताब्दि तक के हैं। भुजबलि-चरित में वर्णन है कि आदिनाथ के दो पुत्र थे: भरत, रानी यशस्वती से और भुजबलि, रानी सुनन्दा से। भुजबलि का विवाह इच्छा देवी से हुआ था और वे पौदनपुर के राजा थे। कुछ मतभेद के कारण दोनों भाइयों में युद्ध हुआ और भरत को पराजय हुई। पर भुजबलि राज्य त्यागकर मुनि हो गये। भरत ने ५२५ मारु* प्रमाण भुजबलि की स्वर्णमूर्त्ति बनवाकर स्थापित कराई। कुक्कुट सर्पों से व्याप्त हो जाने के कारण केवल देव ही इस मूर्त्ति के दर्शन कर पाते थे। एक जैनाचार्य जिनसेन दक्षिण मथुरा को गये और उन्होंने इस मूर्त्ति का वर्णन चामुण्ड-राय की माता कालल देवी को सुनाया। उसे सुनकर मातश्री ने प्रण किया कि जब तक गोम्मट देव के दर्शन न कर लूँगी, दूध नहीं खाऊँगी। जब अपनी पत्नी अजितादेवी के मुख से यह संवाद चामुण्डराय ने सुना तब वे अपनी माता को लेकर पौदनपुर की यात्रा को निकल पड़े। मार्ग में उन्होंने श्रवण-बेल्गोल की चन्द्रगुप्त बस्ती में पार्श्वनाथ भगवान् के दर्शन किये और भद्रबाहु के चरणों की वन्दना की। उसी रात्रि को पद्मावती देवी ने उन्हें स्वप्न दिया कि कुक्कुट सर्पों के कारण पौदनपुर की वन्दना तुम्हारे लिये असम्भव है। पर तुम्हारी

* दोनों बाहुओं को फैलाने से एक हाथ की अंगुली के अग्रभाग से लगाकर दूसरे हाथ की अंगुली के अग्रभाग तक जितना अन्तर होता है उसे 'मारु' कहते हैं।

भक्ति से प्रसन्न होकर गोम्मटेश्वर तुम्हें यहीं बड़ी पहाड़ी (विन्ध्य-गिरि) पर दर्शन देंगे। तुम शुद्ध होकर इस छोटी पहाड़ी (चन्द्रगिरि) पर से एक स्वर्ण बाण छोड़ो, और भगवान् के दर्शन करो। मात श्री को भी ऐसा ही स्वप्न हुआ। दूसरे दिन प्रातःकाल ही चामुण्डराय ने स्नान-पूजन से शुद्ध हो छोटी पहाड़ी की एक शिला पर अवस्थित होकर, दक्षिण दिशा को मुख करके एक स्वर्ण बाण छोड़ा जो बड़ी पहाड़ी के मस्तक पर की शिला में जाकर लगा। बाण के लगते ही गोम्मट स्वामी का मस्तक दृष्टिगोचर हुआ। फिर जैनगुरु ने हीरे की छैनी और मोती के हथौड़े से ज्योंही शिला पर प्रहार किया त्योंही शिला के पाषाण-खण्ड अलग जा गिरे और गोम्मटेश्वर की पूरी प्रतिमा निकल आई। फिर कारीगरों से चामुण्डराय ने दक्षिण बाजू पर ब्रह्मदेव सहित पाताल गम्ब, सन्मुख ब्रह्मदेव-सहित यक्ष-गम्ब, ऊपर का खण्ड, ब्रह्मसहित त्यागद कम्ब, अखण्ड बागिलु नामक दरवाजा और यत्र-तत्र सीढ़ियाँ बनवाईं।

इसके पश्चात् अभिषेक की तैयारी हुई। पर जितना भी दुग्ध चामुण्डराय ने एकत्रित कराया उससे मूर्त्ति की जंघा से नीचे के स्नान नहीं हो सके। चामुण्डराय ने घबराकर गुरु से सलाह ली। उन्होंने आदेश दिया कि जो दुग्ध एक वृद्धा स्त्री अपनी 'गुल्लकायि' में लाई है उससे स्नान कराओ। आश्चर्य कि उस अत्यल्प दुग्ध की धारा गोम्मटेश के मस्तक पर छोड़ते ही समस्त मूर्त्ति के स्नान हो गये और सारी पहाड़ी पर दुग्ध

बह निकला। उस वृद्धा स्त्री का नाम इस समय से 'गुल्लका-यज्जि' पड़ गया। इसके पश्चात् चामुण्डराय ने पहाड़ी के नीचे एक नगर बसाया और मूर्त्ति के लिये ९६ हजार 'वरह' की आय के गाँव (९८ के नाम दिये हुए हैं) लगा दिये। फिर उन्होंने अपने गुरु अजितसेन से इस नगर के लिये कोई उपयुक्त नाम पूछा। गुरु ने कहा 'क्योंकि उस वृद्धा स्त्री के गुल्लकायि के दुग्ध से अभिषेक हुआ है, अतः इस नगर का नाम बेल्गोल ठीक होगा। तदनुसार नगर का नाम बेल्गोल रक्खा गया और उस 'गुल्लकायज्जि' स्त्री की मूर्त्ति भी स्थापित की गई। इस प्रकार इस अभिनव पौदनपुर की स्थापना कर चामुण्डराय ने कीर्त्ति प्राप्त की। इस काव्य के कर्त्ता पञ्च-बाण का नाम शक सं० १५५६ के एक लेख नं० ८४ (२५०) में आता है।

अन्य ग्रन्थों में उपर्युक्त विवरण से जो विशेषताएँ हैं वे संक्षेप में इस प्रकार हैं। दोड्डय कवि-कृत **'भुजबलिशतक'** में कहा गया है कि सिंहनन्दि आचार्य के शिष्य राजमल्ल द्राविड देश में मधुरा के राजा थे। ब्रह्मक्षत्र-शिखामणि चामुण्ड-राय, सिंहनन्दि आचार्य के प्रशिष्य व अजितसेन और नेमि-चन्द्र के शिष्य, उनके मन्त्री थे। राजमल्ल को किसी व्यापारी द्वारा पौदनपुर में कर्केतन-पाषाण-निर्म्मित गोम्मटेश्वर की मूर्त्ति का समाचार मिला। इसे सुनकर चामुण्डराय अपनी माता और गुरु नेमिचन्द्र के साथ राजा की आज्ञा ले, यात्रा को

निकले। जब उन्होंने श्रवणबेल्गोल की छोटी पहाड़ी पर से स्वर्ण बाण चलाये तब बड़ी पहाड़ी पर पौदनपुर के गोम्मटेश्वर भगवान् प्रकट हुए। चामुण्डराय ने भगवान् के हेतु कई ग्रामों का दान दिया। उनकी धर्म-शीलता से प्रसन्न हो राजमल्ल ने उन्हें राय की उपाधि दी। १८ वीं शताब्दि के बने हुए अनन्त कवि-कृत **गोम्मटेश्वरचरित** में यह वार्ता है कि चामुण्डराय के स्वर्ण बाण चलाने से गोम्मट की जो मूर्त्ति प्रकट हुई उसे उन्होंने मूर्त्तिकारों से सुघटित कराकर अभिषिक्त और प्रतिष्ठित कराई। **स्थलपुराण** में समाचार है कि पौदनपुर की यात्रा करते समय चामुण्डराय ने सुना कि बेल्गोल में अठारह धनुष प्रमाण एक गोम्मटेश्वर की मूर्त्ति है। उन्होंने उसकी प्रतिष्ठा कराई और उसे एक लाख छयान्नवे हजार वरह की आय के ग्रामों का दान किया। चामुण्डराय को अपनी अपूर्व सफलता पर जो गर्व हुआ उसे खर्व करने के हेतु पद्मावती देवी गुल्लकायज्जि नामक वृद्धा स्त्री के वेप में अभिषेक के अवसर पर उपस्थित हुई थीं। **राजावलिकथा** के अनुसार गुल्लकायज्जि कूष्माण्डिनि देवी का अवतार थी। इस ग्रंथ में यह भी कहा गया है कि प्राचीन काल में राम, रावण और रावण की रानी मन्दोदरि ने बेल्गोल के गोम्मटेश्वर की वन्दना की थी। सत्रहवीं शताब्दि के चिदानन्दकवि-कृत **मुनिवंशाभ्युदय** काव्य में कथन है कि गोम्मट और पार्श्वनाथ की मूर्त्तियों को राम और सीता लङ्का से लाये थे और उन्हें क्रमशः बड़ी और छोटी

पहाड़ी पर विराजमान कर उनको पूजन-अर्चन किया करते थे। जाते समय वे इन मूर्त्तियों को उठाने में असमर्थ हुए, इसी से वे उन्हें उसी स्थान पर छोड़कर चले गये।

उपर्युल्लिखित प्रमाणों से यह निर्विवादत. सिद्ध होता है कि गोम्मटेश्वर की स्थापना चामुण्डराय द्वारा हुई है। शिलालेख नं० ८५ (२३४), १०५ (२५४), ७६ (१७५) और ७५ (१७६) भी यही बात प्रमाणित करते हैं। शिलालेख नं० ७५, ७६ मूर्त्ति के आस-पास ही खुदे हैं और मूर्त्ति के निर्माण समय के ही प्रतीत होते हैं। चामुण्डराय कौन थे ? भुजबलिशतक आदि ग्रन्थों से विदित होता है कि चामुण्डराय गङ्गनरेश राचमल्ल के मन्त्री थे। शिलालेख नं० १३७ (१४५) से भी यही सिद्ध होता है। राचमल्ल के राज्य की अवधि सन् ६७४ से ६८४ तक बाँधी गई है। अत: गोम्मटेश्वर की स्थापना इसी समय के लगभग होना चाहिये। चामुण्डराय का बनाया हुआ एक चामुण्डराय पुराण मिलता है। इसमें ग्रंथ-समाप्ति का समय शक सं० ६०० (सन् ६७८ ईस्वी) दिया हुआ है। इसमें चामुण्डराय के कृत्यों का वर्णन पाया जाता है पर गोम्मटेश्वर की प्रतिष्ठा का कहीं उल्लेख नहीं है। इससे अनुमान होता है कि उक्त ग्रन्थ की रचना के समय (सन् ६७८ ई०) तक चामुण्डराय को इस महत्कार्य के सम्पादन का सौभाग्य प्राप्त नहीं हुआ था। बाहुबलि-चरित्र में गोम्मटेश्वर की प्रतिष्ठा का समय इस प्रकार दिया है :—

"कल्क्यब्दे षट्शताख्ये विनुतविभवसंवत्सरे मासि चैत्रे
पञ्चम्यां शुक्लपक्षे दिनमणिदिवसे कुम्भलग्ने सुयोगे।
सौभाग्ये मस्तनाम्नि प्रकटित-भगणे सुप्रशस्तां चकार
श्रीमच्चामुण्डराजो बेल्गुलनगरे गोमटेशप्रतिष्ठाम्॥"

अर्थात् कल्कि संवत् ६०० में विभव संवत्सर में चैत्र शुक्ल ५ रविवार को कुम्भलग्न, सौभाग्य योग, मस्त (मृगशिरा) नक्षत्र में चामुण्डराज ने बेल्गुल नगर में गोमटेश की प्रतिष्ठा कराई। विद्याभूषण, काव्यतीर्थ, प्रो० शरच्चन्द्र घोषाल ने इस अनुमान पर कि यह तिथि गङ्गनरेश राचमल्ल के समय में (सन् ९७४ और ९८४ के बीच) ही पड़ना चाहिये, उक्त तिथि को तारीख २ अप्रेल ९८० ईस्वी के बराबर माना है। उनके कथनानुसार इस तारीख को रविवार चैत्र शुक्ल ५ तिथि थी और कुम्भ लग्न भी पड़ा था। हमने इस तारीख का मि० स्वामी कन्नूपिलाई के 'इंडियन एफेमेरिस' से मिलान किया तो २ अप्रेल ९८० ईस्वी को दिन शुक्रवार और तिथि १४ पाये। न जाने प्रोफेसर साहब ने किस आधार पर उस तारीख को रविवार और पञ्चमी तिथि मान लिया है। इसके अतिरिक्त प्रोफेसर साहब की तारीख में एक और भारी त्रुटि है। ऊपर उद्धृत श्लोक में संवत्सर का नाम 'विभव' दिया हुआ है। पर सन् ९८० ईस्वी (शक सं० ९०२) 'विभव' नहीं 'विक्रम' संवत्सर था। इन कारणों से प्रो० घोषाल की निश्चित की हुई तिथि में सन्देह होता है।

उपर्युक्त श्लोक में कल्कि संवत् ६०० में गोमटेश की प्रतिष्ठा होना कहा है। कल्कि कौन था और उसका संवत् कब से चला? हरिवंशपुराण, उत्तरपुराण, त्रिलोकसार और त्रिलोकप्रज्ञप्ति में कल्कि राजा का उल्लेख पाया जाता है। कल्कि का दूसरा नाम चतुर्मुख था। त्रिलोकप्रज्ञप्ति में कल्कि का समय इस प्रकार दिया है :—

णिव्वाणगदे वीरे चउसदइगिसट्ठिवासविच्छेदे।
जादो च सगणरिन्दो रज्जं वस्सस्स दुसय बादाला ॥९३॥
दोण्णि सदा पणवण्णा गुत्ताणं **चउमुहस्स** बादालं।
वस्सं होदि सहस्सं केई एवं परूवंति ॥९४॥

अर्थात्—वीर निर्वाण के ४६१ वर्ष बीतने पर शक राजा हुआ, और इस वंश के राजाओं ने २४२ वर्ष राज्य किया। उनके पश्चात् गुप्तवंशी नरेशों का २५५ वर्ष तक राज्य रहा और फिर चतुर्मुख (कल्कि) ने ४२ वर्ष राज्य किया। कोई-कोई लोग इस तरह (४६१ + २४२ + २५५ + ४२ = १०००) एक हजार वर्ष बतलाते हैं। अन्य ग्रंथों में भी कल्कि का समय महावीर के निर्वाण से १००० वर्ष पश्चात् माना गया है। पर इन ग्रंथों में इस बात पर मत-भेद है कि निर्वाण संवत् से १००० वर्ष पीछे कल्कि का जन्म हुआ या मृत्यु। ऊपर हमने जिस मत का उल्लेख किया है उसके अनुसार १००० वर्ष में कल्कि के राज्य के ४२ वर्ष भी सम्मिलित हैं। अतः इस मत के अनुसार निर्वाण सं० १००० कल्कि की मृत्यु

का है। जिन ग्रन्थों में कल्कि का उल्लेख पाया जाता है उन सबके अनुसार निर्वाण का समय शक सं० से ६०५ वर्ष, विक्रम सं० से ४७० वर्ष व ईस्वी सन् से ५२७ वर्ष पूर्व पड़ता है। अतएव कल्कि-मृत्यु का समय सन् ४७२ ईस्वी आता है।

संवत् बहुधा राजा के राज्य-काल से प्रारम्भ किये जाते हैं। अत: कल्कि संवत् सन् ४७२—४२ = ४३० ईस्वी से प्रारम्भ हुआ होगा। गोम्मटेश की प्रतिष्ठा का समय कल्कि संवत् ६०० कहा गया है जो ऊपर की गणना के अनुसार सन् ईस्वी १०३० के बराबर है। हमने स्वामी कन्नूपिलाई के इण्डियन एफेमेरिस से इस संवत् के लगभग उपर्युक्त तिथि, वार, नक्षत्र आदि का मिलान किया तो २३ मार्च सन् १०२८ को चैत्र सुदि ५ रविवार पाया। इस दिन मृगशिरा नक्षत्र और सौभाग्य योग भी वर्तमान थे, और दक्षिणी गणना के अनुसार यह संवत्सर भी विभव था। इस प्रकार बाहुबलिचरित में दी हुई समस्त बातें इस तिथि में घटित होती हैं, जिससे विश्वास होता है कि गोम्मटेश की प्रतिष्ठा का ठीक समय सन् १०२८, २३ मार्च (शक सं० ९५१) है।*

इस तिथि के विरोध में केवल एक किंवदन्ती का प्रमाण प्रस्तुत किया जा सकता है। वह किंवदन्ती यह है कि गोम-

* उपर्युक्त विवेचन लिखे जाने के पश्चात् हमें मैसूर आर्किलाजिकल रिपोर्ट १९२३ देखने को मिली। इसमें डा० शाम शास्त्री ने विस्तृत रूप से इसी बात को प्रमाणित किया है।

टेश की मूर्त्ति की प्रतिष्ठा राचमल्लनरेश के समय में ही हुई थी और इस नरेश का समय शिलालेखों के आधार पर सन् ९७४ से ९८४ तक निश्चित किया गया है। पर इस किंवदन्ती पर विशेष ज़ोर नहीं दिया जा सकता क्योंकि एक तो इसके लिये कोई शिलालेखों का प्रमाण नहीं है और दूसरे यह कथन केवल भुजबलिशतक में ही पाया जाता है, जिसकी रचना का समय ईसा की सोलहवीं शताब्दि अनुमान किया जाता है। जिन अन्य ग्रन्थों में गोम्मटेश की प्रतिष्ठा का कथन है उनमें यह कहीं नहीं कहा गया कि यह कार्य राचमल्ल के जीते ही हुआ था। सन् ९७८ ईस्वी में रचे जानेवाले चामुण्डराय पुराण से यह निश्चित है ही कि उस समय तक मूर्त्ति की स्थापना नहीं हुई थी, और सन् १०२८ से पहले के किसी शिलालेख में इस प्रतिष्ठा का समाचार नहीं पाया जाता।

एक बात और है जिसके कारण ऊपर निश्चित किया हुआ समय ही गोमटेश की प्रतिष्ठा के लिये ठीक प्रतीत होता है। कहा जाता है कि नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्त्ति चामुण्डराय के गुरु थे और गोमटेश की प्रतिष्ठा के समय उनके साथ थे। द्रव्य-संग्रह नामक ग्रन्थ के टीकाकार ब्रह्मदेव ने ग्रन्थ के मूलकर्त्ता नेमिचन्द्र को धाराधीश भोजदेव के समकालीन कहा है। ऊपर निश्चित किये हुए समय के अनुसार यह कथन अयुक्ति-सङ्गत नहीं कहा जा सकता क्योंकि भोजदेव

का राज्य-काल उस समय विद्यमान था। भोजदेव के सन १०१९, १०२२ और १०४२ ईस्वी के उल्लेख मिले हैं।

कुछ वर्षों के अन्तर से गोम्मटेश्वर का मस्तकाभिषेक होता है, जो बड़ी धूमधाम, बहुत क्रियाकाण्ड और भारी द्रव्य-व्यय के साथ मनाया जाता है। इसे महाभिषेक भी कहते हैं। इस मस्तकाभिषेक का सबसे प्राचीन उल्लेख शक सं० १३२० के लेख नं० १०५ (२५४) में पाया जाता है। इस लेख में कथन है कि पण्डितार्य ने सात बार गोम्मटेश्वर का मस्तकाभिषेक कराया था। पञ्चबाण कवि ने सन १६१२ ईस्वी में शान्त-वर्णि-द्वारा कराये हुए मस्तकाभिषेक का उल्लेख किया है, व अनन्त कवि ने सन् १६७७ में मैसूर नरेश चिक्कदेवराज ओडे-यर के मन्त्री विशालाक्ष पण्डित-द्वारा कराये हुए और शान्त-राज पण्डित ने सन् १८२५ के लगभग मैसूर-नरेश कृष्णराज ओडेयर तृतीय द्वारा कराये हुए मस्तकाभिषेक का उल्लेख किया है। शिलालेख नं० ९८ (२२३) में सन् १८२७ में होने-वाले मस्तकाभिषेक का उल्लेख है। सन् १९०९ में भी मस्तकाभिषेक हुआ था। अभी तक सबसे अन्तिम अभिषेक हाल ही में—मार्च सन् १९२५ में—हुआ है जिसके विषय में 'वीर' पत्र में यह समाचार प्रकाशित हुआ है—" ता० १५-३-२५ को श्रीमान् महाराजा कृष्णराज बहादुर मैसूर अपने दो सालों-सहित पहाड़ पर पधारे और अपनी तरफ से अभिषेक कराया। बन्दोबस्त बहुत अच्छा था। आज लगभग ३०,००० मनुष्य

अभिषेक देख सके जिसमें करीब पाँच हजार विन्ध्यगिरि पर थे और शेष सब चन्द्रगिरि पहाड़ पर इधर-उधर बैठकर दूर से अभिषेक देखते थे। महाराजा ने अभिषेक के लिए पाँच हजार रुप्या प्रदान किये। उन्होंने स्वयं गोम्मटस्वामी की प्रदक्षिणा की, नमस्कार किया तथा द्रव्य से पूजन की व कुछ रुप्ये प्रतिमाजी व भट्टारकजी को भेंट किये व भट्टारकजी को नमस्कार किया। सुबह ९ बजे से दोपहर एक बजे तक इस प्रथम अभिषेक का कार्य अतीव आनन्द व धर्म-प्रभावना के साथ हुआ। इस अभिषेक में जल, दुग्ध, दही, केला, पुष्प, नारियल व चुरमा, घृत, चन्दन, सर्वोषधि, इक्षुरस, लाल चन्दन, बदाम, खारक गुड़, शक्कर, खसखस, फूल, चने की दाल आदि का अभिषेक उपाध्यायों द्वारा मचान पर से हुआ।"

कहा जाता है कि जब होयसल-नरेश विष्णुवर्द्धन जैन-धर्म को छोड़ वैष्णव धर्मावलम्बी हो गया तब रामानुजाचार्य ने गोम्मट की मूर्त्ति को तुड़वा डाला; पर इस कथन में कोई सत्य का अंश प्रतीत नहीं होता क्योंकि मूर्त्ति आज तक सर्वथा अक्षत है।

गोम्मटेश्वर की दो और विशाल मूर्त्तियाँ विद्यमान हैं। ये दोनों दक्षिण कनाड़ा जिले में ही हैं; एक कारकल में और दूसरी एनूर में। कारकल की मूर्त्ति ४१ फुट ५ इञ्च ऊँची है। इसे सन् १४३२ ईस्वी में जैनाचार्य ललितकीर्त्ति के उपदेश से वीर पाण्ड्य ने प्रतिष्ठित कराई थी। एनूर की मूर्त्ति ३५ फुट ऊँची है और सन् १६०४ में चारुकीर्त्ति पण्डित के

उपदेश से चामुण्डवंशीय 'तिम्मराज' द्वारा प्रतिष्ठित की गई थीं। इन तीनों मूर्त्तियों की बनावट प्राय: एक सी ही है। वमीठे, सर्प और लताएँ तीनों में एक से ही दिखाये गये हैं।

विन्ध्यगिरि के गोम्मटेश्वर की दोनों बाजुओं पर यक्ष और यक्षिणी की मूर्त्तियाँ हैं, जिनके एक हाथ में चौरी और दूसरे में कोई फल है। मूर्त्ति के बायीं ओर एक गोल पाषाण का पात्र है जिसका नाम 'ललितसरोवर' खुदा हुआ है। मूर्त्ति के अभिषेक का जल इसी में एकत्र होता है। इस पाषाण-पात्र के भर जाने पर अभिषेक का जल एक प्रणाली-द्वारा मूर्त्ति के सम्मुख एक कुएँ में पहुँच जाता है और वहाँ से वह मन्दिर की सरहद के बाहर एक कन्दरा में पहुँचा दिया जाता है। इस कन्दरा का नाम 'गुल्लकायज्जि बागिलु' है। मूर्त्ति के सम्मुख का मण्डप नव सुन्दर खचित छतों से सजा हुआ है। आठ छतों पर अष्ट दिक्पालों की मूर्त्तियाँ हैं और बीच की नवमी छत पर गोम्मटेश के अभिषेक के लिये हाथ में कलश लिये हुए इन्द्र की मूर्त्ति है। ये छत बड़ी कारीगरी के बने हुए हैं। मध्य की छत पर खुदे हुए शिलालेख (नं० ३५१) से अनुमान होता है कि यह मण्डप बलदेव मन्त्री ने १२ वीं शताब्दि के प्रारम्भ में किसी समय निर्माण कराया था। शिलालेख नं० ११५ (२६७) से विदित होता है कि सेनापति भरतमय्य ने इस मण्डप का कठघरा (हप्पलिगे) निर्माण कराया था। शिलालेख नं० ७८ (१८२) में कथन है कि नयकीर्त्तिसिद्धान्त-

चक्रवर्त्ति के शिष्य वसविसेट्टि ने कठघरे की दीवाल और चौबीस तीर्थकरों की प्रतिमाएँ निर्माण कराई थीं और उसके पुत्रों ने उन प्रतिमाओं के सम्मुख जालीदार खिड़कियाँ बनवाईं। शिला-लेख नं० १०३ (२२८) से ज्ञात होता है कि चङ्गाल्व-नरेश महादेव के प्रधान सचिव केशवनाथ के पुत्र चन्न बोम्मरस और नञ्जरायपट्टन के श्रावकों ने गोम्मटेश्वरमण्डप के ऊपर के खण्ड (बल्लिवाड) का जीर्णोद्धार कराया।

परकोटा—गोम्मटेश्वर की दोनों बाजुओं पर खुदे हुए शिलालेख नं० ७५ (१८०) व ७६ (१७७) से विदित होता है कि गोम्मटेश्वर का परकोटा गङ्गराज ने निर्माण कराया था। यही बात लेख नं० ४५ (१२५), ५९ (७३), ९० (२४०) व ४८६ से भी सिद्ध होती है। गङ्गराज होय्सल नरेश विष्णु-वर्द्धन के सेनापति थे। उपर्युक्त शिलालेख शक सं० १०४० व उसके पश्चात् के हैं इसके पहले के शिलालेखों में पर-कोटे का उल्लेख नहीं है। इससे सिद्ध होता है कि शक सं० १०३९ के लगभग ही इसका निर्माण हुआ है।

परकोटे के भीतर मण्डपों में इधर-उधर कुल ४३ जिन-मूर्त्तियाँ प्रतिष्ठित हैं, जो इस प्रकार हैं—

ऋषभ	१	सुमति	१	शीतल	२	अनन्त	१
अजित	२	सुपार्श्व	१	श्रेयांस	१	धर्म	१
संभव	२	चन्द्रप्रभ	३	वासुपूज्य	१	शान्ति	३
अभिनन्दन	२	पुष्पदन्त	२	विमल	२	कुन्थ	१

अर	१	मुनिसुव्रत	२	नेमि	२	वर्द्धमान	१
मल्लि	२	नमि	१	पार्श्व	४	बाहुबलि	१
		कुष्माण्डिनि	२			१ (अज्ञात)	

अधिकांश मूर्त्तियाँ ४ फुट ऊँची हैं। पाँच-छः मूर्त्तियाँ पाँच फुट, एक छः फुट व दो-तीन मूर्त्तियाँ तीन साढ़े-तीन फुट की हैं। एक चन्द्रप्रभ की व अन्तिम अज्ञात मूर्त्ति को छोड़कर शेष जिन मूर्त्तियों पर लेख हैं वे सब नयकीर्त्ति सिद्धान्तदेव और उनके शिष्य बालचन्द्र अध्यात्मि के समय की सिद्ध होती हैं। लेख नं० ७८ (१८२) व ३२७ (१९७) से ज्ञात होता है कि नयकीर्त्ति के शिष्य बसविसेट्टि ने यहाँ चतुर्विंशति तीर्थंकरों की प्रतिष्ठा कराई थी। पर केवल तीन मूर्त्तियों पर बसविसेट्टि का नाम पाया जाता है (लेख नं० ३१७, ३१८, ३२७)। उपर्युक्त मूर्त्तियों में पद्मप्रभ तीर्थंकर की कोई मूर्त्ति नहीं है। चन्द्रप्रभ की एक मूर्त्ति पर मारवाड़ी में लेख है कि उसे (विक्रम) संवत् १६३५ में सेनवीरमतजी व अन्य सज्जनों ने प्रतिष्ठित कराई थी (३३१)। अज्ञात मूर्त्ति डेढ़ फुट की है। इस पर मारवाड़ी में लेख है कि उसे (विक्रम) संवत् १५४८ में अगुशार्जा जगद......ने प्रतिष्ठित कराई (३३२)।

परकोटे के द्वारे पर दोनों बाजुओं पर छः छः फुट ऊँचे द्वारपालक हैं। परकोटे के बाहर गोम्मटदेव के ठीक सन्मुख लगभग छः फुट की ऊँचाई पर ब्रह्मदेवस्तम्भ है। इसमें ब्रह्मदेव की पद्मासन मूर्त्ति है। ऊपर गुम्मट है। स्तम्भ के नीचे कोई

पाँच फुट ऊँची 'गुल्लकायज्जि' की मूर्त्ति है, जिसके हाथ में 'गुल्लकायि' है। जन-श्रुति के अनुसार यह स्तम्भ और गुल्लकायज्जि की मूर्त्ति दोनों स्वयं चामुण्डराय ने प्रतिष्ठित कराये थे।

२ सिद्धर बस्ति—यह एक छोटा सा मन्दिर है जिसमें तीन फुट ऊँची सिद्ध भगवान् की मूर्त्ति विराजमान है। मूर्त्ति के दोनों ओर लगभग छः-छः फुट ऊँचे खचित स्तम्भ हैं। ये स्तम्भ महानवमी मण्डप के स्तम्भ के समान ही उच्च कारीगरी के बने हुए हैं। दायीं बाजू के स्तम्भ पर अर्हद्दास कवि का रचा हुआ पण्डितार्य की प्रशस्तिवाला बड़ा भारी सुन्दर लेख है [१०५ (२५४)] जिसके अनुसार पण्डितार्य की मृत्यु शक संवत् १३२० में हुई थी। इस स्तम्भ मे पीठिका पर विराजमान, शिष्य को उपदेश देते हुए, एक आचार्य का चित्र है। शिष्य सन्मुख बैठा है। दूसरे चित्र में जिनमूर्त्ति है। बायीं बाजू के स्तम्भ पर मङ्गराज कवि का रचा हुआ सुन्दर लेख है [१०८ (२५८)] जिसमें शक सं० १३५५ मे श्रुतमुनि के स्वर्गवास का उल्लेख है।

३ अखण्ड बागिलु—यह एक दरवाजे का नाम है। यह नाम इसलिये पड़ा क्योंकि यह पूरा दरवाजा एक अखण्ड शिला को काटकर बनाया गया है। दरवाजे का ऊपरी भाग बहुत ही सुन्दर खचित है। इसमें लक्ष्मी की पद्मासन मूर्त्ति खुदी है जिसको दोनों ओर से दो हाथी स्नान करा रहे हैं। जन-श्रुति के अनुसार यह द्वार भी चामुण्डराय ने निर्माण

कराया था। दरवाजे के दोनों ओर दायें-बायें क्रमशः बाहुबलि और भरत की मूर्त्तियाँ हैं। इन पर जो लेख हैं (३६८-३६९) उनसे विदित होता है कि ये गण्डविमुक्त सिद्धान्तदेव के शिष्य दण्डनायक भरतेश्वर द्वारा प्रतिष्ठित की गई हैं। इनका समय शक सं० १०५२ के लगभग प्रतीत होता है। इन मूर्तियों की प्रतिष्ठा का उल्लेख शिलालेख नं० ११५ (२६७) में भी आया है जिसके अनुसार ये मूर्त्तियाँ दरवाजे की शोभा बढ़ाने के लिये स्थापित की गई हैं। इस लेख के अनुसार इस दरवाजे की सीढ़ियाँ भी उक्त दण्डनायक ने ही निर्माण कराई हैं।

४ **सिद्धरगुण्डु**—अखण्ड दरवाजे की दाहिनी ओर एक बृहत् शिला है जिसे 'सिद्धर गुण्डु' (सिद्ध-शिला) कहते हैं। इस शिला पर अनेक लेख हैं। ऊपरी भाग की कई सतरों में जैनाचार्यों के चित्र हैं। कुछ चित्रों के नीचे नाम भी अङ्कित हैं।

५ **गुल्लकायज्जिबागिलु**—यह एक दूसरे दरवाजे का नाम है। इस दरवाजे की दाहिनी ओर एक शिला पर एक बैठी हुई स्त्री का चित्र खुदा है। यह लगभग एक फुट का है। इसे लोगों ने गुल्लकायज्जि का चित्र समझ लिया है। इसी से उक्त दरवाजे का नाम गुल्लकायज्जिबागिलु पड़ गया। पर चित्र के नीचे जो लेख (४१८) पाया गया है उससे विदित होता है कि वह एक मल्लिसेट्टि की पुत्री का चित्र है। गुल्ल-कायि की मूर्त्ति का वर्णन ऊपर कर ही चुके हैं।

६ **त्यागद ब्रह्मदेव स्तम्भ**—यह चागद कंब (त्याग-स्तम्भ) भी कहलाता है क्योंकि कहा जाता है कि यहाँ दान दिया जाता था। इस स्तम्भ की कारीगरी प्रशंसनीय है। कहा जाता है कि यह स्तम्भ अधर है, उसके नीचे से रूमाल निकाला जा सकता है। यह भी चामुण्डराय-द्वारा स्थापित कहा जाता है और स्तम्भ पर खुदे हुए लेख नं० १०६ (२८१) से भी यही बात प्रमाणित होती है। इस लेख में चामुण्डराय के प्रताप का वर्णन है। दुर्भाग्यवश यह लेख हमें पूरा प्राप्त नहीं हो सका। ज्ञात होता है कि हेग्गडे कण्न ने अपना छोटा सा लेख [नं० ११० (२८२)] लिखाने के लिये चामुण्डराय का लेख घिसवा डाला। यदि यह लेख पूरा मिल जाता तो सम्भवतः उससे गोम्मटेश्वर की स्थापनादि का समय भी ज्ञात हो जाता। स्तम्भ की पीठिका की दक्षिण बाजू पर दो मूर्त्तियाँ खुदी हुई हैं। एक मूर्त्ति, जिसके दोनों ओर चवरवाही खड़े हुए हैं, चामुण्डराय की और उसके साम्हनेवाली उनके गुरु नेमिचन्द्र की कही जाती हैं।

७ **चेन्नण्ण बस्ति**—यह बस्ति त्यागद ब्रह्मदेव स्तम्भ से पश्चिम की ओर थोड़ी दूर पर है। इसमें चन्द्रनाथ स्वामी की २½ फुट ऊँची मूर्त्ति है। साम्हने मानस्तम्भ है। लेख नं० ४८० (३९०) से अनुमान होता है कि इसे चेन्नण्ण ने शक सं० १५९६ के लगभग निर्माण कराया था। बरामदे में दो स्तम्भों पर क्रमशः एक पुरुष और एक स्त्री की मूर्त्ति खुदी हुई

है। सम्भव है कि ये मूर्तियाँ चेन्नण्ण और उनकी धर्मपत्नी की हों। बस्ति से ईशान की ओर दो दोणे (कुण्डों) के बीच एक मण्डप बना हुआ है। उपर्युक्त लेख में सम्भवत: इसी मण्डप का उल्लेख है।

८ ओदेगल बस्ति—इसे त्रिकूट बस्ति भी कहते हैं क्योंकि इसमें तीन गर्भगृह हैं। चन्द्रगिरि पर्वत की शान्तीश्वर बस्ति के समान यह बस्ति भी ख़ूब ऊँची सतह पर बनी हुई है। सीढ़ियों पर से जाना पड़ता है। भीतों की मजबूती के लिये इसमें पाषाण के आधार (ओदेगल) लगे हुए हैं, इसी से इसे ओदेगल बस्ती कहते हैं। बीच की गुफा में आदिनाथ की और दायीं बाईं गुफाओं में क्रमश: शान्तिनाथ और नेमिनाथ की पद्मासन मूर्तियाँ हैं। बस्ती के पश्चिम की ओर की चट्टान पर सत्ताइस लेख नागरी अक्षरों में हैं जिनमें अधिकतर तीर्थ-यात्रियों के नाम अङ्कित हैं (नं० ३७८–४०४)।

९ चौबीस तीर्थंकर बस्ति—यह एक छोटा सा देवालय है। इसमे एक अढाई फुट ऊँचे पाषाण पर चौबीस तीर्थंकरों की मूर्त्तियाँ उत्कीर्ण हैं। नीचे एक कतार में तीन बड़ी मूर्त्तियाँ खुदी हुई हैं जिनके ऊपर प्रभावली के आकार में इक्कीस अन्य छोटी-छोटी मूर्त्तियाँ हैं। इस बस्ति के लेख नं० ११८ (३१३) से ज्ञात होता है कि इस चौबीस तीर्थंकर मूर्त्ति की स्थापना चारुकीर्त्ति पण्डित, धर्मचन्द्र आदि ने शक सं० १५७० में की थी।

१० ब्रह्मदेव मन्दिर—यह छोटा सा देवालय विन्ध्यगिरि के नीचे सीढ़ियों के समीप ही है। इसमें सिन्दूर से रँगा हुआ एक पाषाण है जिसे लोग ब्रह्म या 'जारुगुप्पे अप्प' कहते हैं। मन्दिर के पीछे चट्टान पर के लेख नं० १२१ (३२१) से ज्ञात होता है कि इसे हिरिसालि के गिरिगौड के कनिष्ठ भ्राता रङ्गय्य ने सम्भवत: शक सं० १६०० में निर्माण कराया था। मन्दिर के ऊपर दूसरी मंजिल भी है जो पीछे से निर्माण कराई गई विदित होती है। इसमें पार्श्वनाथ की मूर्त्ति है।

श्रवणबेल्गोल नगर

ऊपर कहा जा चुका है कि श्रवणबेल्गोल चन्द्रगिरि और विन्ध्यगिरि के बीच बसा हुआ है। यहाँ के प्राचीन स्मारक इस प्रकार हैं:—

१ भण्डारि बस्ति—यह श्रवण बेल्गोल का सबसे बड़ा मन्दिर है। इसकी लम्बाई-चौड़ाई २६६ × ७८ फुट है। इसमें एक गर्भगृह, एक सुखनासि, एक मुखमण्डप और प्राकार हैं। गर्भगृह में एक सुन्दर चित्रमय वेदी पर चौबीस तीर्थकरों की तीन २ फुट ऊँची मूर्त्तियाँ हैं। इसी से इसे चौबीस तीर्थकरबस्ति भी कहते हैं। गर्भगृह में तीन दरवाजे हैं जिनकी आजू-बाजू जालियाँ बनी हुई हैं। सुखनासि में पद्मावती और ब्रह्म की मूर्त्तियाँ हैं। नवरङ्ग के चार स्तम्भों के बीच

जमीन पर एक दस फुट का चौकोर पत्थर बिछा हुआ है। आगे के भाग और बरामदे में भी इतने इतने बड़े पत्थर लगे हुए हैं। ये भारी-भारी पाषाण यहाँ कैसे लाये गये होंगे, यह भी आश्चर्यजनक है। नवरङ्गद्वार की चित्रकारी बड़ी ही मनोहर है। इसमे लताएँ व मनुष्य और पशुओं के चित्र खुदे हुए हैं। मुख्य भवन के चारों ओर बरामदा और पाषाण का चार फुट ऊँचा कठघरा है। बस्ति के सन्मुख एक पाषाण-निर्मित सुन्दर मानस्तम्भ है। होयसल नरेश नरसिंह (प्रथम) के भण्डारि हुल्ल द्वारा निर्माण कराये जाने के कारण यह भण्डारि बस्ति कहलाती है। लेख नं० १३७ (३४५) और १३८ (३४९) से ज्ञात होता है कि यह शक सं० १०८१ में निर्माण कराई गई थी व नरसिंह नरेश ने इसे भव्य-चूडामणि नाम देकर इसकी रक्षा के हेतु सवणेरु ग्राम का दान दिया था। उक्त लेखों में हुल्ल और उनके बस्ति-निर्माण का सुन्दर वर्णन है।

२ **अक्कन बस्ति**—नगर भर मे यही बस्ति होयसल-शिल्पकला का एकमात्र नमूना है। इस सुन्दर भवन में गर्भगृह, सुखनासि, नवरङ्ग और मुखमण्डप हैं। गर्भगृह में सप्तफणी पार्श्वनाथ की पांच फुट ऊँची भव्य मूर्त्ति है। गर्भगृह के दरवाजे पर बड़ा अच्छा खुदाई का काम है। सुख-नासि में एक दूसरे के सन्मुख साढ़े तीन फुट ऊँची पञ्चफणी धरणेन्द्र यक्ष और पद्मावती यक्षिणी की मूर्त्तियाँ हैं। दरवाजे के आसपास जालियाँ हैं। नवरङ्ग के चार काले पाषाण के

बने हुए आइने के सदृश चमकीले स्तम्भ और कुशल कारीगरी के बने हुए नवछत बड़े ही सुन्दर हैं। मंदिर की गुम्मट अनेक प्रकार की जिन-मूर्त्तियों से चित्रित है, शिखर पर सिंहललाट है। दक्षिण की दीवाल सीधी न होने के कारण उसमें पत्थर के आधार लगाये गये हैं। द्वार के पास के लेख (नं० २४ (३२७) से ज्ञात होता है कि यह बस्ति होय्सल नरेश बल्लाल (द्वितीय) के ब्राह्मण मंत्री चन्द्रमौलि की जैन धर्मावलम्बिनी भार्या आचियक्क ने शक सं० ११०२ में निर्माण कराई थी व राजा ने उसकी रक्षा के निमित्त बम्मेयनहल्लि नामक ग्राम का दान दिया था। 'अक्कन' आचियक्कन का ही संक्षिप्त रूप है इसी से इसे अक्कन बस्ति कहते हैं। यही बात लेख नं० ४२६ (३३१) व ४५४ से भी सिद्ध होती है।

३ सिद्धान्त बस्ति—यह बस्ति अक्कन बस्ति के पश्चिम की ओर है। किसी समय जैन सिद्धान्त के समस्त ग्रंथ इसी बस्ति के एक बन्द कमरे में रक्खे जाते थे। इसी से इसका नाम सिद्धान्त बस्ति पड़ा। कहा जाता है कि धवल, जयधवल आदि अत्यन्त दुर्लभ ग्रंथ यहीं से मूडविद्री गये हैं। इसमें एक पाषाण पर चतुर्विंशति तीर्थंकरों की प्रतिमायें हैं। बीच में पार्श्वनाथ भगवान् की प्रतिमा है और उनके आसपास शेष तीर्थंकरों की। यहां के लेख नं० ४२७ (३३२) से ज्ञात होता है कि यह चतुर्विंशति मूर्त्ति उत्तर भारत के किसी यात्री ने शक सं० १६२० के लगभग प्रतिष्ठित कराई थी।

४ दानशाले बस्ति—यह छोटा सा देवालय अक्कन बस्ति के द्वार के पास ही है। इसमें एक तीन फुट ऊँचे पाषाण पर पञ्चपरमेष्ठी की प्रतिमायें हैं। चिदानन्द कवि के मुनिवंशाभ्युदय (शक सं० १६०२) के अनुसार मैसूर के चिक्क देवराज ओडेयर ने अपने पूर्ववर्ती नृप दोड्ड देवराज ओडेयर के समय में (सन् १६५९ - १६७२ ईस्वी) बेल्गोल की यात्रा की, दानशाला के दर्शन किये और राजा से उसके लिये मदनेय ग्राम का दान करवाया। यहाँ पहले दान दिया जाता रहा होगा इसी से इस बस्ति का यह नाम पड़ा।

५ नगर जिनालय--इस भवन में गर्भगृह, सुखनासि और नवरङ्ग हैं। इसमे आदिनाथ की प्रभावली संयुक्त अढ़ाई फुट ऊँची मूर्त्ति है। नवरङ्ग की बाईं ओर एक गुफा में दो फुट ऊँची ब्रह्मदेव की मूर्त्ति है जिसके दायें हाथ में कोई फल और बायें हाथ में कोड़े के आकार की कोई चीज है। पैरों में खड़ाऊँ हैं। पीठिका पर घोड़े का चिह्न बना हुआ है। यहाँ के लेख नं० १३० (३३५) से ज्ञात होता है कि इस मन्दिर को होय्सल नरेश बल्लाल (द्वितीय) के 'पट्टणस्वामी' व नयकीर्त्ति सिद्धान्त चक्रवर्ति के शिष्य नागदेव मंत्री ने शक सं० १११८ में निर्माण कराया था। नगर के महाजनों-द्वारा ही इसकी रक्षा होती थी इसी से इसका नाम नगर जिनालय पड़ा। 'श्रीनिलय' भी इस मंदिर का नाम रहा है। उक्त लेख में नागदेव मंत्री द्वारा कमठपार्श्वनाथबसदि के सन्मुख 'नृत्य

रङ्ग' और अश्मकुट्टिम (पाषाणभूमि) व अपने गुरु नय-कीर्ति देव की निषद्या निर्माण कराये जाने का भी उल्लेख है। लेख नं० १२२ (३२६) के अनुसार उन्होंने नयकीर्त्ति के नाम से ही नागसमुद्र नामक सरोवर भी बनवाया। यह सरोवर अब 'जिगणकट्टे' कहलाता है। पर लेख नं० १०८ (२५८) में कहा गया है कि पण्डित यति के तप के प्रभाव से ही नगर जिनालय (नगर जिनास्पद) की सृष्टि हुई।

६ मङ्गायि बस्ति—इसमें एक गर्भगृह, सुखनासि और नवरङ्ग है। इसमें एक साढ़े चार फुट ऊँची शान्तिनाथ की मूर्त्ति विराजमान है। सुखनासि के द्वार पर आजू-बाजू पाँच फुट ऊँची चवरवाहियों की मूर्त्तियाँ हैं। नवरङ्ग में वर्द्धमान स्वामी की मूर्त्ति है जिस पर लेख है, ४२९ (३३८)। मन्दिर के सन्मुख सुन्दरता से खचित दो हस्ती हैं। लेख नं० १३२ (३४१) व ४३० (३३९) से ज्ञात होता है कि यह बस्ति अभिनव चारुकीर्ति पण्डिताचार्य के शिष्य बेलोल के मङ्गायि ने बनवाई थी। उक्त लेखों में इसे त्रिभुवनचूड़ामणि कहा है। ये लेख शक की तेरहवीं शताब्दि के ज्ञात होते हैं। शान्तिनाथमूर्त्ति की पीठिका पर के लेख से विदित होता है कि वह मूर्त्ति पण्डिताचार्य की शिष्या व देवराय महाराज की रानी भीमादेवी ने प्रतिष्ठित कराई थी [लेख नं० ४२८ (३३७)]। ये देवराय सम्भवतः विजयनगर के राजा देवराज प्रथम हैं जिनका राज्य सन् १४०६ से १४१६ तक रहा था।

उक्त महावीर स्वामी की पीठिका पर के लेख से सिद्ध होता है कि उनकी प्रतिष्ठा पण्डितदेव की शिष्या वसतायि ने कराई थी। इसका भी उक्त समय ही अनुमान होता है। इसी मंदिर के एक लेख [नं० १३४ (३४२)] से विदित होता है कि इसकी मरम्मत सम्भवत: शक सं० १३३४ में गेरसोप्पे के हिरिय अय्य के शिष्य गुम्मटण्ण ने कराई थी।

७ **जैनमठ**—यह यहाँ के गुरु का निवास-स्थान है। इमारत बहुत सुन्दर है, बीच में खुला हुआ आँगन है। हाल ही मे दूसरी मञ्जिल भी बन गई है। मण्डप के खम्भे अच्छी कारीगरी के बने हुए हैं। उन पर खूब चित्रकारी है। यहाँ के तीन गर्भगृहों में अनेक पाषाण और धातु की मूर्त्तियाँ हैं। इनमें की अनेक मूर्त्तियाँ बहुत अर्वाचीन हैं। इन पर संस्कृत व तामिल भाषा मे ग्रँथ अक्षरों के लेख हैं जिनसे ज्ञात होता है कि वे अधिकांश मद्रास प्रान्तीय धर्मिष्ठ भाइयों ने प्रदान की हैं। नवदेवता बिम्ब में पञ्चपरमेष्ठी के अतिरिक्त जिनधर्म, जिनागम, चैत्य और चैत्यालय भी चित्रित हैं। मठ की दीवालों पर तीर्थंकरों व जैन राजाओं के जीवन की घटनाओं के अनेक रङ्गीन चित्र हैं। इनमें मैसूर-नरेश कृष्णराज ओडेयर तृतीय के 'दसर दरबार' का भी चित्र है। पार्श्वनाथ के समवसरण व भरत चक्रवर्त्ति के जीवन के चित्र भी दर्शनीय हैं। चार चित्र नागकुमार की जीवन-घटनाओं के हैं। एक वन के दृश्य में षड्लेश्याओं के पुरुषों के चरित्र बड़ी उत्तम रीति

से चित्रित किये गये हैं। ऊपर की मञ्जिल में पार्श्वनाथ की मूर्त्ति है और एक काले पाषाण पर चतुर्विंशति तीर्थंकर खचित हैं।

कहा जाता है कि चामुण्डराय ने गोम्मटेश्वर की मूर्त्ति निर्माण कराकर अपने गुरु नेमिचन्द्र को यहाँ का मठाधीश नियुक्त किया। यह भी कहा जाता है कि इससे पहले भी यहाँ गुरु-परम्परा चली आती थी। लेख नं० १०५ (२५४) व १०८ (२५८) में उल्लेख है कि यहाँ के एक गुरु चारु-कीर्त्ति पण्डित ने होय्सल नरेश बल्लाल प्रथम (सन् ११००-११०६) को एक बड़ा दुस्साध्य व्याधि से मुक्त किया था जिससे उन्हें बल्लालजीवरक्षक की उपाधि मिली थी।

८ **कल्याणि**—यह नगर के बीच के एक छोटे से सरोवर का नाम है। इसके चारों ओर सीढ़ियाँ और दीवाल हैं। दीवाल के दरवाजे शिखरबद्ध हैं। उत्तर की ओर एक सभा-मण्डप है जिसके एक स्तम्भ पर लेख है (४४४ (३६५) कि यह सरोवर चिक्कदेव राजेन्द्र ने बनवाया। मैसूर के चिक्क-देवराजेन्द्र ने सन् १६७२ से १७०४ तक राज्य किया है। अनन्त कवि-कृत गोम्मटेश्वरचरित (शक सं० १७००) में उल्लेख है कि चिक्कदेवराज ने अपने टकसाल के अध्यक्ष अण्णय्य की प्रार्थना से 'कल्याणि' निर्माण कराया। पर सरोवर के पूरे होने से प्रथम ही राजा की मृत्यु हो गई, तब अण्णय्य ने उसे चिक्कदेवराज के पौत्र कृष्णराज ओडेयर

प्रथम (सन् १७१३–१७३१) के समय में शिखर, सभामण्डप आदि बनवाकर पूर्ण कराया। सम्भवतः यही बड़ा पुराना सरोवर रहा है जिस पर से इस नगर का नाम बेल्गुल (धवल सरोवर) पड़ा। उक्त पुरुषों ने सम्भवतः इसका जीर्णोद्धार कराया होगा। यह भी हो सकता है कि इस स्थान को नाम देनेवाला धवल सरोवर कोई अन्य ही रहा हो।

९ **जक्किकट्टे**—यह भण्डारि बस्ति के दक्षिण में एक छोटा सा सरोवर है। इसके पास की दो चट्टानों पर जैन प्रतिमाओं के नीचे के दो लेखों नं० ४४६ (३६७) और ४४७ (३६८) से ज्ञात होता है कि बोप्पदेव की माता, गङ्गराज के ज्येष्ठ भ्राता की भार्या, शुभचन्द्र सिद्धान्तदेव की शिष्या जक्किकमब्बे ने ये जिनमूर्त्तियाँ और सरोवर निर्माण कराये। लेख नं० ४३ (११७) व अन्य लेखों से सिद्ध है कि गङ्गराज होय्सल नरेश विष्णुवर्द्धन के सेनापति थे और शक सं० १०४५ में जीवित थे। इस लेख में जक्किकमब्बे की भी प्रशस्ति है। मारोहल्लि के एक लेख नं० ४८९ (४००) से ज्ञात होता है कि इसी धर्मपरायणा साध्वी महिला ने वहाँ भी एक बस्ति निर्माण कराई थी।

१० **चेन्नण्ण का कुण्ड**—नगर से दक्षिण की ओर कुछ दूरी पर यह कुण्ड है। इसका निर्माता वही चेन्नण्ण बस्ति का निर्माता चेन्नण्ण है। चेन्नण्ण की कृतियों का उल्लेख लेख नं० १२३ तथा ४४८-४५२ व ४६३–४६५ में है।

नं० ४८० (३६०) से इस कुण्ड का समय शक सं० १५६५ के लगभग प्रतीत होता है।

श्रवणबेल्गोल के आसपास के ग्राम

जिननाथ पुर—यह श्रवणबेल्गोल से एक मील उत्तर की ओर है। लेख नं० ४७८ (३८८) के अनुसार इसे होय्सल-नरेश विष्णुवर्द्धन के सेनापति गङ्गराज ने शक सं० १०४० के लगभग बसाया था।

शान्तिनाथ बस्ति

यहाँ की शान्तिनाथ बस्ति होय्सल शिल्पकारी का बहुत सुन्दर नमूना है। इसमें एक गर्भगृह, सुखनासि और नवरङ्ग हैं। शान्तिनाथ की साढ़े पाँच फुट ऊँची मूर्त्ति बड़ी भव्य और दर्शनीय है। वह प्रभावली और दोनों ओर चवरवाहियों से सुसज्जित है। नवरङ्ग के चार स्तम्भ अच्छी मूँगे की कारीगरी के बने हुए हैं। इसके नवछत भी बड़े सुन्दर हैं। आमने-सामने दो सुन्दर आले बने हुए हैं जो अब खाली हैं। बाहिरी दीवालों पर अनेक चित्रपट हैं। कई चित्र अधूरे ही रह गये हैं। इनमें तीर्थंकर, यक्ष, यक्षिणी, ब्रह्म, सरस्वती, मन्मथ, मोहिनी, नृत्यकारिणी, गायक, वादित्रवाही आदि के चित्र हैं। नारी-चित्रों की संख्या चालीस है।

यह बस्ति मैसूर राज्य भर के जैन मंदिरों में सबसे अधिक आभूषित है। शान्तिनाथ की पीठिका के लेख नं० ४७९

(३८०) से ज्ञात होता है कि इस बस्ति को 'वसुधैकबान्धव रेचिमय्य' सेनापति ने बनवाकर सागरनन्दि सिद्धान्तदेव के अधिकार में दे दी थी। एक लेख (ए० क० अर्मीकेरे ७७ सन् १२२०) मे उल्लेख है कि उक्त सेनापति कलचुरि-नरेश के मंत्री थे, पश्चात् उन्होंने होयसल नरेश बल्लाल (द्वितीय) (सन् ११७३-१२२०) की शरण ली। इससे शान्तिनाथ बस्ति के निर्माण का समय लगभग शक सं० ११२० सिद्ध होता है। नवरङ्ग के एक स्तम्भ पर के लेख नं० ४७० (३८६) से विदित होता है कि इस बस्ति का जीर्णोद्धार पालेद पदुमन्न ने शक सं० १५५३ में कराया था।

अरेगल बस्ति

ग्राम के पूर्व मे अरेगल बस्ति नाम का एक दूसरा मंदिर है। यह शान्तिनाथ बस्ति से भी पुराना है। इसमें पार्श्वनाथ भगवान् की सप्तफणी, प्रभावली संयुक्त पाँच फुट ऊँची पद्मासन मूर्त्ति है। सुखनासि मे धरणेन्द्र और पद्मावती के सुन्दर चित्र हैं। मन्दिर में सफाई अच्छी रहती है। एक चट्टान (अरेगल) के ऊपर निर्मित होने से ही यह मन्दिर अरेगल बस्ति कहलाता है। पार्श्वनाथ की पीठिका पर के लेख नं० ४५४ (३८३) से विदित होता है कि वह मूर्त्ति शक सं० १८१२ में बेलगुल के भुजबलैय्य ने प्रतिष्ठित कराई है। इसका कारण यह था कि प्राचीन मूर्त्ति बहुत खण्डित हो गई थी। यह प्राचीन मूर्त्ति अब पास ही के तालाब में पड़ी हुई है और उसका छत्र बस्ति के द्वारे के पास

रक्खा हुआ है जहाँ पर कि लेख नं० १४४ (३८४) है। मदिर में चतुर्विंशति तीर्थंकर, पञ्चपरमेष्ठी, नवदेवता, नन्दीश्वर आदि की धातुनिर्मित मूर्त्तियाँ भी हैं।

ग्राम की नैऋत दिशा मे एक समाधिमण्डप है। इसे शिलाकूट कहते हैं। मण्डप चार फुट लम्बा-चौड़ा और पाँच फुट ऊँचा है। ऊपर शिखर है। इसके चारों ओर दीवालें हैं पर दरवाजा एक भी नहीं है। इस पर के लेख नं ४७९ (३८९) से वह बालचन्द्रदेव के तनय की निषद्या सिद्ध होती है जिनकी मृत्यु शक सं ११३६ मे हुई। लेख मे बालचन्द्रदेव के तनय का नाम घिस गया है, पर उनके गुरु बेलिकुम्ब के नेमिचन्द्र पण्डित व निषद्या निर्मापक बैरोज के नाम लेख में पढ़े जाते हैं। लेख के अन्तिम भाग में यह भी लिखा है कि एक साध्वी स्त्री कालब्बे ने सल्लेखना विधि से शरीरान्त किया। सम्भवत: यह उक्त मृत पुरुष की विधवा पत्नी रही होगी।

ऐसा ही एक समाधिमण्डप तावरेकेरे सरोवर के समीप है। इसके पास जो लेख (नं० १४२ (३६२) है उससे विदित होता है कि यह चारुकीर्ति पण्डित की निषद्या है जिनकी मृत्यु शक सं० १५६५ में हुई।

लेख नं० ४० (६४) में उल्लेख है कि देवकीर्ति पण्डित, जिनकी मृत्यु शक सं० १०८५ मे हुई, ने जिननाथ पुर मे एक दानशाला निर्माण कराई थी।

हलेबेल्गोल—यह ग्राम श्रवणबेल्गोल से चार मील उत्तर की ओर है। यहाँ का होय्सल शिल्पकारी का बना हुआ जैनमन्दिर ध्वंस अवस्था में है। गर्भगृह में अढ़ाई फुट की खड्गासन मूर्त्ति है। सुखनासि में लगभग पाँच फुट ऊँची सप्तफणी पार्श्वनाथ की खण्डित मूर्त्ति रक्खी है। नवरङ्ग में अच्छी चित्रकारी है। बीच की छत पर देवियों-सहित रथारूढ़ अष्टदिक्पालों के चित्र हैं जिनके बीच में पञ्चफणी धरणेन्द्र का चित्र है। धरणेन्द्र के बायें हाथ में धनुष और दाहिने में सम्भवतः शङ्ख है। नवरङ्ग में दो चवरवाही और एक तीर्थंकर मूर्त्ति खण्डित रक्खी हुई है। नवरङ्ग के द्वार पर अच्छी कारीगरी दिखलाई गई है। इस मन्दिर के सन् १०९४ के लेख (नं० ४९२) से विदित होता है कि विष्णु-वर्द्धन के पिता होय्सल एरेयङ्ग ने बेल्गोल के मन्दिरों के जीर्णोद्धार के लिये जैनगुरु गोपनन्दि को राचनहल्ल ग्राम का दान दिया। इस लेख व लेख नं० ५५ (६९) में गोपनन्दि की खूब प्रशंसा पाई जाती है। यह बस्ति संभवतः लगभग शक सं० १०१६ की बनी हुई है।

इस ग्राम में एक शैव और एक वैष्णव मन्दिर भी है। ज्ञात होता है कि प्राचीन काल में यहाँ अधिक मन्दिर रहे हैं क्योंकि यहाँ के एक तालाब की नहर में प्रायः सारा मसाला टूटे हुए मन्दिरों का लगा हुआ है। ग्राम के मध्य में एक तालाब के पास एक खण्डित जिन प्रतिमा भी है।

साणेहल्लि—यह ग्राम श्रवणबेल्गुल से तीन मील पर है। यहाँ एक ध्वंस जैन मन्दिर है। जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है, लेख नं० ४८६ (४००) के अनुसार इसे गङ्गराज की भावज जक्किमव्वे ने निर्माण कराया था।

लेखों की ऐतिहासिक उपयोगिता

विशेष राजवंशों से सम्बन्ध रखनेवाले लेखों का विवेचन करने से पूर्व यहाँ एक ऐसी घटना पर कुछ विचार करना आवश्यक है जिसका राजकीय व जैन-धार्मिक इतिहास से अत्यन्त घनिष्ठ सम्बन्ध है। जैनसंघ के नायक भद्रबाहु स्वामी के साथ भारतसम्राट् चन्द्रगुप्त मौर्य की दक्षिण यात्रा का प्रसङ्ग जैसा जैन इतिहास के लिए महत्त्वपूर्ण है वैसा ही वह भारत के राजकीय इतिहास में अनुपेक्षणीय है। लगातार कई वर्षों से इस विषय पर इतिहासवेत्ताओं में मतभेद चला आता है। यद्यपि मतभेद का अभी तक अन्त नहीं हुआ, पर अधिकांश विद्वानों का झुकाव एक ओर होने से इस विषय का प्राय: निर्णय ही समझना चाहिए। संक्षेप में, जैनसाहित्य में यह प्रसङ्ग इस प्रकार पाया जाता है—अन्तिम श्रुतकेवली भद्रबाहु स्वामी ने निमित्त-ज्ञान से जाना कि उत्तर भारत में एक बारह वर्ष का भीषण दुर्भिक्ष पड़नेवाला है। ऐसी विपत्ति के समय में वहाँ मुनिवृत्ति का पालन होना कठिन जान

उन्होंने अपने समस्त शिष्यों-सहित दक्षिण की ओर प्रस्थान किया। भारतसम्राट् चन्द्रगुप्त ने भी इस दुर्भिक्ष का समाचार पा, संसार से विरक्त हो, राज्यपाट छोड़ भद्रबाहु स्वामी से दीक्षा ली और उन्हीं के साथ गमन किया। जब यह मुनि-संघ श्रवण बेलगोल स्थान पर पहुँचा तब भद्रबाहु स्वामी ने अपनी आयु बहुत थोड़ी शेष जान, संघ को आगे बढ़ने की आज्ञा दी और आप चन्द्रगुप्त शिष्य-सहित छोटी पहाड़ी पर रहे। चन्द्रगुप्त मुनि ने अन्त समय तक उनकी खूब सेवा की और उनका शरीरान्त हो जाने पर उनके चरणचिह्न की पूजा में अपना शेष जीवन व्यतीत कर अन्त में सल्लेखना विधि से शरीरत्याग किया।

अब देखना चाहिए कि श्रवण बेलगोल के स्थानीय इतिहास से, शिलालेखों से व साहित्य से इस बात का कहाँ तक समर्थन होता है। कहा जाता है कि चन्द्रगुप्त के वहाँ रहने से ही उस पहाड़ी का नाम चन्द्रगिरि पड़ा। इस पहाड़ी पर की प्राचीनतम बस्ति चन्द्रगुप्त द्वारा ही पहले-पहल निर्माण कराये जाने के कारण चन्द्रगुप्त बस्ति कहलाई। इस पहाड़ी पर की भद्रबाहु गुफा में चन्द्रगुप्त के भी चरण-चिह्न हैं। कहा जाता है कि चन्द्रगुप्त ने इसी गुफा में समाधिमरण किया था। सेरिङ्गपट्टम के दो शिलालेखों (ए० क० ३, सेरिङ्गपट्टम १४७, १४८) में उल्लेख है कि कल्बप्पु शिखर (चन्द्रगिरि) पर महामुनि भद्रबाहु और चन्द्रगुप्त के चरण-चिह्न हैं। ये शिला-

लेख लगभग शक सं० ८२२ के हैं। श्रवणबेल्गोल के लगभग शक सं० ५७२ के लेख नं० १७–१८ (३१) में कहा गया है कि 'जो जैनधर्म भद्रबाहु और चन्द्रगुप्त मुनीन्द्र के तेज से भारी समृद्धि को प्राप्त हुआ था उसके किञ्चित् क्षीण हो जाने पर शान्तिसेन मुनि ने उसे पुनरुत्थापित किया।' शक सं० १०५० के लेख नं० ५४ (६७) (श्लोक ४) में भद्रबाहु और उनके शिष्य चन्द्रगुप्त का उल्लेख है। ऐसा ही उल्लेख शक सं० १०८५ के लेख नं० ४० (६४) (श्लोक ४–५) में व शक सं० १३५५ के लेख नं० १०८ (२५८) (श्लोक ८–६) में है। इन उल्लेखों में चन्द्रगुप्त की गुरुभक्ति और तपश्चरण की महिमा गाई गई है।

साहित्य में इस प्रसङ्ग का सबसे प्राचीन उल्लेख हरिषेण-कृत 'बृहत्कथाकोष' में पाया जाता है। यह ग्रन्थ शक सं० ८५३ का रचा हुआ है। इसमें भद्रबाहु और चन्द्रगुप्त का वर्णन इस प्रकार पाया जाता है—'पौण्ड्रवर्धन देश में देवकोट नाम का नगर था। इस नगर का प्राचीन नाम कोटिपुर था। यहाँ पद्मरथ नाम का राजा राज्य करता था। इनके एक पुरोहित सोमशर्मा और उनकी भार्या सोमश्री के भद्रबाहु नामक पुत्र हुआ। एक दिन अन्य बालकों के साथ नगर में खेलते हुए भद्रबाहु को चतुर्थ श्रुतकेवली गोवर्धन ने देखा। उन्होंने देखकर जान लिया कि यही बालक अन्तिम श्रुतकेवली होनेवाला है। अतएव माता-पिता की अनुमति से उन्होंने

भद्रबाहु को अपने संरक्षण में ले लिया और उन्हें सब विद्याएँ सिखाईं। यथासमय भद्रबाहु ने गोवर्धन स्वामी से जिन दीक्षा धारण की। एक समय विहार करते हुए भद्रबाहु स्वामी उज्जैनी नगरी में पहुँचे और सिप्रा नदी के तीर एक उपवन में ठहरे। इस समय उज्जैनी में जैनधर्मावलम्बी राजा चन्द्रगुप्त अपनी रानी सुप्रभा-सहित राज्य करते थे। जब भद्रबाहु स्वामी आहार के निमित्त नगरी में गये तब एक गृह में झूले में झूलते हुए शिशु ने उन्हें चिल्लाकर मना किया और वहाँ से चले जाने को कहा। इस निमित्त से स्वामी को ज्ञात हो गया कि वहाँ एक बारह वर्ष का भीषण दुर्भिक्ष पड़नेवाला है। इस पर उन्होंने समस्त संघ को बुलाकर सब हाल कहा और कहा कि "अब तुम लोगों को दक्षिण देश को चले जाना चाहिए। मैं स्वयं यहीं ठहरूँगा क्योंकि मेरी आयु क्षीण हो चुकी है।"*

जब चन्द्रगुप्त महाराज ने यह सुना तब उन्होंने विरक्त होकर भद्रबाहु स्वामी से जिन दीक्षा ले ली। फिर चन्द्रगुप्त मुनि, जो दशपूर्वियों में प्रथम थे, विशाखाचार्य के नाम से जैन संघ के नायक हुए। भद्रबाहु की आज्ञा से वे संघ को दक्षिण के पुन्नाट† देश को ले गये। इसी प्रकार **रामिल्ल, स्थूलवृद्ध,**

* अहमत्रैव तिष्ठामि क्षीणमायुर्ममाधुना।

† पुन्नाट बड़ा पुराना राज्य रहा है। कन्नड साहित्य में यह पुन्नाड के नाम से प्रसिद्ध है। 'टालेमी' ने इसका उल्लेख 'पौन्नट'

और भद्राचार्य अपने-अपने संघों-सहित सिंधु आदि देशों को भेजे गये। स्वयं भद्रबाहु स्वामी उज्जयिनी के 'भाद्रपद' नामक स्थान पर गये और वहाँ उन्होंने कई दिन तक अनशन व्रत कर समाधिमरण किया *। जब द्वादशवर्षीय दुर्भिक्ष का अन्त हो गया तब विशाखाचार्य संघ-सहित दक्षिण से मध्यदेश को लौट आये।

दूसरा ग्रंथ, जिसमें उपर्युक्त प्रसङ्ग आया है, रत्ननन्दिकृत भद्रबाहुचरित है। रत्ननन्दि, अनन्तकीर्ति के शिष्य ललितकीर्ति के शिष्य थे। उनका ठीक समय ज्ञात नहीं है पर वे पन्द्रहवीं सोलहवीं शताब्दि के लगभग अनुमान किये जाते हैं। इस ग्रन्थ में प्राय: ऊपर के ही समान भद्रबाहु का प्राथमिक वृत्तान्त देकर कहा गया है कि वे जब उज्जयिनी आ गये तब वहाँ के राजा 'चन्द्रगुप्त' ने उनकी खूब भक्ति की और उनसे

नाम से किया है और कहा है कि यहाँ रक्तमणि (beryl) बहुत पाये जाते हैं। यहाँ के राष्ट्रवर्मा आदि राजाओं की राजधानी 'कीर्तिपुर' थी। कीर्तिपुर कदाचित् मैसूर जिले के हेग्गडे वन्कोटे तालुके में कपिनी नदी पर के आधुनिक 'कित्तूर' का ही प्राचीन नाम है। हरिषेण और जिनसेन कवि अपने को पुन्नाट संघ के कहते हैं। यह संघ सम्भवत: 'कित्तूर' संघ का ही दूसरा नाम है जिसका उल्लेख शिलालेख नं० १६४ (८१) में आया है।

* प्राप्य भाद्रपदं देशं श्रीमदुज्जयिनीभवम्।
चकारानशनं धीरः स दिनानि बहून्यलम्॥
समाधिमरणं प्राप्य भद्रबाहुर्दिवं ययौ॥

अपने सोलह स्वप्नों का फल पूछा। इनके फल-कथन में भद्रबाहु ने कहा कि यहाँ द्वादश वर्ष का दुर्भिक्ष पड़नेवाला है। इस पर चन्द्रगुप्त ने उनसे दीक्षा ले ली। फिर भद्रबाहु अपने बारह हजार शिष्यों-सहित 'कर्नाटक' को जाने के लिये दक्षिण को चल दिये। जब वे एक वन मे पहुँचे तब अपनी आयु पूरी हुई जान उन्होंने विशाखाचार्य को अपने स्थान पर नियुक्त कर उन्हें संघ को आगे ले जाने के लिये कहा और आप चन्द्रगुप्ति-सहित वहीं ठहर गये। संघ चोल देश को चला गया। थोड़े समय पश्चात् भद्रबाहु ने समाधिमरण किया। चन्द्रगुप्ति उनके चरण-चिह्न बनाकर उनकी पूजा करते रहे। विशाखाचार्य जब दक्षिण से लौटे तब चन्द्रगुप्ति मुनि ने उनका आदर किया। विशाखाचार्य ने भद्रबाहु की समाधि की वन्दना कर कान्यकुब्ज को प्रस्थान किया।

चिदानन्द कवि के मुनिवंशाभ्युदय नामक कन्नड काव्य में भी भद्रबाहु और चन्द्रगुप्त की कुछ वार्ता आई है। यह ग्रन्थ शक सं० १६०२ का बना हुआ है। इसमे कथन है कि "श्रुतकेवली भद्रबाहु बेलगोल को आये और चिक्कबेट्ट (चन्द्रगिरि) पर ठहरे। कदाचित् एक व्याघ्र ने उन पर धावा किया और उनका शरीर विदीर्ण कर डाला। उनके चरणचिह्न अब तक गिरि पर एक गुफा मे पूजे जाते हैं.. ......अर्हद्बलि की आज्ञा से दक्षिणाचार्य बेलगोल आये। चन्द्रगुप्त भी यहाँ तीर्थयात्रा को आये थे। इन्होंने दक्षिणाचार्य से दीक्षा ग्रहण की

और उनके बनवाये हुए मन्दिर की तथा भद्रबाहु के चरण-चिह्नों की पूजा करते हुए वहाँ रहे। कुछ कालोपरान्त दक्षिणाचार्य ने अपना पद चन्द्रगुप्त को दे दिया।"

शक सं० १७६१ के बने हुए देवचन्द्रकृत राजावलीकथा नामक कन्नड ग्रन्थ में यह वार्ता प्रायः रत्ननन्दिकृत भद्रबाहुचरित के समान ही पाई जाती है। पर इस ग्रन्थ में और भी कई छोटी-छोटी बातें दी हुई हैं जो अधिक महत्त्व की नहीं हैं। यहाँ कथन है कि श्रुतकेवली विष्णु, नन्दिमित्र और अपराजित व पाँच सौ शिष्यों के साथ गोवर्धनाचार्य जम्बूस्वामी के समाधिस्थान की वन्दना करने के हेतु कोटिकपुर में आये। राजा पद्मरथ की सभा मे भद्रबाहु ने एक लेख, जिसे अन्य कोई भी विद्वान् नहीं समझ सका था, राजा को समझाया। इससे उनकी विलक्षण बुद्धि का पता चला। कार्त्तिक की पूर्णमासी की रात्रि को पाटलिपुत्र के राजा चन्द्रगुप्त को सोलह स्वप्न हुए। प्रातःकाल यह समाचार पाकर कि भद्रबाहु नगर के उपवन मे विराजमान हैं, राजा अपने मन्त्रियों-सहित उनके पास गये। राजा का अन्तिम स्वप्न यह था कि एक बारह फण का सर्प उनकी ओर आ रहा है। इसका फल भद्रबाहु ने यह बतलाया कि वहाँ बारह वर्ष का दुर्भिक्ष पड़नेवाला है। एक दिन जब भद्रबाहु आहार के लिये नगर मे गये तब उन्होंने एक गृह के सामने खड़े होकर सुना कि उस घर में एक झूले मे झूलता हुआ बालक जोर-जोर से चिल्ला रहा है।

वह शिशु बारह बार चिल्लाया पर किसी ने उसकी आवाज नहीं सुनी। इससे स्वामीजी को विदित हुआ कि दुर्भिक्ष प्रारम्भ हो गया है। राजा के मन्त्रियों ने दुर्भिक्ष को रोकने के लिये कई यज्ञ किये। पर चन्द्रगुप्त ने उन सबके पापों के प्रायश्चित्त-स्वरूप अपने पुत्र सिंहसेन को राज्य दे भद्रबाहु से जिन दीक्षा ले ली और उन्हीं के साथ हो गये। भद्रबाहु अपने बारह हजार शिष्यों-सहित दक्षिण को चल पड़े। एक पहाड़ी पर पहुँचने पर उन्हें विदित हुआ कि उनकी आयु अब बहुत थोड़ी शेष है; इसलिये उन्होंने विशाखाचार्य को संघ का नायक बनाकर उन्हें चौल और पांड्य देश को भेज दिया। केवल चन्द्रगुप्त को उन्होंने अपने साथ रहने की अनुमति दी। उनके समाधिमरण के पश्चात् चन्द्रगुप्त उनके चरणचिह्नों की पूजा करते रहे। कुछ समय पश्चात् सिंहसेन नरेश के पुत्र भास्कर नरेश भद्रबाहु के समाधिस्थान की तथा अपने पितामह की बन्दना के हेतु वहा आये और कुछ समय ठहरकर उन्होंने वहां जिनमन्दिर निर्माण कराये, तथा चन्द्रगिरि के समीप बेल्गोल नामक नगर बसाया। चन्द्रगुप्त ने उसी गिरि पर समाधिमरण किया।

इस सम्बन्ध मे सबसे प्राचीन प्रमाण चन्द्रगिरि पर पार्श्व-नाथ बस्ति के पास का शिलालेख (नं० १) है। यह लेख श्रवणबेल्गोल के समस्त लेखों में प्राचीनतम सिद्ध होता है। इस लेख मे कथन है कि "महावीर स्वामी के पश्चात् परमर्षि

गौतम, लोहार्य, जम्बू विष्णुदेव, अपराजित, गोवर्द्धन, भद्रबाहु, विशाख, प्रोष्ठिल, कृतिकार्य, जय, सिद्धार्थ, धृतिषेण, बुद्धिलादि गुरुपरम्परा में होनेवाले भद्रबाहु स्वामी के त्रैकाल्यदर्शी निमित्त-ज्ञान द्वारा उज्जयिनी में यह कथन किये जाने पर कि वहाँ द्वादश वर्ष का वैषम्य (दुर्भिक्ष) पड़नेवाला है, सारे संघ ने उत्तरापथ से दक्षिणापथ को प्रस्थान किया और क्रम से वह एक बहुत समृद्धियुक्त जनपद में पहुँचा। यहाँ आचार्य प्रभाचन्द्र ने व्याघ्रादि व दरीगुफादि-संकुल सुन्दर कटवप्र नामक शिखर पर अपनी आयु अल्प ही शेष जान समाधितप करने की आज्ञा लेकर, समस्त संघ को आगे भेजकर व केवल एक शिष्य को साथ रखकर देह की समाधि-आराधना की।''

ऊपर इस विषय के जितने उल्लेख दिये गये हैं उनमें दो बातें सर्वसम्मत हैं—प्रथम यह कि भद्रबाहु ने बारह वर्ष के दुर्भिक्ष की भविष्यवाणी की और दूसरे यह कि उस वाणी को सुनकर जैनसंघ दक्षिणापथ को गया। हरिषेण के अनुसार भद्रबाहु दक्षिणापथ को नहीं गये। उन्होंने उज्जयिनी के समीप ही समाधिमरण किया और चन्द्रगुप्ति मुनि अपर नाम विशाखाचार्य संघ को लेकर दक्षिण को गये। भद्रबाहुचरित तथा राजावलीकथा के अनुसार भद्रबाहु स्वामी ने ही श्रवणबेलगोल तक संघ के नायक का कार्य किया तथा श्रवणबेलगोल की छोटी पहाड़ी पर वे अपने शिष्य चन्द्रगुप्त-सहित ठहर गये। मुनिवंशाभ्युदय तथा उपर्युल्लिखित सेरिङ्गपट्टम के दो लेख,

श्रवणबेल्गोल के लेख नं० १७-१८, ४०, ५४ तथा १०८ भद्रबाहु और चन्द्रगुप्त दोनों का चन्द्रगिरि से सम्बन्ध स्थापित करते हैं। पर जैसा कि ऊपर के वृत्तान्त से विदित होगा, शिलालेख नं० १ की वार्ता इन सबसे विलक्षण है। उसके अनुसार त्रिकालदर्शी भद्रबाहु ने दुर्भिक्ष की भविष्यवाणी की, जैन संघ दक्षिणापथ को गया व कटवप्र पर प्रभाचन्द्र ने जैन संघ को आगे भेजकर एक शिष्य-सहित समाधि-आराधना की। यह वार्ता स्वयं लेख के पूर्व और अपर भागों में वैषम्य उपस्थित करने के अतिरिक्त ऊपर उल्लिखित समस्त प्रमाणों के विरुद्ध पड़ती है। भद्रबाहु दुर्भिक्ष की भविष्यवाणी करके कहाँ चले गये, प्रभाचन्द्र आचार्य कौन थे, उन्हें जैन संघ का नायकत्व कब और कहाँ से प्राप्त हो गया इत्यादि प्रश्नों का लेख में कोई उत्तर नहीं मिलता। इस उलझन को सुलझाने के लिये हमने लेख के मूल की सूक्ष्म रीति से जाँच की। इस जाँच से हमें ज्ञात हुआ कि उपर्युक्त सारा बखेड़ा लेख की छठी पंक्ति में 'आचार्यः प्रभाचन्द्रोनामावनितल . ... ' इत्यादि पाठ से खड़ा होता है। यह पाठ डा० फ्लीट और रायबहादुर नरसिंहाचार का है। श्रवणबेल्गोल शिलालेखों के प्रथम संग्रह के रचयिता राइस साहब ने 'प्रभाचन्द्रोना..... ' की जगह 'प्रभाचन्द्रेण . ...' पाठ दिया है। डा० टा० के० लडडू भी राइस साहब के पाठ को ठीक समझते हैं। 'प्रभाचन्द्रा' की जगह 'प्रभाचन्द्रेण' होने से उपर्युक्त सारा बखेड़ा सहज ही

तय हो जाता है। इससे 'आचार्यः' का सम्बन्ध भद्रबाहु स्वामी से हो जाता है और लेख का यह अर्थ निकलता है कि भद्रबाहु स्वामी संघ को आगे बढ़ने की आज्ञा देकर आप प्रभाचन्द्र नामक एक शिष्य-सहित कटवप्र पर ठहर गये और उन्होंने वहाँ समाधिमरण किया। इससे लेख के पूर्वापर भागों में सामञ्जस्य स्थापित हो जाता है और अन्य प्रमाणों से कोई विरोध नहीं रहता। मूल में 'प्रभाचन्द्रोना' 'प्रभाचन्द्रेणाम' भी पढ़ा जा सकता है। इस पाठ से कठिनाई केवल यह आती है कि 'म' अक्षर का कोई अर्थ व सम्बन्ध नहीं रहता। पर इसके परिहार में यह कहा जा सकता है कि लेख को खोदनेवाले ने 'प्रभाचन्द्रेणनाम...' की जगह भ्रम से 'प्रभाचन्द्रेणाम' खोद दिया है; वह 'न' को भूल गया। ऐसी भूलें शिलालेखों में बहुधा पाई जाती हैं। प्रभाचन्द्र के भद्रबाहु के शिष्य होने से ऊपर के समस्त प्रमाणों द्वारा यह बात सहज ही समझ में आ जाती है कि प्रभाचन्द्र चन्द्रगुप्त का ही नामान्तर व दीक्षा-नाम होगा।

अब प्रश्न यह उपस्थित होता है कि ये भद्रबाहु और चन्द्रगुप्त कौन थे और कब हुए। शिलालेख नं० १, जिसकी वार्त्ता पर हम ऊपर विचार कर चुके हैं, अपनी लिखावट पर से अपने को लगभग शक संवत् की पाँचवीं-छठी शताब्दि का सिद्ध करता है। अतः उसमें उल्लिखित भद्रबाहु और प्रभाचन्द्र (चन्द्रगुप्त) शक की पाँचवीं छठी शताब्दि से पूर्व

होना चाहिये। दिगम्बर पट्टावलियों में महावीर स्वामी के समय से लगाकर शक की उक्त शताब्दियों तक 'भद्रबाहु' नाम के दो आचार्यों के उल्लेख मिलते हैं, एक तो अन्तिम श्रुत-केवली भद्रबाहु और दूसरे वे भद्रबाहु जिनसे सरस्वती गच्छ की नन्दी आम्नाय की पट्टावली प्रारम्भ होती है। दूसरे भद्रबाहु का समय ईस्वी पूर्व ५३ वर्ष व शक संवत् से १३१ वर्ष पूर्व पाया जाता है। इनके शिष्य का नाम गुप्तिगुप्त पाया जाता है जो इनके पश्चात् पट्ट के नायक हुए। डा० फ्लीट का मत है कि दक्षिण की यात्रा करनेवाले ये ही द्वितीय भद्र-बाहु हैं और चन्द्रगुप्त उनके शिष्य गुप्तिगुप्त का ही नामान्तर है। पर इस मत के सम्बन्ध में कई शंकाएँ उत्पन्न होती हैं। प्रथम तो गुप्तिगुप्त और चन्द्रगुप्त को एक मानने के लिये कोई प्रमाण नहीं हैं, दूसरे इससे उपर्युक्त प्रमाणों में जो चन्द्र-गुप्त नरेश के राज्य त्यागकर भद्रबाहु से दीक्षा लेने का उल्लेख है, उसका कुछ खुलासा नहीं होता और तीसरे जिस द्वादश-वर्षीय दुर्भिक्ष के कारण भद्रबाहु ने दक्षिण की यात्रा की थी उस दुर्भिक्ष के द्वितीय भद्रबाहु के समय में पड़ने के कोई प्रमाण नहीं मिलते। इन कारणों से डा० फ्लीट की कल्पना बहुत कमज़ोर है और अन्य कोई विद्वान् उसका समर्थन नहीं करते। विद्वानों का अधिक झुकाव अब इसी एकमात्र युक्तिसंगत मत की ओर है कि दक्षिण की यात्रा करनेवाले भद्रबाहु अन्तिम श्रुतकेवली भद्रबाहु ही हैं और उनके

साथ जाने वाले उनके शिष्य चन्द्रगुप्त स्वयं भारत सम्राट् चन्द्रगुप्त के अतिरिक्त अन्य कोई नहीं हैं। यद्यपि वीर निर्वाण के समय का अब तक अन्तिम निर्णय न हो सकने के कारण भद्रबाहु का जो समय जैन पट्टावलियों और ग्रंथों में पाया जाता है तथा चन्द्रगुप्त सम्राट् का जो समय आजकल इतिहास सर्व सम्मति से स्वीकार करता है उनका ठीक समीकरण नहीं होता, * तथापि दिगम्बर और श्वेताम्बर दोनों ही सम्प्रदाय के ग्रंथों से भद्रबाहु और चन्द्रगुप्त समसामयिक सिद्ध होते हैं। इन दोनों सम्प्रदायों के ग्रंथों में इस विषय पर कई विरोध होने पर भी वे उक्त बात पर एकमत हैं। हेमचन्द्राचार्य के 'परिशिष्ट पर्व' से यह भी सिद्ध होता है कि इस समय बारह वर्ष का दुर्भिक्ष पड़ा था, तथा 'उस भयङ्कर दुष्काल के पड़ने पर जब साधु समुदाय को भिक्षा का अभाव होने लगा तब सब लोग निर्वाह के लिये समुद्र के समीप गाँवों में चले गये'। इस समय चतुर्दशपूर्वधर श्रुतकेवली श्री भद्रबाहु स्वामी

* दि० जैन ग्रंथों के अनुसार भद्रबाहु का आचार्यपद निर्वाण संवत् १३३ से १६२ तक २९ वर्ष रहा जो प्रचलित निर्वाण संवत् के अनुसार ईस्वीपूर्व ३९४ से ३६५ तक पड़ता है, तथा इतिहासानुसार चन्द्रगुप्त मौर्य का राज्य ईस्वीपूर्व ३२१ से २९८ तक माना जाता है। इस प्रकार भद्रबाहु और चन्द्रगुप्त के अन्तकाल में ६७ वर्ष का अन्तर पड़ता है। श्वेताम्बर ग्रंथों के अनुसार भद्रबाहु का समय नि० सं० १५६ से १७० तदनुसार ईस्वी पूर्व ३७१ से ३५७ तक सिद्ध होता है। इसका चन्द्रगुप्त के समय के साथ प्रायः समीकरण हो जाता है।

ने बारह वर्ष के महाप्राण नामक ध्यान की आराधना प्रारम्भ कर दी थी। परिशिष्ट पर्व के अनुसार भद्रबाहु स्वामी इस समय नेपाल की ओर चले गये थे और श्रीसंघ के बुलाने पर भी वे पाटलिपुत्र को नहीं आये जिसके कारण श्रीसंघ ने उन्हें संघबाह्य कर देने की भी धमकी दी। उक्त ग्रंथ में चन्द्रगुप्त के समाधि पूर्वक मरण करने का भी उल्लेख है।

इस प्रकार यद्यपि दिगम्बर और श्वेताम्बर ग्रन्थों में कई बारीकियों में मत-भेद है पर इन भेदों से ही मूल बातों की पुष्टि होती है क्योंकि उनसे यह सिद्ध होता है कि एक मत दूसरे मत की नकल मात्र नहीं है व मूल बातें दोनों के ग्रन्थों में प्राचीनकाल से चली आती हैं।

अब इस विषय पर भिन्न-भिन्न विद्वानों के मत देखिये। डा० ल्यूमन* और डा० हार्नले† श्रुतकेवली भद्रबाहु की दक्षिण यात्रा को स्वीकार करते हैं। टामस साहब अपनी एक पुस्तक‡ में लिखते हैं कि "चन्द्रगुप्त जैन समाज के व्यक्ति थे यह जैन ग्रन्थकारों ने एक स्वयंसिद्ध और सर्व प्रसिद्ध बात के रूप से लिखा है जिसके लिये कोई अनुमान प्रमाण देने की आवश्यकता ही नहीं थी। इस विषय में लेखों के प्रमाण बहुत प्राचीन और साधारणतः सन्देह-रहित हैं। मैगस्थनीज

* Vienna Oriental Journal VII, 382.

† Indian Antiquary XXI, 59-60.

‡ Jainism or the Early Faith of Asoka P. 23.

के कथनों से भी झलकता है कि चन्द्रगुप्त ने ब्राह्मणों के सिद्धान्तों के विपक्ष में श्रमणों (जैन मुनियों) के धर्मोपदेशों को अङ्गीकार किया था।" टामस साहब इसके आगे यह भी सिद्ध करते हैं कि चन्द्रगुप्त मौर्य के पुत्र और प्रपौत्र बिन्दुसार और अशोक भी जैनधर्मावलम्बी थे। इसके लिये उन्होंने 'मुद्राराक्षस' 'राजतरङ्गिणी' तथा 'आइने अकबरी' के प्रमाण दिये हैं। श्रीयुक्त जायसवाल महोदय लिखते हैं* कि "प्राचीन जैनग्रंथ और शिलालेख चन्द्रगुप्त को जैन राजर्षि प्रमाणित करते हैं। मेरे अध्ययन ने मुझे जैनग्रंथों की ऐतिहासिक वार्ताओं का आदर करने को बाध्य किया है। कोई कारण नहीं है कि हम जैनियों के इस कथन को कि चन्द्रगुप्त अपने राज्य के अन्तिम भाग में राज्य को त्याग जिन दीक्षा ले मुनि वृत्ति से मरण को प्राप्त हुए, न मानें। मैं पहला ही व्यक्ति यह माननेवाला नहीं हूँ। मि० राइस, जिन्होंने श्रवण-बेलगोला के शिलालेखों का अध्ययन किया है, पूर्णरूप से अपनी राय इसी पक्ष में देते हैं और मि० व्ही० स्मिथ भी अन्त में इस मत की ओर झुके हैं।" डा० स्मिथ लिखते हैं† कि "चन्द्रगुप्त मौर्य का घटना-पूर्ण राज्यकाल किस प्रकार समाप्त हुआ इस पर ठीक प्रकाश एक मात्र जैन कथाओं से ही

* Journal of the Behar and Orissa Research Society Vol. III.

†Oxford History of India 75-76.

पड़ता है। जैनियों ने सदैव उक्त मौर्य सम्राट् को बिम्बसार (श्रेणिक) के सदृश जैन धर्मावलम्बी माना है और उनके इस विश्वास को झूठ कहने के लिये कोई उपयुक्त कारण नहीं है। इसमें ज़रा भी सन्देह नहीं है कि, शैशुनाग, नन्द और मौर्य राजवंशो के समय में जैन धर्म मगध प्रान्त में बहुत जोर पर था। चन्द्रगुप्त ने राजगद्दी एक कुशल ब्राह्मण की सहायता से प्राप्त की थी यह बात चन्द्रगुप्त के जैनधर्मावलम्बी होने के कुछ भी विरुद्ध नहीं पड़ती। 'मुद्राराक्षस' नामक नाटक में एक जैन साधु का उल्लेख है जो नन्द नरेश के और फिर मौर्य सम्राट् के मन्त्री राक्षस का खास मित्र था।

"एक बार जहां चन्द्रगुप्त के जैनधर्मावम्बी होने की बात मान ली तहाँ फिर उनके राज्य को त्याग करने व जैनविधि के अनुसार सल्लेखना द्वारा मरण करने की बात सहज ही विश्वसनीय हो जाती है। जैनग्रन्थ कहते हैं कि जब भद्रबाहु की द्वादशवर्षीय दुर्भिक्षवाली भविष्यवाणी उत्तर भारत में सच होने लगी तब आचार्य बारह हजार जैनियों को साथ लेकर अन्य सुदेश की खोज में दक्षिण को चल पड़े। महाराज चन्द्रगुप्त राज्य त्यागकर सङ्घ के साथ हो लिये। यह सङ्घ श्रवणबेल्गोला पहुँचा। यहां भद्रबाहु ने शरीर त्याग किया। राजर्षि चन्द्रगुप्त ने उनसे बारह वर्ष पीछे समाधिमरण किया। इस कथा का समर्थन श्रवणबेल्गोला के मन्दिरों आदि के नामों, ईसा की सातवीं शताब्दि के उपरान्त के लेखों तथा दसवीं

शताब्दि के ग्रन्थों से होता है। इसकी प्रामाणिकता सर्वतः पूर्ण नहीं कही जा सकती किन्तु बहुत कुछ सोच-विचार करने पर मेरा झुकाव इस कथन की मुख्य बातों को स्वीकार करने की ओर है। यह तो निश्चित ही है कि जब ईस्वी पूर्व ३२२ में व इसके लगभग चन्द्रगुप्त सिंहासनारूढ़ हुए थे तब वे तरुण अवस्था में ही थे। अतएव जब चौबीस वर्ष के पश्चात् उनके राज्य का अन्त हुआ तब उनकी अवस्था पचास वर्ष से नीचे ही होगी। अतः उनका राजपाट त्याग देना उनके इतनी कम अवस्था में लुप्त हो जाने का उपयुक्त कारण प्रतीत होता है। राजाओं के इस प्रकार विरक्त हो जाने के अन्य भी उदाहरण हैं और बारह वर्ष का दुर्भिक्ष भी अविश्वसनीय नहीं है। संक्षेपतः अन्य कोई वृत्तान्त उपलब्ध न होने के कारण इस क्षेत्र में जैन कथन ही सर्वोपरि प्रमाण है।"

अब शिलालेखों में जो राजवंशों का परिचय पाया जाता है उसका सिलसिलेवार परिचय दिया जाता है।

१ गङ्गवंश—इस राजवंश का अब तक का ज्ञात इतिहास लेखों, विशेषतः ताम्रपत्रों पर से सङ्कलित किया गया है। इस वंश से सम्बन्ध रखनेवाले अनेक ताम्रपत्रों को डा० फ्लीट ने पूर्णरूप से जाँचकर यह मत प्रकाशित किया था कि वे सब ताम्रपत्र जाली हैं और गङ्गवंश की ऐतिहासिक सत्ता के लिये कोई विश्वसनीय प्रमाण नहीं है। इसके पश्चात् मैसूर पुरातत्व विभाग के डायरेक्टर रावबहादुर नरसिंहाचार ने इस वंश

के अन्य अनेक लेखों का पता लगाया जो उनकी जाँच में ठीक उतरे। इनके बल से उन्होंने गङ्गवंश की ऐतिहासिकता सिद्ध की है।

इस वंश का राज्य मैसूर प्रान्त में लगभग ईसा की चौथी शताब्दि से ग्यारहवीं शताब्दि तक रहा। आधुनिक मैसूर का अधिकांश भाग उनके राज्य के अन्तर्गत था जो गङ्गवाडि ९६००० कहलाता था। मैसूर में जो आजकल गङ्गडिकार (गङ्गवाडिकार) नामक किसानों की भारी जनसंख्या है वे गङ्गनरेशों की प्रजा के ही वंशज हैं। गङ्गराजाओं की सबसे पहली राजधानी 'कुवलाल' व 'कोलार' थी जो पूर्वी मैसूर में पालार नदी के तट पर है। पीछे राजधानी कावेरी के तट पर 'तलकाड' को हटा ली गई। आठवीं शताब्दि में श्रीपुरुष नामक गङ्गनरेश अपनी राजधानी सुविधा के लिये बङ्गलोर के समीप मण्णे व मान्यपुर में भी रखते थे। इसी समय में गङ्गराज्य अपनी उत्कृष्ट अवस्था पर पहुँच गया था। तलकाड ईसा की ११ हवीं शताब्दि के प्रारम्भ में चोल नरेशों के अधिकार में आ गया और तभी से गङ्गराज्य की इतिश्री हुई। आदि से ही गङ्गराज्य का जैनधर्म से घनिष्ठ सम्बन्ध रहा। लेख नं० ५४ (६७) के उल्लेख से ज्ञात होता है कि गङ्गराज्य की नींव डालने में जैनाचार्य सिंहनन्दि ने भारीसहायता की थी। सिंहनन्द्याचार्य की इस सहायता का उल्लेख गङ्गवंश के अन्य कई लेखों में भी पाया जाता है, उदाहरणार्थ लेख नं०

३६७; उदयेन्दिरम् का दानपत्र (सा० इं० इं० २, ३८७), कूडलु का दानपत्र (मै० आ० रि० १६२१ पृ० २६); ए० क० ७, शिमोग ४; ए० क० ८ नगर ३५ व ३६ इत्यादि। इसके अतिरिक्त गोम्मटसार वृत्ति के कर्त्ता अभयचन्द्र त्रैविद्य-चक्रवर्ती ने भी अपने ग्रन्थ की उत्थानिका में इस बात का उल्लेख किया है। इन अनेक उल्लेखों से यद्यपि यह स्पष्ट नहीं ज्ञात होता कि जैनाचार्य ने गङ्गराज्य की जड़ जमाने में किस प्रकार सहायता की थी तथापि यह बात पूर्णतः सिद्ध होती है कि गङ्गवंश की जड़ जमानेवाले जैनाचार्य सिंहनन्दि ही थे। कहा जाता है कि आचार्य पूज्यपाद देवनन्दि इसी वंश के सातवें नरेश दुर्विनीत के राजगुरु थे। गङ्गवंश के अन्य अनेक प्रकाशित लेख जैनाचार्यों से सम्बन्ध रखते हैं।

लेख नं० ३८ (५६) में गङ्गनरेश मारसिंह के प्रताप का अच्छा वर्णन है। अनेक भारी भारी युद्धों में विजय पाकर अनेक दुर्ग किले आदि जीतकर व अनेक जैन मन्दिर और स्तम्भ निर्माण कराकर अन्त में अजितसेन भट्टारक के समीप सल्लेखना विधि से बङ्कापुर में उन्होंने शरीर त्याग किया। उन्होंने राष्ट्रकूट नरेश इन्द्र (चतुर्थ) का अभिषेक किया था। यद्यपि इस लेख में उनके स्वर्गवास का समय नहीं दिया गया पर एक दूसरे लेख (ए० क० १०, मूल्बागल् ८४) में कहा गया है कि उन्होंने शक सं० ८६६ में शरीर त्याग किया था। गङ्गनरेश मारसिंह और राष्ट्रकूट नरेश कृष्णराज तृतीय इन

दोनों के बीच घनिष्ठ मित्रता थी। मारसिंह ने अनेक युद्ध कृष्णराज के लिये ही जीते थे। कूडलूर के दानपत्र (मै० आ० रि० १६२१ पृ० २६ सन् ६६३) में कहा गया है कि स्वयं कृष्णराज ने मारसिंह का राज्याभिषेक किया था।

मारसिंह के उत्तराधिकारी राचमल्ल (चतुर्थ) थे। इन्हीं के मन्त्री चामुण्डराज ने विन्ध्यगिरि पर चामुण्डरायबस्ती निर्माण कराई और गोम्मटेश्वर की वह विशाल मूर्ति उद्घाटित की (नं० ७५-७६ आदि)। लेख नं० १०६ (२८१) यद्यपि अधूरा है तथापि इसमें चामुण्डराय का कुछ परिचय पाया जाता है। उससे विदित होता है कि चामुण्डराय ब्रह्मक्षत्र कुल के थे और उन्होंने अपने स्वामी के लिये अनेक युद्ध जीते थे। इतना ही नहीं चामुण्डराय एक कवि भी थे। उनका लिखा हुआ चामुण्डराय पुराण नाम का एक कन्नड ग्रन्थ भी पाया जाता है। यह अधिकांश गद्य में है। इसमें चौबीस तीर्थंकरों के जीवन का वर्णन है। यह ग्रन्थ उन्होंने शक सं० ६०० मे समाप्त किया था। इस ग्रन्थ मे भी उनके कुल व गुरु अजितसेन आदि का परिचय पाया जाता है तथा किस प्रकार भिन्न भिन्न युद्ध जीतकर उन्होंने समर धुरन्धर, वीर-मार्तण्ड, रणरङ्गसिंग, वैरिकुलकालदण्ड, भुजविक्रम, समर-परशुराम की उपाधियाँ प्राप्त की थीं इसका भी वर्णन इस ग्रन्थ में है। वे अपनी सत्यनिष्ठा के कारण सत्ययुधिष्ठिर कहलाते थे। कई लेखों मे उनका उल्लेख केवल 'राय' नाम से

ही किया गया है नं० १३७ (३४५)। लेख नं० ६७ (१२१) में उल्लेख है कि चामुण्डराय के पुत्र, व अजितसेन के शिष्य जिनदेवन ने बेल्गोल में एक जैन मन्दिर निर्माण कराया था।

इनके अतिरिक्त अन्य कई लेखों में गङ्गवंश के ऐसे नरेशों का उल्लेख मात्र आया है, जिनका अभी तक अन्य कहीं कोई विशेष परिचय नहीं पाया गया। लेख नं० २५६ (४१५) में जिस शिवमारन बसदि का उल्लेख है वह सम्भवतः गङ्गवंश के शिवमार नरेश, (सम्भवतः शिवमार द्वि० श्री-पुरुष के पुत्र) ने निर्माण कराई थी। लेख नं० ६० (१३८) में किसी गङ्गवज्र अपर नाम रक्कसमणि का उल्लेख है जिनके बोयिग नाम के एक वीर योद्धा ने वड्डेग और कोणेयगङ्ग के विरुद्ध युद्ध करते हुए अपने प्राण विसर्जित किये। वड्डेग राष्ट्रकूटनरेश अमोघवर्ष तृतीय का उपनाम भी था। गङ्गवज्र मारसिंग नरेश की उपाधि भी थी (नं० ३८ (५९)। लेख नं० ६१ (१३९) में लोकविद्याधर अपर नाम उदयविद्याधर का उल्लेख है। निश्चयतः नहीं कहा जा सकता कि यह भी कोई गङ्गवंशी नरेश का नाम है या नहीं; किन्तु कुछ गङ्गनरेशों की विद्याधर उपाधि थी। उदाहरणार्थ, रक्कसगङ्ग के दत्तक पुत्र का नाम राजविद्याधर था (ए० क० ८, नगर ३५) व मारसिंग की उपाधि गङ्गविद्याधर थी ३८ (५९)। अतएव सम्भव है कि लोकविद्याधर व उदयविद्याधर भी कोई गङ्गनरेश रहा हो। नं० २३५ (१५०) में गङ्गराज्य व एरेगङ्ग के महामन्त्री नर-

सिग के एक नाती नागवर्म के सल्लेखना मरण का उल्लेख है। सूडि व कूडलूर के दान-पत्रों (ए० इ० ३, १५८; म० आ० रि० १९२५, पृ० २५) में गङ्गनरेश एरेयप्प और उनके पुत्र नरसिंग का उल्लेख है। सम्भव है कि उपर्युक्त लेख के एरगङ्ग और नरसिंग ये ही हों।

कुछ लेखों में बिना किसी राजा के नाम के गंगवंश मात्र का उल्लेख है [लेख नं० १६३ (३७); १५१ (४११); २४६ (१६४); ४६९ (३७८)]। लेख नं० ५५ (६९) में उल्लेख है कि जो जैन धर्म ह्रास अवस्था को प्राप्त हो गया था उसे गोपनन्दि ने पुनः गङ्गकाल के समान समृद्धि और ख्याति पर पहुँचाया। लेख नं० ५४ (६७) में उल्लेख है कि श्रीविजय का गङ्गनरेशों ने बहुत सम्मान किया था। लेख नं० १३७ (३४५) में उल्लेख है कि हुल्ल ने जिस केल्लंगेरे में अनेक बस्तियाँ निर्माण कराई थीं उसकी नींव गङ्गनरेशों ने ही डाली थी। लेख नं० ४९६ में गङ्ग वाडि का उल्लेख है।

२ राष्ट्रकूटवंश—राष्ट्रकूटवंश का दक्षिण भारत में इतिहास ईस्वी सन् की आठवीं शताब्दि के मध्यभाग से प्रारम्भ होता है। इस समय राष्ट्रकूटवंश के दन्तिदुर्ग नामक एक राजा ने चालुक्यनरेश कीर्त्तिवर्मा द्वितीय को परास्त कर राष्ट्रकूट साम्राज्य की नींव डाली। उसके उत्तराधिकारी कृष्ण प्रथम ने चालुक्य राज्य के प्रायः सारे प्रदेश अपने आधीन कर लिये। कृष्ण के पश्चात् क्रमशः गोविन्द (द्वितीय) और ध्रुव ने राज्य

किया। इनके समय में राष्ट्रकूट राज्य का विस्तार और भी बढ़ गया। आगामी नरेश गोविन्द तृतीय के समय में राष्ट्रकूट राज्य विन्ध्य और मालवा से लगाकर काञ्ची तक फैल गया। इन्होंने अपने भाई इन्द्रराज को लाट (गुजरात) का सूबेदार बनाया। गोविन्द तृतीय के पश्चात् अमोघवर्ष राजा हुए जिन्होंने लगभग सन् ८१५ से ८७७ ईस्वी तक राज्य किया। इन्होंने अपनी राजधानी नासिक को छोड़ मान्यखेट में स्थापित की। इनके समय मे जैन धर्म की खूब उन्नति हुई। अनेक जैन कवि—जैसे जिनसेन, गुणभद्र, महावीर आदि—इनके समय मे हुए। गुणभद्राचार्य ने उत्तर पुराण में कहा है कि राजा अमोघवर्ष जिनसेनाचार्य को प्रणाम करके अपने को धन्य समझता था। अमोघवर्ष स्वयं भी कवि थे। इनकी बनाई हुई 'रत्नमालिका' नामक पुस्तक से ज्ञात होता है कि वे अन्त समय में राज्य को त्यागकर मुनि हो गये थे।

"विवेकात्त्यक्तराज्येन राज्ञेयं रत्नमालिका।
रचितामोघवर्षेण सुधियां सदलंकृतिः॥"

अमोघवर्ष के पश्चात् कृष्णराज द्वितीय हुए जिनकी अकालवर्ष, शुभतुङ्ग, श्रीपृथ्वीवल्लभ, वल्लभराज, महाराजाधिराज, परमेश्वर परमभट्टारक उपाधियाँ पाई जाती हैं। इनके पश्चात् इन्द्र (तृतीय) हुए जिन्होंने कन्नौज पर चढ़ाई कर वहाँ के राजा महीपाल को कुछ समय के लिये सिंहासनच्युत कर दिया। इनके उत्तराधिकारियों में कृष्णराज तृतीय सबसे प्रतापी हुए

जिन्होंने राजादित्य चोल के ऊपर सन् ९४९ में बड़ी भारी विजय प्राप्त की। इस समय के युद्धों का मूल कारण धार्मिक था। राष्ट्रकूटनरेश जैनधर्मपोषक और चोलनरेश शैव धर्म-पोषक थे। इनके समय में सोमदेव, पुष्पदन्त, इन्द्रनन्दि आदि अनेक जैनाचार्य हुए हैं। कृष्णराज के उत्तराधिकारी खोटिग-देव और उनके पीछे कर्कराज द्वितीय हुए। इनके समय में चालुक्यवंश पुनः जागृत हो उठा। इस वंश के तैल व तैलप ने कर्कराज को सन् ९७३ में बुरी तरह परास्त कर दिया जिससे राष्ट्रकूट वंश का प्रताप सदैव के लिये अस्त हो गया। जैसा कि आगे विदित होगा, लेख नं० ५७ (शक सं० ९०४) में कृष्णराज तृतीय के पौत्र एक इन्द्रराज (चतुर्थ) का भी उल्लेख है व लेख नं० ३८ में कहा गया है कि गङ्गनरेश मार-सिंह ने इन्द्र का अभिषेक किया था। सम्भवतः राष्ट्रकूटवंश के हितैषी गङ्गनरेश ने राष्ट्रकूट राज्य को रक्षित रखने के लिये यह प्रयत्न किया पर इतिहास में इसका कोई फल देखने में नहीं आता। दक्षिण का राष्ट्रकूटवंश इतिहास के मर्फे से उड़ गया।

अब इस संग्रह के लेखों में इस वंश के जो उल्लेख हैं उनका परिचय कराया जाता है।

इस वंश के वद्देग व अमोघवर्ष तृतीय ने कोण्डय गंग के साथ गङ्गवज्र व रक्कसमणि के विरुद्ध युद्ध किया था, ऐसा लेख नं० ६० (१३८) (अनु० शक ८६२) के उल्लेख से

ज्ञात होता है। लेख नं० १०६ (२-१) (अनु० शक ६५०) से ज्ञात होता है कि राष्ट्रकूटनरेश इन्द्र की आज्ञा से चामुण्डराय के स्वामी जगदेकवीर राचमल्ल ने वज्वलदेव को परास्त किया था। लेख नं० ३८ (५६) (शक ८९६) से विदित होता है कि राष्ट्रकूटनरेश कृष्ण तृतीय के लिये गङ्गनरेश मारसिंह ने गुर्जर प्रदेश को जीता था व राष्ट्रकूट नरेश इन्द्र (चतुर्थ) का राज्याभिषेक किया था। इन उल्लेखों से स्पष्ट ज्ञात होता है कि गङ्गवंश और राष्ट्रकूटवंश के बीच घनिष्ठ सम्बन्ध था। इस वंश का सबसे प्राचीन लेख, जो इस संग्रह में आया है, लेख नं० २४ (३५) (अनु० शक ७ ०) है। इस लेख में ध्रुव के पुत्र व गोविन्द (तृतीय) के ज्येष्ठ भ्राता रणावलोक कम्बय्य का उल्लेख है। एक लेख (ए० क० ४, हेग्गडदेव-न्कोटे ९३) से ज्ञात होता है कि जब गङ्गराज शिवमार द्वितीय को ध्रुव ने कैद कर लिया था तब राजकुमार कम्ब गङ्गप्रदेश के शासक नियुक्त किये गये थे व ए० क० ६, नेलमङ्गल ६१ से ज्ञात होता है कि कम्ब शक सं० ७२४ (ई० सन् ८०२) में गङ्गप्रदेश का शासन कर रहे थे। हाल ही में चामराज नगर से कुछ ताम्रपत्र मिले हैं (मै० आ० रि० १९२० पृ० ३१) जिनसे ज्ञात होता है कि जिस समय कम्ब का शिविर तलवन-नगर (तलकाड) में था तब उन्होंने अपने पुत्र शङ्करगण्ण की प्रार्थना से शक सं० ७२९ (सन् ८०७ ई०) में एक ग्राम का दान जैनाचार्य वर्धमान को दिया था। अन्य प्रमाणों से ज्ञात

हुआ है कि ध्रुव नरेश ने अपना उत्तराधिकारी अपने कनिष्ठ पुत्र गोविन्द (तृतीय) को बनाया था व कम्ब को गङ्गप्रदेश दिया था। इस हेतु कम्ब ने गोविन्द के विरुद्ध तैयारी की पर अन्त में उन्हें गोविन्द का आधिपत्य स्वीकार करना पड़ा।

लेख नं० ५७ (१३३) में इन्द्र चतुर्थ की किसी गेंद के खेल में चतुराई आदि का वर्णन है व उल्लेख है कि उन्होंने शक सं० ९०४ में श्रवणबेल्गुल में सल्लेखना मरण किया। लेख में यह भी कहा गया है कि इन्द्र कृष्ण (तृतीय) के पौत्र, गङ्गगांगेय (बूतुग) के कन्यापुत्र व राजचूडामणि के दामाद थे। यह विदित नहीं हुआ कि ये राजचूड़ामणि कौन थे। इन्द्र की रट्टकन्दर्प, राजमार्तण्ड, चलङ्कराव, चलदग्गलि, कीर्तिनारायण, एलेवबेडेंग, गेंडेगलाभरण, कलिगलोल्गण्ड और वीरर वीर ये उपाधियाँ थीं। जैसा ऊपर कहा जा चुका है, गङ्गनरेश मारसिंह ने इन्द्र का राज्याभिषेक किया था। लेख नं० ५८ (१३४) 'मावणगन्धहस्ति' उपाधिधारी एक वीर योधा पिट्ट की मृत्यु का स्मारक है। लेख में इस वीर के पराक्रम-वर्णन के पश्चात् कहा गया है कि उसे राजचूड़ामणि मार्गडे-मल्ल ने अपना सेनापति बनाया था। लेख की लिपि और राजचूड़ामणि व चित्रभानु संवत्सर के उल्लेख से अनुमान होता है कि यह भी इन्द्र चतुर्थ के समय का है।

प्रसङ्गवश लेख नं० ५४ (६७) में साहसतुङ्ग और कृष्ण-राज का उल्लेख है। अकलङ्कदेव ने अपनी विद्वत्ता का वर्णन

मोहमतुङ्ग को सुनाया था (पद्य नं० २१), और परवादि-मल्ल ने अपने नाम की सार्थकता कृष्णराज को समझाई थी (पद्य नं० २६)। ये दोनों क्रमशः राष्ट्रकूटनरेश दन्तिदुर्ग और कृष्ण द्वितीय अनुमान किये जाते हैं।

३ चालुक्यवंश—चालुक्यनरेशों की उत्पत्ति राजपुताने के सोलङ्की राजपूतों में से कही जाती है। दक्षिण में इस राजवंश की नींव जमानेवाला एक पुलाकेशी नाम का सामन्त था जो इतिहास में पुलाकेशी प्रथम के नाम से प्रख्यात हुआ है। इसने सन् ५५० ईस्वी के लगभग दक्षिण के बीजापुर जिले के वातापि (आधुनिक बादामी) नगर में अपनी राज-धानी बनाई और उसके आसपास का कुछ प्रदेश अपने अधीन किया। इसके उत्तराधिकारी कीर्त्तिवर्मा, मङ्गलेश और पुला-केशी द्वितीय हुए जिन्होंने चालुक्यराज्य को क्रमशः खूब फैलाया। पुलाकेशी द्वितीय के समय में चालुक्यराज्य दक्षिण भारत में सबसे प्रबल हो गया। इस नरेश ने उत्तर के महा-प्रतापी हर्षवर्धन नरेश की भी दक्षिण की ओर प्रगति रोक दी। इस राजा की कीर्त्ति विदेशों में भी फैली और ईरान के बादशाह खुसरो (द्वितीय) ने अपना राजदूत चालुक्य राजदरबार में भेजा। पुलाकेशी द्वितीय ने सन् ६०८ से ६४२ ईस्वी तक राज्य किया। पर उसके अन्तिम समय में पल्लव नरेशों ने चालुक्यराज्य की नींव हिला दी। उसके उत्तराधिकारी विक्रमादित्य प्रथम के समय में इस वंश की एक शाखा ने

गुजरात में राज्य स्थापित किया। आठवीं शताब्दी के मध्य भाग में दन्तिदुर्ग नामक एक राष्ट्रकूट राजा ने इस वंश के कीर्त्तिवर्मा द्वितीय को बुरी तरह हराकर राष्ट्रकूटवंश की जड़ जमाई। चालुक्यवंश कुछ समय के लिये लुप्त हो गया।

दशमी शताब्दी के अन्तिम भाग में चालुक्यवंश के तैल नामक राजा ने अन्तिम राष्ट्रकूट नरेश कर्क द्वितीय को हराकर चालुक्यवंश को पुनर्जीवित किया। इस समय से चालुक्यों की राजधानी कल्याणी में स्थापित हुई। इसके उत्तराधिकारियों को चोल नरेशों से अनेक युद्ध करना पड़ा। सन् १०७६ से ११२६ तक इस वंश के एक बड़े प्रतापी राजा विक्रमादित्य षष्ठम ने राज्य किया। इन्हीं के समय में बिल्हण कवि ने 'विक्रमाङ्कदेवचरित' काव्य रचा। इनके उत्तराधिकारियों के समय में चालुक्यराज्य के सामन्त नरेश देवगिरि के यादव और द्वारासमुद्र के होयसल स्वतंत्र हो गये और सन् ११९० में चालुक्य साम्राज्य की इतिश्री हो गई।

अब इस संग्रह के लेखों में जो इस वंश के उल्लेख हैं उनका परिचय दिया जाता है।

लेख नं० ३८ (५९) (शक ८९६) में गङ्गनरेश मारसिंह के प्रताप-वर्णन में कहा गया है कि उन्होंने चालुक्यनरेश राजादित्य को परास्त किया था। नं० ३३७ (१५२) में किसी चगभचण चक्रवर्ती उपाधिधारी गोग्गि नाम के एक सामन्त का उल्लेख है। यह संभवतः वही चालुक्य सामन्त

है जिसका उल्लेख ए० क० ३, मैसूर ३७ के लेख में पाया जाता है। इस लेख में वे 'समधिगतपञ्चमहाशब्द'' महासामन्त कहे गये हैं। जहाँ से यह लेख मिला है उसी वरुण नामक ग्राम में अन्य भी अनेक वीरगल हैं जिनमें गोग्गि के अनुजीवी योद्धाओं के रण में मारे जाने के उल्लेख हैं (मै० आ० रि० १९१६ पृ० ४६–४७)। लेख नं० ४५ (१२५) और ५९ (७३) में उल्लेख है कि होय्सलवंश विष्णुवर्धन के सेनापति गङ्गराज ने चालुक्य सम्राट् त्रिभुवनमल्ल पेर्माडिदेव (विक्रमादित्य षष्ठ (१०७६-११२६ ई०) को भारी पराजय दी। इन लेखों में गङ्गराज का कन्नेगाल में चालुक्य सेना पर रात्रि में धावा मारने व उसे हराकर उसकी रसद व वाहन आदि सब स्वाधीन कर अपने स्वामी को देने का जोरदार वर्णन है। नं० १४४ (३८४) होय्सलवंश का लेख है पर उसके आदि में चालुक्याभरण त्रिभुवनमल्ल की राज्यवृद्धि का उल्लेख है जिससे होय्सल राज्य के ऊपर त्रिभुवनमल्ल के आधिपत्य का पता चलता है। लेख नं० ५५ (६९) में मलधारि गुणचन्द्र ''मुनीन्द्र बलिपुरे मल्लिकामोद शान्तीशचरणार्चक:'' कहे गये हैं (पद्य नं० २०)। अन्य अनेक लेखों (ए० क० ७, शिकारपूर २० अ, १२५, १२६, १५३; ए० इ० १२, १४४) से ज्ञात हुआ है कि मल्लिकामोद चालुक्यनरेश जयसिंह प्रथम की उपाधि थी। इससे अनुमान किया जा सकता है कि सम्भवत: बलिपुर में शान्तिनाथ की प्रतिष्ठा

जयसिंह नरेश ने ही कराई थी। इसी लेख में यह भी उल्लेख है कि वासवचन्द्र ने अपने वाद-पराक्रम से चालुक्य राजधानी में बालसरस्वती की उपाधि प्राप्त की थी। लेख नं० ५४ (६७) में उल्लेख है कि वादिराज ने चालुक्य राजधानी में भारी ख्याति प्राप्त की थी तथा जयसिंह (प्रथम) ने उनकी सेवा की थी (पद्य ४१, ४२) इसी लेख में यह भी उल्लेख है कि जिन जैनाचार्य को पांड्यनरेश ने स्वामी की उपाधि दी थी उन्हें ही आहवमल्ल (चालुक्यनरेश १०४२-१०६८ ई०) ने शब्दचतुर्मुख की उपाधि प्रदान की थी। लेख नं० १२४ (३२७) व १३७ (३४५) में होय्सल नरेश एरेयङ्ग चालुक्य नरेश की दक्षिण बाहु कहे गये हैं (पद्य नं० ८)।

४ होय्सलवंश—पश्चिमी घाट की पहाड़ियों में कादुर जिले के मुडगेरे तालुका में 'अंगडि' नाम का एक स्थान है। यही स्थान होय्सल नरेशों का उद्गमस्थान है। इसी का प्राचीन नाम शशकपुर है जहां पर अब भी वासन्तिका देवी का मन्दिर विद्यमान है। यहां पर 'सल' नामक एक सामन्त ने एक व्याघ्र से जैनमुनि की रक्षा करने के कारण पोय्सल नाम प्राप्त किया। इस वंश के भावी नरेशों ने अपने को 'मलपरोल्-गण्ड' अर्थात् 'मलपाओं' (पहाड़ सामन्तों) में मुख्य कहा है। इसी से सिद्ध होता है कि प्रारम्भ में होय्सलवंश पहाड़ी था। इस वंश के एक 'काम' नाम के नृप के कुछ शिलालेख मिले हैं जिनमें उसके कुर्ग के कोङ्गाल्व नरेशों से

युद्ध करने के समाचार पाये जाते हैं। होय्सलनरेश इस समय चालुक्यनरेश के माण्डलिक राजा थे। जिस समय ईसा की ११ वीं शताब्दि के प्रारम्भ में चोलनरेशों द्वारा गङ्ग-वंश का अन्त हो गया उस समय होय्सल माण्डलिकों को अपना प्राबल्य बढ़ाने का अवसर मिला। 'काम' के उत्तराधिकारी 'विनयादित्य' ने चोलों से लड़-भिड़कर अपना प्रभुत्व बढ़ाया यहाँ तक कि चालुक्यनरेश सोमेश्वर आहवमल्ल के महामण्डलेश्वरों मे विनयादित्य का नाम गङ्गवाडि ९६००० के साथ लिया जाने लगा। विनयादित्य के उत्तराधिकारी बल्लाल ने अपनी राजधानी शशपुरी से 'बेलूर' में हटा ली। द्वारा-समुद्र मे भी उनकी राजधानी रहने लगी। इन्होंने चङ्गाल्व-नरेशों से युद्ध किया था। इनके उत्तराधिकारी विष्णुवर्द्धन के समय मे होय्सल नरेशों का प्रभाव बहुत ही बढ़ गया। गङ्गवाडि का पुराना राज्य सब उनके आधीन हो गया और विष्णुवर्द्धन ने कई अन्य प्रदेश भी जीते। प्रारम्भ में विष्णु-वर्द्धन जैन धर्मावलम्बी थे पर पीछे वैष्णव हो गये थे; तथापि जैन धर्म मे उनकी सहानुभूति बनी ही रही। विष्णुवर्द्धन ने लगभग सन् ११०६ से ११४१ तक राज्य किया और फिर उनके पुत्र नरसिंह ने सन् ११७३ तक। नरसिंह ने अपने पिता के समान ही होय्सल राज्य की वृद्धि की। उनके पुत्र वीर बल्लाल के समय में यह राज्य चालुक्य साम्राज्य के अन्तर्गत नहीं रहा और स्वतंत्र हो गया। वीर बल्लाल ने सन् १२२०

तक राज्य किया। इसके पश्चात् वीर बल्लाल के उत्तराधिकारियों ने होय्सल राज्य को नब्बे वर्ष तक और कायम रक्खा। सन् १३१० ईस्वी में दक्षिण पर मुसलमानों की चढ़ाई हुई। दिल्ली के सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी के सेनापति मलिक काफूर ने होय्सल राज्य को नष्ट-भ्रष्ट कर डाला, होय्सलनरेश को पकड़कर कैद कर लिया और राजधानी द्वारासमुद्र का भी नाश कर डाला। द्वारासमुद्र का पूर्णतः सत्यानाश मुसलमानी फौजों ने सन् १३२६-२७ में किया।

अब इस वंश के सम्बन्ध के जो उल्लेख संगृहीत लेखों में आये हैं उनका परिचय दिया जाता है।

इस संग्रह में होय्सलवंश के सबसे अधिक लेख हैं। लेख नं० ५३ (१४३), ५६ (१३२), १४४ (३४८) व ४९३ में विनयादित्य से लगाकर विष्णुवर्धन तक, लेख नं १३७ (३४५) और १३८ (३४९) में विनयादित्य से नारसिंह (प्रथम) तक व १२४ (३२७), १३० (३३५) और ४९१ में विनयादित्य से बल्लाल (द्वितीय) तक की वंशपरम्परा पाई जाती है। नं० ५६ (१३२) में इस वंश की उत्पत्ति का इस प्रकार वर्णन पाया जाता है—"विष्णु के कमलनाल से उत्पन्न ब्रह्मा के अत्रि, अत्रि के चन्द्र, चन्द्र के बुध, बुध के पुरूरव, पुरूरव के आयु, आयु के नहुष, नहुष के ययाति व ययाति के यदु नामक पुत्र उत्पन्न हुए। यदु के वंश में अनेक नृपति हुए। इस वंश के प्रख्यात नरेशों में एक सल नामक नृपति हुए। एक

समय एक मुनिवर ने एक कराल व्याघ्र को देखकर कहा 'पोय्सल' 'हे सल, इसे मारो'। इस वृत्तान्त पर से राजा ने अपना नाम पोय्सल रक्खा और व्याघ्र का चिह्न धारण किया। इसके आगे द्वारावती के नरेश पोय्सल कहलाये और व्याघ्र उनका लाञ्छन पड़ गया। इन्हीं नरेशों में विनयादित्य हुए"। अन्य शिलालेखों (ए० क० ५, अर्सिकेरे १४१, १५७) से ज्ञात होता है कि विनयादित्य के पिता नृप काम होय्सल थे। अनेक लेखों (ए० क० ५, मञ्जराबाद ४३; अर्कल्गुद ७६; ए० क० ६, मूडगेरे १९) से सिद्ध है कि नृप काम ने भी उसी प्रदेश पर राज्य किया था। लेख नं० ४४ (११८) मे भी नृप काम का एचि के रक्षक के रूप में उल्लेख है (पद्य ५) अतएव यह कुछ समझ में नहीं आता कि उपर्युक्त वंशावली में उनका नाम क्यों नहीं सम्मिलित किया गया। विनयादित्य के विषय में लेख नं० ५४ (६७) में कहा गया है कि उन्होंने शान्तिदेव मुनि की चरणसेवा से राज्यलक्ष्मी प्राप्त की थी (पद्य नं० ५१), तथा लेख नं० ५३ (१४३) मे कहा गया है कि उन्होंने कितने ही तालाब व कितने ही जैनमन्दिर आदि निर्माण कराये थे यहां तक कि ईंटों के लिए जो भूमि खोदी गई वहां तालाब बन गये, जिन पर्वतों से पत्थर निकाला गया वे पृथ्वी के समतल हो गये, जिन रास्तों से चूने की गाड़ियाँ निकलीं वे रास्ते गहरी घाटियां हो गये। पोय्सलनरेश जैनमंदिर निर्माण कराने में ऐसे दत्तचित्त थे। (पद्य नं० ४—५)।

विनयादित्य के केलेयबरसि रानी से एरेयङ्ग पुत्र हुए जो लेख नं० १२४ (३२७) व १३७ (३४५) में चालुक्यनरेश की दक्षिण बाहु कहे गये हैं। लेख नं १३८ (३४९) के कई पद्यों में इस नरेश के प्रताप का वर्णन पाया जाता है। वे वहां 'क्षत्रकुलप्रदीप' व 'क्षत्रमौलिमणि' 'साक्षात्समर-कृतान्त' व मालवमण्डलेश्वर पुरी धारा के जलानेवाले, कराल चोलकटक को भगानेवाले, चक्रगोट्ट के हरानेवाले, व कलिङ्ग का विध्वंस करनेवाले कहे गये हैं।

लेख नं० ४९२ (शक १०१५) विनयादित्य के पुत्र एरेयङ्ग के समय का है। इस लेख में एरेयङ्ग और उनके गुरु गोपनन्दि की कीर्त्ति के पश्चात् नरेश द्वारा चन्द्रगिरि की बस्तियों के जीर्णोद्धार के हेतु गोपनन्दि को कुछ ग्रामों का दान दिये जाने का उल्लेख है। एरेयङ्ग गङ्गमण्डल पर राज्य करते थे, लेख में इसका भी उल्लेख है। एरेयङ्ग की रानी एचलदेवी से बल्लाल, विष्णुवर्धन और उदयादित्य ये तीन पुत्र उत्पन्न हुए।

विष्णुवर्धन की उपाधियां व प्रतापादि का वर्णन लेख नं० ५३ (१४३), ५६ (१३२), १२४ (३२७), १३७ (३४५), १३८ (३४९), १४४ (३८४) और ४९३ में पाया जाता है। वे महामण्डलेश्वर, समधिगतपञ्चमहाशब्द, त्रिभुवनमल्ल, द्वारावतीपुरवराधीश्वर, यादवकुलाम्बरद्युमणि, सम्यक्त्वचूड़ामणि, मलपरोलगण्ड, तलकाडु-कोङ्ग-नङ्गलि-कोय्तूर-उच्छङ्गि-नोलम्बवाडि-हानुगल-गोण्ड, भुजबल वीरगङ्ग आदि प्रताप-

सूचक पदवियों से विभूषित किये गये हैं। उन्होंने इतने दुर्जेय दुर्ग जीते, इतने नरेशों को पराजित किया व इतने आश्रितों को उच्च पदों पर नियुक्त किया कि जिससे ब्रह्मा भी चकित हो जाता है। लेखों में उनकी विजयों का खूब वर्णन है। लेख नं० २२९ (१३७) जो शक सं० १०३९ का है विष्णुवर्द्धन के राज्यकाल का ही है। इस लेख में पोय्सलसेट्टि और नेमिसेट्टि नाम के दो राजव्यापारियों का उल्लेख है। इन व्यापारियों की माताओं माचिकब्बे और शान्तिकब्बे ने जिन-मन्दिर और नन्दीश्वर निर्माण कराकर भानुकीर्ति मुनि से जिन दीक्षा ले ली। यह मन्दिर चन्द्रगिरि पर तेरिन बस्ति के नाम से प्रसिद्ध है। लेख नं० ४४५ (३६६) अधूरा है पर इसमे विष्णुवर्द्धन का उल्लेख है। नं० ४७८ (३८८) से ज्ञात होता है कि इस नृपति के हिरियदण्डनायक, स्वामिद्रोहघरट्ट गङ्गराज ने बेल्गुल में जिननाथपुर निर्माण कराया। यह लेख बहुत घिस गया है। विदित होता है कि गङ्गराज ने उक्त नरेश की अनुमति से कुछ दान भी मन्दिर को दिया था। लेख में कोलग का उल्लेख है। 'कोलग' एक माप विशेष था। लेख नं० ४९३ (शक १०४७) में विष्णुवर्द्धन के बस्तियों के जीर्णोद्धार व ऋषियों को आहारदान के हेतु शल्य ग्राम के दान का उल्लेख है। यह दान नन्दि संघ, द्रमिड़ गण, अरुङ्गलान्वय के श्रीपाल त्रैविद्यदेव को दिया गया। लेख में उक्त अन्वय की परम्परा भी है। लेख नं० ४९७ में चालुक्य

त्रिभुवनमल्ल के साथ-साथ विष्णुवर्द्धन का उल्लेख है जिससे सिद्ध होता है कि विष्णुवर्द्धन चालुक्यों के आधिपत्य को स्वीकार करते थे। इस लेख में नयकीर्त्ति के स्वर्गवास का भी उल्लेख है। लेख नं० ४५ (१२५), ५९ (७३), ९० (२४०), १४४ (३८४) ३६० (२५१) तथा ४८६ (३९७) विष्णुवर्द्धन नरेश ही के समय के हैं। इन लेखों में गङ्गराज की वंशावली तथा उनके प्रतापमय व धार्मिक कार्यों का वर्णन पाया जाता है। गङ्गराज का वंशवृत्त इस प्रकार है—

(देखो लेख नं० १४४, पृ० २९९)

लेख नं० ४४ (११८) मे गङ्गराज की ये उपाधियां पाई जाती हैं—समधिगतपञ्चमहाशब्द, महासामन्ताधिपति, महाप्रचण्डदण्डनायक, वैरिभयदायक, गोत्रपवित्र, बुधजनमित्र, श्रीजैनधर्मामृताम्बुधिप्रवर्द्धनसुधाकर, सम्यक्त्वरत्नाकर, आहार-

भयभैषज्यशास्त्रदानविनोद, भव्यजनहृदयप्रमोद, विष्णुवर्द्धन-भूपालहोय्सलमहाराजराज्याभिषेकपूर्णकुम्भ, धर्महर्म्योद्धरण-मूलस्तम्भ और द्रोहघरट्ट। इसी लेख में यह भी कहा गया है कि गङ्गराज के पिता बुध्द मुद्ध के कनकनन्दि आचार्य के शिष्य थे। चालुक्यवंशवर्णन में कहा जा चुका है कि इन्होंने कन्नेगाल में चालुक्य-सेना को पराजित किया था। उनके तलकाडु, कोङ्गु, चेङ्गिरि आदि स्वाधीन करने, नरसिंग को यमलोक भेजने, अदियम, तिमिल, दाम, दामोदरादि शत्रुओं को पराजित करने का वर्णन लेख नं० ६० (२४०) के ६, १० व ११ पद्यों में पाया जाता है। जिस प्रकार इन्द्र का वज्र, बलराम का हल, विष्णु का चक्र, शक्तिधर की शक्ति व अर्जुन का गाण्डीव उसी प्रकार विष्णुवर्द्धन नरेश के गङ्ग-राज सहायक थे। गङ्गराज जैसे पराक्रमी थे वैसे ही धर्मिष्ठ भी थे। उन्होंने गोम्मटेश्वर का परकोटा बनवाया, गङ्गवाडि परगने के समस्त जिनमन्दिरों का जीर्णोद्धार कराया, तथा अनेक स्थानों पर नवीन जिनमन्दिर निर्माण कराये। प्राचीन कुन्दकुन्दान्वय के वे उद्धारक थे। इन्हीं कारणों से वे चामुण्ड-राय से भी सौगुणे अधिक धन्य कहे गये हैं। धर्म बल से गङ्गराज में अलौकिक शक्ति थी। लेख नं० ५६ (७३) के पद्य १४ में कहा गया है कि जिस प्रकार जिनधर्माग्रणी अत्ति-यब्बरसि के प्रभाव से गोदावरी नदी का प्रवाह रुक गया था उसी प्रकार कावेरी के पूर से घिर जाने पर भी, जिनभक्ति के

कारण गङ्गराज की लेशमात्र भी हानि नहीं हुई। जब वे कन्नेगल में चालुक्यों को पराजित कर लौटे तब विष्णुवर्द्धन ने प्रसन्न होकर उनसे कोई वरदान माँगने को कहा। उन्होंने परम नामक ग्राम माँगकर उसे अपनी माता तथा भार्या द्वारा निर्माण कराये हुए जिनमन्दिरों के हेतु दान कर दिया। इसी प्रकार उन्होंने गोविन्दवाडि ग्राम प्राप्त कर गोम्मटेश्वर को अर्पण किया। गङ्गराज शुभचन्द्र सिद्धान्तदेव के शिष्य थे। लेख नं० ५९ (७३) से विदित होता है कि दण्डनायक एचिराज ने इस परम ग्राम के दान का समर्थन किया था।

गङ्गराज से सम्बन्ध रखनेवाले और भी अनेक शिलालेख हैं, यद्यपि उनमें गङ्गराज के समय के नरेश का नाम नहीं आया। लेख नं० ४६ (१२६) गङ्गराज की भार्या लक्ष्मी ने अपने भ्राता बूचन की मृत्यु के स्मरणार्थ लिखवाया था। बूचन शुभचन्द्र सिद्धान्तदेव के शिष्य थे। लेख नं० ४७ (१२७) जैनाचार्य मेघचन्द्र त्रैविद्यदेव की मृत्यु का स्मारक है और इसे गङ्गराज और उनकी भार्या लक्ष्मी ने लिखवाया था। लेख नं० ४९ (१२९) लक्ष्मीमतिजी ने अपनी भगिनी देमति के स्मरणार्थ लिखवाया था। लेख नं० ६३ (१३०) से ज्ञात होता है कि शुभचन्द्रदेव की शिष्या लक्ष्मी ने एक जिन मन्दिर निर्माण कराया जो अब 'एरडुकट्टे बस्ति' के नाम से प्रख्यात है। लेख नं० ६४ (७०) में कहा गया है कि गङ्गराज ने अपनी माता पोचब्बे के हेतु कत्तले बस्ति निर्माण कराई। लेख नं०

६५ (७४) में गङ्गराज के इन्द्रकुल गृह (शासन बस्ति) बनवाने का उल्लेख है। लेख नं० ७५ (१८०) और ७६ (१७७) में गङ्गराज द्वारा गोम्मटेश्वर का परकोटा बन-वाये जाने का उल्लेख है। लेख नं० ४३ (११७), ४४ (११८), ४८ और (१२८) गङ्गराज द्वारा निर्माण कराये हुए क्रमशः उनके गुरु शुभचन्द्र, उनकी माता पोचिकब्बे और भार्या लक्ष्मी के स्मारक हैं। लेख नं० १४४ (३८४) में गङ्गराज के वंश का बहुत कुछ परिचय मिलता है व लेख नं० ४४६ (३९७), ४४७ (३९८) और ४८९ (४००) में गङ्गराज के ज्येष्ठ भ्राता बम्मदेव की भार्या जक्कणब्बे के सत्कार्यों का उल्लेख है। ये सब लेख विष्णुवर्द्धन नरेश के समय के व उस समय से सम्बन्ध रखनेवाले हैं इसी लिये इनका यहाँ उल्लेख करना आवश्यक हुआ।

विष्णुवर्द्धन के समय के अन्य लेख इस प्रकार हैं। लेख नं० १४३ (३७१) में राजा के नाम के साथ ही गङ्गराज के नामोल्लेख के पश्चात् कहा गया है कि चलदङ्कराव हेडेजीय और अन्य सज्जनों ने कुछ दान किया। जान पड़ता है यह दान गोम्मटेश्वर के दायीं ओर की एक कंदरा को भरकर समतल करने के लिये दिया गया था। लेख नं० ५६ (१३२) में विष्णुवर्द्धन की रानी शान्तलदेवी द्वारा 'सवति गन्धवारण बस्ति' के निर्माण कराये जाने का उल्लेख है। इस लेख में मेघचन्द्र के शिष्य प्रभाचन्द्र की स्तुति, होयसल वंश की उत्पत्ति

व विष्णुवर्द्धन तक की वंशावलि, विष्णुवर्द्धन की उपाधियों व शान्तलदेवी की प्रशंसा व उनके वंश का परिचय पाया जाता है। शान्तलदेवी की उपाधियों में 'उद्वृत्तसवतिगन्धवारण' अर्थात् 'उच्छृंखल सौतों के लिये मत्त हाथी' भी पाया जाता है। शान्तलदेवी की इसी उपाधि पर से बस्ति का उक्त नाम पड़ा। लेख नं० ६२ (१३१) में भी इस मन्दिर के निर्माण का उल्लेख है। इस लेख में यह भी कहा गया है कि उक्त मन्दिर में शान्तिनाथ की मूर्ति स्थापित की गई थी। लेख नं० ५३ (१४३) (शक १०५०) में शान्तलदेवी की मृत्यु का उल्लेख है जो 'शिवगङ्ग' में हुई। यह स्थान अब बङ्गलोर से कोई तीस मील की दूरी पर शैवों का तीर्थस्थान है। लेख में शान्तलदेवी के वंश का भी परिचय है। उनके पिता पेर्गडे मारसिङ्गय्य शैव थे पर माता माचिकब्बे जिन भक्त थीं। लेख नं० ५१ (१४१) और ५० (१४०) (शक १०४१) में शान्तलदेवी के मामा के पुत्र बलदेव और उनके मामा सिङ्गिमय्य की मृत्यु का उल्लेख है। बलदेव ने मोरिङ्गेरे में समाधिमरण किया तब उनकी माता और भगिनी ने उनकी स्मारक एक पट्टशाला (वाचनालय) स्थापित की। सिङ्गि-मय्य के समाधिमरण पर उनकी भार्या और भावज ने स्मारक लिखवाया। लेख नं० ३६८ (२६५) और ३६९ (२६६) में दण्डनायक भरतेश्वर द्वारा दो मूर्त्तियों के स्थापित कराये जाने का उल्लेख है। भरतेश्वर गण्डविमुक्त सिद्धान्तदेव के

शिष्य थे और अन्य शिलालेखों (नागमङ्गल ३२ ए० क० ४; चिकमगलूर १६० ए० क० ६) से सिद्ध है कि वे और उनके बड़े भाई मरियाणे विष्णुवर्द्धन नरेश के सेनापति थे। लेख नं० ४० (६४) (शक १०८१) में भी भरत के गण्डविमुक्त-देव के शिष्य होने का उल्लेख है। लेख नं० ११५ (२६७) से विदित होता है कि भरतेश्वर ने जिन दो मूर्तियों की स्थापना कराई थी वे भरत और बाहुबली स्वामी की मूर्तियाँ थीं। इस लेख में भरतेश्वर के अन्य धार्मिक कृत्यों का भी उल्लेख है। उन्होंने उक्त दोनों मूर्तियों के आसपास कटघर (हप्पलिगे) बनवाया, गोम्मटेश्वर के आसपास बड़ा गर्भगृह बनवाया, सीढ़ियाँ बनवाईं तथा गङ्गवाडि में दो पुरानी बस्तियों का उद्धार कराया और अस्सी नवीन बस्तियाँ निर्माण कराईं। यह लेख भरत की पुत्री शान्तलदेवी ने लिखवाया था। लेख नं० ६८ (१५९) और ३५१ (२२१) भी इसी नरेश के समय के विदित होते हैं उनमें कुछ जिन भक्त पुरुषों का उल्लेख है।

विष्णुवर्द्धन और लक्ष्मीदेवी के पुत्र नारसिंह प्रथम हुए जिनकी उपाधियों आदि का उल्लेख लेख नं० १३७ (३४५) और १३८ (३४९) में है। लेख नं० १३८ (३४९) में उल्लेख है कि उक्त नरेश के भण्डारि और मन्त्री हुल्ल ने बेलगोल में चतुर्विंशति जिनमन्दिर निर्माण कराया। यह मन्दिर भण्डारि बस्ति के नाम से प्रसिद्ध है। लेख में विनयादित्य से लगाकर नारसिंह प्रथम तक के वर्णन और हुल्ल के वंशपरिचय

के पश्चात् कहा गया है कि एक बार अपनी दिग्विजय के समय नरेश बेल्गोल में आये, गोम्मटेश्वर की वन्दना की और हुल्ल के बनवाये हुए चतुर्विंशति जिनालय के दर्शन कर उन्होंने इस मन्दिर का नाम 'भव्यचूडामणि' रक्खा क्योंकि हुल्ल की उपाधि 'सम्यक्त्वचूडामणि' थी। फिर उन्होंने मन्दिर के पूजन, दान तथा जीर्णोद्धार के हेतु 'सवणेरु' नामक ग्राम का दान किया। लेख में यह भी उल्लेख है कि हुल्ल ने नरेश की अनुमति से गोम्मटपुर के तथा व्यापारी वस्तुओं पर के कुछ कर (टैक्स) का दान मन्दिर को कर दिया। हुल्ल वाजि-वंश के जक्किराज (यक्षराज) और लोकाम्बिका के पुत्र, लक्ष्मण और अमर के ज्येष्ठ भ्राता तथा मलधारि स्वामी के शिष्य थे। सवणेरु ग्राम का दान उन्होंने भानुकीर्ति को दिया था। वे राज्यप्रबन्ध में 'योगन्धरायण' से भी अधिक कुशल और राजनीति में बृहस्पति से भी अधिक प्रवीण थे। लेख नं० १३७ (३४५) में भी नारसिंह के बेल्गोल की वन्दना करने का उल्लेख है और इस लेख से यह भी ज्ञात होता है कि हुल्ल विष्णुवर्द्धन के समय में भी राजदरबार में थे तथा लेख नं० ९० (२४०) व ४९१ से विदित होता है कि वे अगामी नरेश बल्लाल द्वितीय के समय में भी विद्यमान थे क्योंकि उन्होंने उक्त नरेश से एक दान प्राप्त किया था। इस लेख में हुल्ल की कीर्ति और धर्मपरायणता का खूब वर्णन है। वे चामुण्डराय और गङ्गराज की श्रेणी में ही सम्मिलित किये गये हैं। उन्होंने

बङ्कापुर और कलिविट के जिनमन्दिरों का जीर्णोद्धार कराया, कोपण में जैनाचार्यों के हेतु बहुत सी जमीन लगाई, कोलङ्गरे में छः नवीन जिनमन्दिर बनवाये और बेल्गोल में चतुर्विंशति तीर्थंकर मन्दिर बनवाया। उन्होंने गुणचन्द्र सिद्धान्तदेव के शिष्य महामण्डलाचार्य नयकीर्ति सिद्धान्तदेव को इस मन्दिर के आचार्य पद पर प्रतिष्ठित किया। लेख नं० ९० (२४०) में भी नारसिंह की बेल्गोल की वन्दना का उल्लेख है। इस लेख से विदित होता है कि सवणेरु के अतिरिक्त नरेश ने दो और ग्रामों—बेक और कगोरे—का दान दिया था। हुल्ल की प्रार्थना से इसी दान का समर्थन बल्लाल द्वितीय ने भी किया था (४९१)। लेख नं० ८० (१७८) और ३१६ (१८१) में भी इस दान का उल्लेख है। लेख नं० ४० (६४) में उल्लेख है कि हुल्ल ने अपने गुरु महामण्डलाचार्य देवकीर्ति पण्डितदेव की निषद्या निर्माण कराई जिसकी प्रतिष्ठा उन्होंने उनके शिष्य लक्खनन्दि, माधव और त्रिभुवनदेव द्वारा कराई। लेख नं० १३७ (३४६) में हुल्ल की भार्या पद्मावती के गुणों का वर्णन है। इस लेख में भी हुल्ल के नयकीर्ति के पुत्र भानुकीर्ति को सवणेरु ग्राम का दान करने का उल्लेख है।

नारसिंह प्रथम और उनकी रानी एचलदेवी के बल्लालदेव द्वितीय हुए। लेख नं० १२४ (३२७) १३० (३३१) और ४९१ में इनके वंश व उपाधियों आदि का वर्णन है।

वे सनिवार सिद्धि, गिरिदुर्गमल्ल व कुम्मट और एरम्बरगे के विजेता भी कहे गये हैं। उनकी उच्छङ्गि की विजय का बड़ा वीरतापूर्ण वर्णन दिया गया है। लेख नं० ४९१ (शक १०९५) इस राज्य का सबसे प्रथम लेख है। इसमें इन नरेश और उनके दण्डाधिप हुल्ल का परिचय है। नरेश ने चतुर्विंशति तीर्थंकर की पूजन के हेतु मारुहल्लिग्राम का दान दिया व हुल्ल के अनुरोध से बेक ग्राम के दान का समर्थन किया। यह दान नयकीर्ति के शिष्य भानुकीर्ति को दिया गया। लेख नं० ९० (२४०) में गङ्गराज की कीर्ति का वर्णन, व गुणचन्द्र के पुत्र नयकीर्त्ति का, नारसिंह प्रथम की बेल्गोल की वन्दना का तथा बल्लाल द्वारा नारसिंह के दान के समर्थन का उल्लेख पाया जाता है। लेख के अन्तिम भाग में कथन है कि नयकीर्ति के शिष्य अध्यात्मि बालचन्द्र ने एक बड़ा जिन मंदिर, एक बृहत् शासन, अनेक निषद्यायें व बहुत से तालाब आदि अपने गुरु की स्मृति मे निर्माण कराये। लेख नं० १२४ (३२७) (शक ११०३) में नरेश के मन्त्री चन्द्रमौलि की भार्या आचियक द्वारा बेल्गोल में पार्श्वनाथ बस्ति निर्माण कराये जाने का उल्लेख है। यह बस्ति अब अक्कन बस्ति के नाम से प्रसिद्ध है। चन्द्रमौलि शम्भूदेव और अक्कब्वे के पुत्र थे। वे शिवधर्मी ब्राह्मण थे और न्याय, साहित्य, भरत शास्त्र आदि विद्याओं में प्रवीण थे। उनकी भार्या आचियक व आचलदेवी जिनभक्ता थी। (आचलदेवी की वंशावली

के लिये देखो लेख नं० १६२४)। उनके गुरु नयकीर्ति और बालचन्द्र थे। लेख में कहा गया है कि चन्द्रमौलि की प्रार्थना पर बल्लालदेव ने आचलदेवी द्वारा निर्मापित मंदिर के हेतु बम्मेयन हल्लिग्राम का दान दिया। लेख में और भी दानों का उल्लेख है। उक्त दान का उल्लेख उसी ग्राम के लेख नं० ४६४ (शक ११०४) तथा लेख नं० १०७ (२५६) और ४२६ (३३१) में भी है। लेख नं० १३० (३३५) में विनयादित्य से लगाकर होय्सल नरेशों के परिचय के पश्चात् महामण्डलाचार्य नयकीर्ति की कीर्ति का वर्णन है और फिर नरेश के 'पट्टणस्वामी' नागदेव का परिचय है। देखो लेख नं० १३०)। नागदेव के अपने गुरु नयकीर्ति की निषद्या बनवाने का उल्लेख लेख नं० ४२ (६६) में भी है। नागदेव के कुछ और सत्कृत्यों और कुछ आचार्यों का परिचय लेख नं० १२२ (३२६) और ४६० (४०७) में पाया जाता है। लेख नं० ४७१ (३८०) में वसुधैकबान्धव रेचिमय्य के जिननाथपुर में शान्तिनाथ की प्रतिष्ठा कराने व शुभचन्द्र त्रैविद्य के शिष्य सागरनन्दि को उस मंदिर के आचार्य नियुक्त करने का उल्लेख है। यद्यपि इस लेख में किसी नरेश का उल्लेख नहीं है तथापि अन्य शिलालेखों से ज्ञात होता है कि रेचिमय्य इन्हीं बल्लालदेव के सेनापति थे। बल्लालदेव के पास आने से प्रथम वे कलचुरि नरेशों के मन्त्री थे। (मै० आ० रि० १९०९, पृ० २१; ए० क० ५, अर्सिकेरे ७७, ए० क० ७,

शिकारपुर १९७) लेख नं० ४९५ में बल्लालदेव के समय में अपने गुरु श्रीपाल योगीन्द्र के स्वर्गवास होने पर वादिराजदेव के परवादिमल्ल जिनालय निर्माण कराने व भूमिदान देने का उल्लेख है।

इस राज्य का अन्तिम लेख नं० १२८ (३३३) (शक ११२८) का है जिसमें वीर बल्लालदेव के कुमार सोमेश्वरदेव और उनके मंत्री रामदेव नायक का उल्लेख है। इतिहास में कहीं अन्यत्र बल्लालदेव के सोमेश्वर नामक पुत्र का कोई उल्लेख नहीं पाया जाता। कुछ विद्वानों का अनुमान है कि सम्भवतः नरेश का कोई प्रतिनिधि ही यहाँ विनय से अपने को नरेश का पुत्र कहता है। (लेख के सारांश के लिये देखो नं० १२८)।

बल्लाल द्वितीय के पुत्र नारसिंह द्वितीय के समय का एक ही लेख इस संग्रह में आया है। लेख नं० ८१ (१८६) में कहा गया है कि पृथ्वीवल्लभ महाराजाधिराज परमेश्वर नारसिंह के राज्य में पदुमसेट्टि के पुत्र व आध्यात्मि बालचन्द्र के शिष्य गोम्मटसेट्टि ने गोम्मटेश्वर की पूजा के लिये बारह गद्याण का दान दिया।

नरसिंह द्वितीय के उत्तराधिकारी सोमेश्वर के समय का लेख नं० ४९९ (शक ११७०) है। इसमे सोमेश्वर की विजय व कीर्ति का परिचय उनकी उपाधियों में पाया जाता है। लेख में कहा गया है कि सोमेश्वर के सेनापति 'शान्त' ने

शान्तिनाथ मन्दिर का जीर्णोद्धार कराया। लेख में माघनन्दि आचार्यों की परम्परा भी दी है।

लेख नं० ९६ (२४६) (शक ११९६) में वीर नारसिंह तृतीय (सोमेश्वर के पुत्र व नारसिंह द्वितीय के प्रपौत्र) का उल्लेख है। लेख नं० १२९ (३३४) (शक १२०५) भी सम्भवत: इसी राजा के समय का है। इस लेख में होयसल वंश की स्तुति है, और कहा गया है कि उस समय के नरेश के गुरु मेघनन्दि थे। ये ही सम्भवत: शास्त्रसार के कर्ता थे जिसका उल्लेख लेख के प्रथम पद्य में ही है। (सारांश के लिये देखो लेख नं० ९६)।

लेख नं० १०५ (२५४) (शक १३२०) के ४६ वें पद्य में व लेख नं० १०८ (२५८) (शक १३५५) के २९ वें पद्य में उल्लेख है कि बल्लाल नरेश की एक घोर व्याधि से चारुदत्त गुरु ने रक्षा की थी। यह नरेश इस वंश के बल्लाल प्रथम, विष्णुवर्द्धन के ज्येष्ठ भ्राता हैं जिन्होंने बहुत अल्पकाल राज्य किया था। 'भुजबलि शतक' में कहा गया है कि इस नरेश को पूर्वजन्म के संस्कार से भारी प्रेत बाधा थी जिसे चारुकीर्ति ने दूर की। इसी से इन आचार्य को 'बल्लालजीवरक्षक' की उपाधि प्राप्त हुई।

विजयनगर

जब सन् १३२७ ईस्वी में मुहम्मद तुगलक ने होटसल राज्य का पूर्ण रूप से सत्यानाश कर डाला और होटसल राज्य को अपने साम्राज्य में मिला लिया तब दक्षिण के अन्य राज्य सचेत हुए। वे सब दो वीर योधाओं के नायकत्व में एकत्र हुए। इन वीर योधाओं, जिनके वंश आदि का विशेष कुछ पता नहीं चलता, ने थोड़े ही वर्षों में एक राज्य स्थापित किया जिसकी राजधानी उन्होंने विजयनगर बनाई। उक्त दोनों वीरों के नाम क्रमश: हरीहर और बुक्क थे और वे दोनों भ्राता थे। इन्होंने मुसलमानों के बढ़ते प्रवाह को रोक दिया। इसी समय दक्षिण में मुसलमानों ने बहमनी राज्य स्थापित किया जिसकी राजधानी गुलबर्गा थी। अब दक्षिण में ये दोनों राज्य ही मुख्य रहे और दोनों आपस में लगातार झगड़ते रहे। सन् १४८१ के लगभग बहमनी राज्य बरार, विदर, अहमदनगर, गोलकुण्डा और बीजापुर इन पांच भागों में बट गया। विजयनगर नरेशों का झगड़ा बीजापुर के आदिल शाहों से चलता रहा। इनमें अधिकत: विजयनगर विजयी रहता था क्योंकि उक्त पांचों मुसलमानी राज्यों में द्वेष था। अन्त में मुसलमानी राजाओं ने अपनी भूल पहचान ली। वे सन् १५६५ में एक होकर तालीकोटा के मैदान पर इकट्ठे हुए और यहां दक्षिण भारत में हिन्दू साम्राज्य का निपटारा सदैव के लिये हो गया। विजयनगर-नरेश रामराय कैद कर लिये

गये और मार डाले गये और उनकी सुन्दर राजधानी विजय-नगर विध्वंस कर दी गई। यह संक्षिप्त में विजयनगर राज्य का इतिहास है।

अब संग्रहीत लेखों में इस राज्य के जो उल्लेख आये हैं उन्हें देखिये।

इस राजवंश के सम्बन्ध का सबसे प्रथम और सबसे महत्व का लेख नं० १३६ (३४४) (शक १२९०) का है जिसमें बुकराय प्रथम द्वारा जैन और वैष्णव सम्प्रदायों के बीच शान्ति और संधि स्थापित किये जाने का वर्णन है। वैष्णवों ने जैनियों के अधिकारों में कुछ हस्तक्षेप किया था। इसके लिये जैनियों ने नरेश से प्रार्थना की। नरेश ने जैनियों का हाथ वैष्णवों के हाथ पर रखकर कहा कि धार्मिकता मे जैनियों और वैष्णवों में कोई भेद नहीं है। जैनियों का पूर्ववत् ही पञ्च-महावाद्य और कलश का अधिकार है। जैन दर्शन की हानि व वृद्धि को वैष्णवों को अपनी ही हानि व वृद्धि समझना चाहिए। श्री वैष्णवों को इस विषय के शासन समस्त बस्तियों में लगा देना चाहिए। जब तक सूर्य और चन्द्र हैं तब तक वैष्णव जैन धर्म की रक्षा करेंगे। इसके अतिरिक्त लेख में कहा गया है कि प्रत्येक जैन गृह से कुछ द्रव्य प्रति वर्ष एकत्रित किया जायगा जिससे बेल्गोल के देव की रक्षा के लिये बीस रक्षक रक्खे जावेंगे व शेष द्रव्य मंदिरों के जीर्णोद्धारादि में खर्च किया जावेगा। जो इस शासन का उल्लंघन करेगा

वह राज्य का, संघ का व समुदाय का द्रोही ठहरेगा। इस सम्बन्ध में कदम्बहल्लि की शान्तीश्वर बस्ती का स्तम्भ लेख भी महत्व पूर्ण है। इस लेख में शैवों द्वारा जैनियों के अधिकारों की रक्षा का उल्लेख है। उसमें कहा गया है कि यमादि योग गुणों के धारक, गुरु और देवों के भक्त, कलिकाल की कालिमा के प्रक्षालक, लाकुलीश्वर सिद्धान्त के अनुयायी, पञ्चदीक्षा क्रियायों के विधायक सात करोड़ श्रीरुद्रों ने एकत्रित होकर मूलसंघ, देशीगण, पुस्तक गच्छ के कदम्बहल्लि के जिनालय को 'एकोटि जिनालय' की उपाधि तथा पञ्चमहावाद्य का अधिकार प्रदान किया। जो कोई इसमें 'ऐसा नहीं होना चाहिए' कहेगा वह शिव का द्रोही ठहरेगा। यह लेख लगभग शक सं० ११२२ का है।

लेख नं० १२६ (३२९) में हरिहर द्वितीय की मृत्यु का उल्लेख है जो तारण संवत्सर (शक १३६८) भाद्रपद कृष्णा दशमी सोमवार को हुई। अन्य एक लेख (ए० क० ८, तीर्थहल्लि १२९) से भी इसी बात का समर्थन होता है। लेख नं० ४२८ (३३७) से विदित होता है कि देवराय महाराय की रानी व पण्डिताचार्य की शिष्या भीमादेवी ने मङ्गायी बस्ति में शान्तिनाथ भगवान् की प्रतिष्ठा कराई। यह राजा सम्भवतः देवराय प्रथम है। शिलालेख से यह नई बात विदित होती है कि इस राजा की रानी जैनधर्मावलम्बिनी थी। यह लेख लगभग शक सं० १३३२ का है। लेख

नं० ८२ (२५३) (शक १३४४) में हरिहर द्वितीय के सेनापति इरुगप का परिचय है और कहा गया है कि उन्होंने बेल्गोल, एक वनकुञ्ज और एक तालाब का दान गोम्मटेश्वर के हेतु कर दिया। लेख में इरुगप की वंशावली इस प्रकार पाई जाती है—

लेख में पण्डितार्य और श्रुतमुनि की प्रशंसा के पश्चात् कहा गया है कि श्रुतमुनि के समक्ष उक्त दान दिया गया था। यह लेख शक सं० १३४४ का है जिससे विदित होता है कि इरुगप देवराय द्वितीय के समय में भी विद्यमान थे। इरुगप संस्कृत के अच्छे विद्वान् थे। उन्होंने 'नानार्थरत्नमाला' नामक पद्यात्मक कोष की रचना की थी। उनके तीन और लेख मिले हैं (ए० इ० ७, ११५; स० इ० इ० १—१५६) जिनमें से दो शक सं० १३०४ और १३०९ के हैं जिनमें पण्डितार्य की प्रशंसा है व तीसरा शक सं० १३०७ का है और उसमें

कथन है कि इरुगप ने विजयनगर में कुंथजिनालय निर्माण कराया। लेख नं० १२५ (३२८) और १२७ (३३०) में देवराय द्वितीय की चय संवत्सर (शक १३६८) में मृत्यु का उल्लेख है।

मैसूर राजवंश

लेख नं० ८४ (२५०) शक सं० १५५६ का है। इसमें मैसूर नरेश चामराज ओडेयर द्वारा बेलगोल के मंदिरों की जमीन के, जो बहुत दिनों से रहन थी, मुक्त कराये जाने का उल्लेख है। नरेश ने जिन लोगों को इस अवसर पर बुलवाया था उनमें भुजबलि चरित के कर्ता पञ्चबाण कवि के पुत्र बोम्यण्ण व कवि बोमण्ण भी थे। इसी विषय का कुछ और विशेष विवरण लेख नं० १४० (३५२) (शक १५५६) में पाया जाता है। इस लेख में राजा की ओर से मंदिर की भूमि रहन करने व कराने का निषेध किया गया है। यद्यपि लेखों में इस बात का उल्लेख नहीं है तथापि यह प्रायः निश्चय ही है कि उक्त विषय के निर्णय के लिये नरेश बेलगोल अवश्य गये होंगे। चिदानन्द कवि के मुनिवंशाभ्युदय में नरेश की बेल्गोल की यात्रा का इस प्रकार वर्णन है। "मैसूर नरेश चामराज बेल्गोल में आये और गर्भगृह में से गोम्मटेश्वर के दर्शन किये। फिर उन्होंने द्वारे पर आकर दोनों बाजुओं के

शिलालेख पढ़वाये। उन्होंने यह ज्ञात किया कि किस प्रकार चामुण्डराय बेल्गोल आये थे और अपने गुरु नेमिचन्द्र की प्रेरणा से उन्होंने गोम्मटेश्वर को एक लाख छयानवे हजार 'वरह' की आय के ग्रामों का दान दिया था। इसके पश्चात् नरेश सिद्धर बस्ति में गये और वहाँ के लेखों से जैनाचार्यों की वंशावली, उनके महत्व व उनके कार्यों का परिचय प्राप्त किया। फिर उन्होंने यह पूछा कि अब गुरु कहाँ गये। बम्मण कवि, जो मन्दिर के अध्यक्षों में से थे, ने उत्तर दिया कि जगदेव के तेलुगु सामन्त के त्रास के कारण गोम्मटेश्वर की पूजा बन्द कर दी गई है और गुरु चारुकीर्ति उस स्थान को छोड़ भैरव-राज की रक्षा में भल्लातकीपुर (गेरुसोप्पे) में रहते हैं। इस पर नरेश ने गुरु को बुला लेने के लिये कहा और नया दान देने का वचन दिया। फिर उन्होंने भण्डारि बस्ति के दर्शन किये और चन्द्रगिरि के सब मंदिरों के दर्शन कर वे सेरिङ्गा-पट्टम को लौट गये। पदुमण सेट्टि और पदुमण पण्डित चारु-कीर्ति को लेने के लिये भल्लातकीपुर भेजे गये। उनके आने पर वे सत्कार से बेल्गोल पहुँचाये गये और राजा ने वचना-नुसार दान दिया।" उपरोक्त वर्णन में जिस जगदेव का उल्लेख आया है वह चेन्नपट्टन का सामन्त राजा था। वह शक सं० १५५२ में चामराज द्वारा हराकर राज्यच्युत कर दिया गया।

लेख नं० ४४४ (३६५) मे चिक्कदेवराज ओडेयर द्वारा बेल्गोल में एक कल्याणि (कुण्ड) निर्माण कराये जाने का

उल्लेख है। लेख नं० ८३ (२४९) मे कृष्णराज ओडेयर के शक सं० १६४५ में बेल्गोल मे आने व गोम्मटेश्वर के हेतु बेल्गोल आदि कई ग्रामों के दान का व चिक्कदेवराजवाले कुण्ड के निकट बनी हुई दानशाला के हेतु कबाले नामक ग्राम के दान का उल्लेख है। लेख में कहा गया है कि गोम्मटेश्वर के दर्शन कर नरेश बहुत ही प्रसन्न हुए और पुलकितगात्र होकर उन्होंने उक्त दान दिये। अनन्तकवि कृत 'गोम्मटेश्वर चरित' में भी इस नरेश की बेल्गोल-यात्रा का वर्णन है।

लेख नं० ४३३ (३५३) और ४३४ (३५४) कागज पर लिखी हुई कृष्णराज ओडेयर तृतीय की सनदें हैं जो समय-समय पर बेल्गोल के गुरु को दी गई हैं। इनमें की प्रथम सनद नरेश के मंत्री पुर्णय्य की दी हुई है और उस में कृष्ण-राज ओडेयर प्रथम के दान का समर्थन किया गया है। द्वितीय सनद स्वयं नरेश ने दी है। उसमें बेल्गोल के समस्त मंदिरों के खर्च व जीर्णोद्धार के लिये तीन ग्रामों के दान का उल्लेख है। इस लेख में समस्त मंदिरों की संख्या तेतीस दी है—विन्ध्यगिरि पर आठ, चन्द्रगिरि पर सोलह, ग्राम में आठ व मलेयूर की पहाड़ी पर एक। इससे पूर्व मठ को उक्त मंदिरों के खर्च व जीर्णोद्धार के लिये राज्य से एक सौ बीस वरह का दान मिलता था। पर यह उक्त कार्य के लिये यथेष्ट नहीं था इसी से राजमहल के

लक्ष्मी पंडित की प्रार्थना पर इसके बदले तीन ग्रामों का उक्त दान दिया गया * ।

कृष्णराज ओडेयर तृतीय के समय का एक और लेख नं० ९८ (२२३) (शक १७४८) है। इस लेख में उल्लेख है कि चामुण्डराज के एक वंशज, कृष्णराज के प्रधान अङ्गरक्षक की मृत्यु गोम्मटेश्वर के मस्तकाभिषेक के दिवस हुई। इस पर उनके पुत्र ने गोम्मट स्वामी की प्रतिवर्ष पूजा के हेतु कुछ दान दिया।

वर्तमान महाराजा कृष्णराज ओडेयर चतुर्थ का नाम तिथि सहित चन्द्रगिरि के शिखर पर अंकित है जो नवम्बर १९०० ईस्वी में उनके बेल्गोल आने का स्मारक है।

कदम्ब वंश

अनुमान शक की नवमी शताब्दि के लेख नं० २८२ (४४३) में काञ्चिन दोणे के पास एक कदम्ब राजा की आज्ञा से तीन शिलायें लाई जाने का उल्लेख है। यह कदम्ब नरेश कौन था व शिलायें किस हेतु लाई गई थीं यह विदित करने के कोई साधन उपलब्ध नहीं हैं।

---

* लेख नं० १४१ राइस साहब के संग्रह में छपा है पर श्रीयुक्त नरसिंहाचार के नये संस्करण में वह नहीं छापा गया। श्रीयुक्त नरसिंहाचार का कथन है कि यह लेख उपर्युक्त दोनों सनदों के ऊपर से तैयार किया गया है और इसका अब मठ में पता नहीं चलता (देखो लेख नं० १४१)

नोलम्ब व पल्लव वंश

लेख नं० १०६ (२८१) में चामुण्डराज द्वारा नोलम्ब नरेश के हराये जाने का उल्लेख है। सम्भवतः यह नरेश दिलीप का पुत्र नन्नि नोलम्ब था। लेख नं० १२० (३१८) में अरकेरे के वीर पल्लवराय व उसके पुत्र शङ्कर नायक के नाम पाये जाते हैं। शङ्कर नायक का नाम लेख नं० ७३ (१७०) व २४६ (१७१) में भी पाया जाता है। ये लेख लगभग शक सं० ११४० के हैं।

चोलवंश

शक की दशवीं शताब्दि के एक अधूरे लेख नं० ४६६ (३७८) में एक चोल पेर्मडि का गङ्गों के साथ युद्ध का उल्लेख है। सम्भवतः यह नरेश राजेन्द्र चोल ही था जो गङ्गनरेश भूतराय द्वारा शक सं० ८७१ के लगभग मारा गया था जिसका कि उल्लेख असकूर के लेख में है। लेख नं० ६० (२४०), ३६० (२५१) व ४८६ (३६७) में गङ्गराज द्वारा चोलराज नरसिंह वर्मा व दामोदर की पराजय का उल्लेख है।

कोङ्गाल्ववंश

कोङ्गाल्व नरेशों का राज्य अर्कलगुद तालुका के अन्तर्गत कावेरी और हेमवती नदियों के बीच था। इनके लेख शक सं० ६४२ से १०२२ तक के पाये गये हैं। इन्हीं के दक्षिण में चङ्गाल्व राज्य था। इस वंश का सबसे अच्छा परिचय लेख नं० ५०० में राजा की उपाधियों में पाया जाता है।

वहाँ इस वंश के राजा राजेन्द्र पृथ्वी 'समधिगतपञ्चमहाशब्द', 'महामण्डलेश्वर', 'ओरेयूरपुरवराधीश्वर', 'चोलकुलोदयाचलगभस्तिमाली' व 'सूर्यवंशशिखामणि' कहे गये हैं। इससे स्पष्ट है कि कोङ्गाल्व नरेश सूर्यवंशी थे और चोलवंश से उनकी उत्पत्ति थी। ओरेयूर व उरगपूर चोल राज्य की प्राचीन राजधानी थी। इस वंश के शिलालेखों से अब तक निम्नलिखित राजाओं के नाम व समय विदित हुए हैं—

	सन् ईस्वी
बडिव कोङ्गाल्व.........	
राजेन्द्र चोल पृथुवी महाराज..................	१०२२
राजेन्द्र चोल कोङ्गाल्व.........	१०२६
राजेन्द्र पृथुवी कोङ्गाल्वदेव अदटरादित्य...	१०६६–११००
त्रिभुवनमल्ल चोल कोङ्गाल्वदेव अदटरादित्य......	११००

लेख नं० ५०० (शक १००१) व अन्य लेखों से स्पष्ट है कि अदटरादित्य जैनधर्मावलम्बी था। उक्त लेख में उभयसिद्धान्त-रत्नाकर प्रभाचन्द्र सिद्धान्तदेव की कीर्ति के पश्चात् कहा गया है कि अदटरादित्य नरेश राजेन्द्र पृथुवी कोङ्गाल्व ने गण्डविमुक्त सिद्धान्तदेव के लिये चैत्यालय बनवाया। यह लेख चतुर्भाषाविज्ञ सान्धिविग्रहिक नकुलार्य का लिखा हुआ है। लेख नं० ४६८ त्रिभुवनमल्ल चोल कोङ्गाल्व देव के समय का है।

चङ्गल्ववंश

इस वंश के नरेशों का राज्य पश्चिम मैसूर और कुर्ग में था। वे अपने को यादववंशी कहते थे। उनका प्राचीन स्थान

चङ्गनाडु (आधुनिक हुणसूर तालुका) था। लेख नं० १०३ (२८८) में कथन है कि इस वंश के एक नरेश कुलोत्तुङ्ग चङ्गाल्व महादेव के मन्त्री के पुत्र ने गोम्मटेश्वर की ऊपरी मञ्जिल का शक सं० १४२२ में जीर्णोद्धार कराया। उक्त नरेश का उल्लेख एक और लेख में भी पाया गया है (ए. क. ४, हुणसूर ६३)

निडुगलवंश

निडुगल नरेश सूर्यवंशी थे और अपने को करिकाल चोल के वंशज कहते थे। वे ओरेयूराधीश्वर की उपाधि धारण करते थे। ओरेयूर (त्रिचनापल्ली के समीप) चोल राज्य की प्राचीन राजधानी थी। ये नरेश चोल महाराजा भी कहलाते थे। उनकी राजधानी पेञ्जेरु थी जो अब अनन्तपुर जिले में हेमावती कहलाती है। होय्सल नरेश विष्णुवर्द्धन के समय इस वंश का एक 'इरुङ्गोल' नाम का राजा राज्य करता था। लेख नं० ४२ (६६) में उसके नयकीर्ति सिद्धान्तदेव के शिष्य होने व लेख नं० १३८ (३४६) में उसके विष्णुवर्द्धन द्वारा हराये जाने का उल्लेख है।

उपर्युक्त राजकुलों के अतिरिक्त कुछ लेखों में और भी फुटकर राजाओं व राजवंशों का उल्लेख है। लेख नं० १५२ (११) में अरिष्टनेमि गुरु के समाधिमरण के समय **दिण्डिकराज** उपस्थित थे। दिण्डिक का उल्लेख एक और लेख (सा. इ. इ. २-३८१) में भी आया है पर वह लेख लगभग

सन् ८०० का है और प्रस्तुत लेख उससे कोई दो सौ वर्ष प्राचीन अनुमान किया जाता है। लेख नं० १४ (३४) की नागसेन प्रशस्ति में **नागनायक** नाम के एक सामन्त राजा का उल्लेख है। लेख नं० ५५ (६९) में कहा गया है कि प्रभाचन्द्र **धाराधीश भोज** द्वारा व यशःकीर्ति **सिंहलनरेश** द्वारा सम्मानित हुए थे। लेख नं० ५४ (६७) में कथन है कि अकलङ्क देव ने **हिमशीतल** नरेश की सभा में बौद्धों को परास्त किया था व चतुर्मुखदेव ने **पाण्ड्यनरेश** द्वारा स्वामी की उपाधि प्राप्त की थी। लेख नं० ३७ (१४९) में **गरुड़केसिराज** व नं० २९६ (४५७) में **बालादित्य**, वत्सनरेश, का उल्लेख है। लेख नं० ४० (६४) में सामन्त केदार नाकरस कामदेव व निम्बदेव माघनन्दि के, व दण्डनायक मरियाणे और भरत व बूचिमय्य और कोरय्य गण्डविमुक्तदेव के शिष्य कहे गये हैं। निम्ब के माघनन्दि के शिष्य होने का समाचार तेरदाल के एक लेख (इ. ए. १४, १४) में भी पाया जाता है। शुभचन्द्र के शिष्य पद्मनन्दि ने अपनी 'एकत्वसतति' में उन्हें सामन्तचूड़ामणि कहा है। नं० ४७७ (३८७) में **सिंगयपनायक** व नं० ४१ (६५) में बेलुकेरे के राजा **गुम्मट** का उल्लेख है। गुम्मट ने शुभचन्द्र देव की निषद्या बनवाई थी। लेख नं० १०५ (२५४) में हरियण और माणिकदेव नामक दो सामन्त राजाओं के पण्डितार्य के शिष्य होने का उल्लेख है।

लेखों का मूल प्रयोजन

प्रस्तुत लेखों का मूल प्रयोजन धार्मिक है। इस सङ्ग्रह में लगभग एक सौ लेख मुनिओं, आर्जिकाओं, श्रावक और श्राविकाओं के समाधिमरण के स्मारक हैं; लगभग एक सौ मन्दिर-निर्माण, मूर्तिप्रतिष्ठा दानशाला, वाचनालय, मन्दिरों के दरवाजे, परकोटे, सिढियां, रङ्गशालायें, तालाब, कुण्ड, उद्यान, जीर्णोद्धार आदि कार्यों के स्मारक हैं, अन्य एक सौ के लगभग मन्दिरों के खर्च, जीर्णोद्धार, पूजा, अभिषेक, आहारदान आदि के लिये ग्राम, भूमि, व रकम के दान के स्मारक हैं, लगभग एक सौ साठ संघों और यात्रियों की तीर्थयात्रा के स्मारक हैं और शेष चालीस ऐसे हैं जो या तो किसी आचार्य, श्रावक, व योधा की स्तुति मात्र हैं, व किसी स्थान-विशेष का नाम मात्र अंकित करते हैं व जिनका प्रयोजन अपूर्ण होने के कारण स्पष्ट विदित नहीं हो सकता।

सल्लेखना—समाधिमरण से सम्बन्ध रखनेवाले सौ लेखों में अधिकांश—अर्थात् लगभग साठ—सातवीं आठवीं शताब्दि व उससे पूर्व के हैं और शेष उससे पश्चात् के। इससे अनुमान होता है कि सातवीं आठवीं शताब्दि में सल्लेखना का जितना प्रचार था उतना उससे पश्चात् की शताब्दियों में नहीं रहा। समाधिमरण करनेवालों में लगभग सोलह के संख्या स्त्रियों—अर्जिकाओं व श्राविकाओं—की भी है। लेखों में कहीं पर इसे सल्लेखना, कहीं समाधि, कहीं संन्यसन,

कहीं व्रत व उपवास व अनशन द्वारा मरण व स्वर्गारोहण कहा है। अनेक स्थानों पर सल्लेखना मरण की सूचना केवल मुनियों व श्रावकों की निषद्याओं (स्मारकों) से चलता है।

सल्लेखना क्यों और किस प्रकार की जाती थी इसके सम्बन्ध में प्राचीन जैन ग्रन्थों मे समाचार मिलते हैं। इस विषय पर समन्तभद्र स्वामी कृत रत्नकरण्ड श्रावकाचार में इस प्रकार कहा है—

उपसर्गे दुर्भिक्षे जरसि रुजायां च निःप्रतीकारे।
धर्माय तनुविमोचनमाहुः सल्लेखनामार्याः॥ १॥
स्नेहं वैरं सङ्गं परिग्रहं चापहाय शुद्धमनाः।
स्वजनं परिजनमपि च क्षान्त्वा क्षमयेत्प्रियवचनैः॥ २॥
आलोच्य सर्वमेनः कृतकारितमनुमतं च निर्व्याजम्।
आरोपयेन्महाव्रतमामरणस्थायि निश्शेषम्॥ ३॥
शोकं भयमवसादं क्लेदं कालुष्यमरतिमपि हित्वा।
सत्वोत्साहमुदीर्य च मनः प्रसाद्यं श्रुतैरमृतैः॥ ४॥
आहारं परिहाप्य क्रमशः स्निग्धं विवर्धयेत्पानं।
स्निग्धं च हापयित्वा खरपानं पूरयेत्क्रमशः॥ ६॥
खरपानहापनामपि कृत्वा कृत्वोपवासमपि शक्त्या।
पञ्चनमस्कारमनास्तनुं त्यजेत्सर्वयत्नेन॥ ६॥

अर्थात् "जब कोई उपसर्ग व दुर्भिक्ष पड़े, व बुढ़ापा व व्याधि सतावे और निवारण न की जा सके उस समय धर्म की रक्षा के हेतु शरीर त्याग करने को सल्लेखना कहते हैं। इसके

लिये प्रथम स्नेह व वैर, संग व परिग्रह का त्याग कर मन को शुद्ध करे व अपने भाई बन्धु व अन्य जनों को प्रिय वचनों द्वारा क्षमा प्रदान करे और उनसे क्षमा करावे। तत्पश्चात् निष्कपट मन से अपने कृत, कारित व अनुमोदित पापों की आलोचना करे और फिर यावज्जीवन के लिये पञ्चमहाव्रतों को धारण करे। शोक, भय, विषाद, स्नेह, रागद्वेषादि परिणति का त्याग कर शास्त्र-वचनों द्वारा मन को प्रसन्न और उत्साहित करे। तत्पश्चात् क्रमशः कवलाहार का परित्याग कर दुग्धादि का भोजन करे। फिर दुग्धादि का परित्याग कर कांजिकादि शुद्ध पानी (व गरम जल) का पान करे। फिर क्रमशः इसे भी त्यागकर शक्त्यनुसार उपवास करे और पञ्चनमस्कार का चिन्तवन करता हुआ यत्नपूर्वक शरीर का परित्याग करे।" यह सल्लेखना मुनियों के लिये ही नहीं श्रावकों को भी उपादेय कही गई है। आशाधरजी ने अपने धर्मामृत ग्रन्थ में कहा है—

सम्यक्त्वममलममलान्यनुगुणशिक्षाव्रतानि मरणान्ते।
सल्लेखना च विधिना पूर्णः सागारधर्मोऽयम्॥

अर्थात् शुद्ध सम्यक्त्व, अणुव्रत, गुणव्रत और शिक्षाव्रतों का पालन व मरण समय सल्लेखना यह गृहस्थों का सम्पूर्ण धर्म है। कुछ शिलालेखों में जितने दिनों के उपवास के पश्चात् समाधि मरण हुआ उसकी संख्या भी दी है। लेख नं० ३८ (५९) में तीन दिन, नं० १३ (३३) में इक्कीस दिन, व नं० ८ (२५); ५३ (१०३) और ७२ (१९७)

में एक माह का उल्लेख है। सबसे प्राचीन लेख समाधि-मरण के विषय के ही हैं। लेख नं० १ जो सब लेखों में प्राचीन है, भद्रबाहु के (व कुछ विद्वानों के मतानुसार प्रभाचन्द्र के) समाधिमरण का उल्लेख करता है। इसका विवेचन ऊपर किया जा चुका है। इस लेख की लिपि छठवीं सातवीं शताब्दि की अनुमान की जाती है। इसी प्रकार जैन इतिहास के लिये सबसे महत्वपूर्ण लेख भी इसी विषय के हैं। देवकीर्ति प्रशस्ति नं० ३९-४० (६३-६४) शुभचन्द्र प्रशस्ति नं० ४१ (६५), मेघचन्द्र प्रशस्ति ४७ (१२), प्रभाचन्द्र प्रशस्ति ५० (१४०) मल्लिषेण प्रशस्ति ५४ (६७), पण्डितार्य प्रशस्ति १०५ (२५४), व श्रुतमुनि प्रशस्ति १०८ (२५८) में उक्त आचार्यों के कीर्ति-सहित स्वर्गवास का वर्णन है। लेख नं० १५९ (२२) में कहा गया है कि कालत्तूर के एक मुनि ने कटवप्र पर १०८ वर्ष तक तपश्चरण करके समाधिमरण किया। इन्हीं लेखों में आचार्यों की परम्परायें व गण गच्छों के समाचार पाये जाते हैं, जिनका सविस्तर विवेचन आगे किया जावेगा।

यात्रियों के लेख—जैन औपदेशिक ग्रन्थों में श्रावक-धर्म के अन्तर्गत तीर्थयात्रा का भी विधान है। जिन स्थानों पर जैन तीर्थंकरों के कल्याणक हुए हैं व जिन स्थानों से मुनियों ने मोक्ष प्राप्त किया है व जहाँ अन्य कोई असाधारण धार्मिक घटना घटी हो वे सब स्थान 'तीर्थ' कहलाते हैं। गृहस्थों को समय समय पर पुण्य का लाभ करने के हेतु इन स्थानों की

वन्दना करनी चाहिए। श्रवणबेल्गोल बहुत काल से एक ऐसा ही स्थान माना जाता रहा है। इस लेख-संग्रह में लगभग १६० लेख तीर्थ-यात्रियों के हैं। इनमें के अधिकांश-लगभग १०७—दक्षिण भारत के यात्रियों के और शेष उत्तर भारत-वासियों के हैं। दक्षिणी यात्रियों के लेखों में लगभग ५४ में केवल यात्रियों के नाम मात्र अंकित हैं, शेष लेखों में यात्रियों की केवल उपाधियाँ व उपाधियों सहित नाम पाये जाते हैं। कुछ लेखों में यह भी स्पष्ट कहा है कि अमुक यात्री व यात्रियों ने देव की व तीर्थ की वन्दना की। यात्रियों के जो नाम पाये जाते हैं उनमें से कुछ ये हैं—श्रीधरन्, वीतराशि, चावुण्डय्य, कविरत्न, अकलङ्क पण्डित, अलम्बकुमार महामुनि, मालव अमावर, सहदेव मणि, चन्द्रकीर्ति, नागवर्म्म, मारसिङ्गय्य और मल्लिपंण। सम्भव है कि इनमें के 'कविरत्न' वही कन्नड भाषा के प्रसिद्ध कवि हों जिन्हें चालुक्य नरेश तैल तृतीय ने 'कविचक्रवर्त्ति' की उपाधि से विभूषित किया था व जिन्होंने शक सं० ६१५ में 'अजितपुराण' की रचना की थी। नागवर्म सम्भवतः वही प्रसिद्ध कनाड़ी कवि हों जिन्हें गङ्गनरेश रक्कसगङ्ग ने अपने दरबार में रक्खा था और जिन्होंने 'छन्दोम्बुधि' और 'कादम्बरी' नामक काव्यों की रचना की थी। 'चन्द्रकीर्ति' सम्भव है वे ही आचार्य हों जिनका उल्लेख ४३ (११७) में आया है। आश्चर्य नहीं जो चावुण्डय्य और मारसिङ्गय्य क्रमशः चामुण्डराज मन्त्री और मारसिंह नरेश ही

हां। केवल उपाधियों में से कुछ इस प्रकार हैं—समधिगत पञ्चमहाशब्द, महामण्डलेश्वर, श्रीराजन् चट्ट (राजव्यापारी), श्रीबड्डवरवण्ट (गरीबों का सेवक), रणधीर, इत्यादि। उपाधि-सहित नामों के उदाहरण इस प्रकार हैं—श्री ऐचय्य-विरोधि-निष्ठुर, श्रीजिनमार्गनीति-सम्पन्न-सर्पचूडामणि, श्रीवत्सराज बालादित्य, अरिष्टनेमि पण्डित परसमयध्वंसक, इत्यादि। जिनके साथ में यह भी कहा गया है कि उन्होंने देव की व तीर्थ की वन्दना की, उनमें से कुछ के नाम ये हैं—मल्लिषेण भट्टारक के शिष्य चरेङ्गय्य, अभयनन्दि पण्डित के शिष्य कोत्तय्य, श्रीवर्म्मचन्द्रगीतय्य, नयनन्दि विमुक्तदेव के शिष्य मधुवय्य, नागति के राजा इत्यादि। कुछ शिल्पियों के नाम भी हैं, जैसे—गण्डविमुक्तसिद्धान्तदेव के शिष्य श्रीधरवोज, बिदिग, ववोज, चन्द्रादित और नागवर्म्म।

इस प्रकार के शिलालेख यों तो निरुपयोगी समझ पड़ते हैं पर इतिहासखोजक के लिये कभी-कभी ये ही बड़े उपयोगी सिद्ध होते हैं। कम से कम उनसे यह बात तो सिद्ध होती ही है कि कितने प्राचीन समय से उक्त स्थान तीर्थ माना जाता रहा है और यति, मुनि, कवि, राजा, शिल्पी, आदि कितने प्रकार के यात्रियों ने समय समय पर उस स्थान की पूजा वन्दना करना अपना धर्म समझा है। इससे उस स्थान की धार्मिकता, प्राचीनता और प्रसिद्धि का पता चलता है।

उत्तर भारत के यात्रियों के लेखों की संख्या लगभग ५३ है। ये सब मारवाड़ी-हिन्दी भाषा में हैं। लिपि के अनुसार ये लेख दो भागों में विभक्त किये जा सकते हैं। ३६ लेखों की लिपि नागरी है और १७ की महाजनी। नागरी लेखों का समय लगभग शक सं० १४०० से १७६० तक है। इनमें के दो लेख स्याही से लिखे हुए हैं। इन लेखों में के अधिकांश यात्री काष्ठा संघ के थे जिनमें के कुछ मण्डितटगच्छ के थे। यह गच्छ काष्ठा संघ के ही अन्तर्गत है। कुछ यात्रियों के साथ उनकी **बघेरवाल** जाति व **गोनासा** और **पीतला** गोत्र का उल्लेख है। कुछ लेखों में यात्रियों के निवासस्थान पुरस्थान, माडवागढ़ व गुड़घटीपुर का उल्लेख है। महाजनी लिपि के १७ लेख उस विचित्र लिपि के हैं जिसे मुण्डा भाषा कहते हैं। इसकी विशेषता यह है कि इसमें मात्रायें प्राय: नहीं लगाई जातीं। केवल 'अ' और 'इ' की मात्राओं से ही अन्य सब मात्राओं का भी काम निकाल लिया जाता है। व्यञ्जनों में 'ज' और 'झ', 'ट' और 'ठ', 'ड' और 'ण', 'भ' और 'व' में कोई भेद नहीं रक्खा जाता। यह भाषा आगरा, अवध और पञ्जाब प्रदेशों के व्यापारी महाजनों मे प्रचलित है। कुछ लेखों में 'टाकरी' लिपि के अक्षर भी पाये जाते हैं, जो पञ्जाब के पहाड़ी हिस्सों में प्रचलित हैं। इस पर से अनुमान किया जा सकता है कि उक्त सब प्रदेशों से यात्री इस तीर्थस्थान की वन्दना को आते थे। उल्लिखित यात्रियों में अधिकांश अग्र-

वाल और मरावगी जातियों के थे। अग्रवालों के अन्तर्गत ही वे सब अवान्तर भेद पाये जाते हैं जिनका उल्लेख लेखों में आया है; यथा—नरथनवाला, सहनवाला, गङ्गानिया इत्यादि। अनेक यात्रियों ने अपने को 'पानीपथीय' कहा है जिससे विदित होता है कि वे 'पानीपत' के थे। लेखों में गोयल और गर्ग गोत्रों व स्थानपेठ और मांडनगढ़ स्थानों के नाम भी आये हैं। इन लेखों का समय लगभग शक सं० १६७० से १७१० तक है।

जीर्णोद्धार और दान—मन्दिरादिनिर्माण, जीर्णोद्धार और पूजाभिषेकादि के हेतु दान से सम्बन्ध रखनेवाले लेखों की संख्या लगभग दो सौ है। मन्दिरादिनिर्माण के विषय के लेखों का उल्लेख पहले मन्दिरों आदि के वर्णन में आ चुका है। यहां शेष लेखों में के मुख्य २ का कुछ परिचय दिया जाता है। शक सं० ११०० के लगभग के लेख नं० ८८ (२३७), ८९ (२३८) और ९२ (२४२) में गोम्मटेश्वर की पूजा के हेतु पुष्पों के लिये दान का उल्लेख है। प्रथम लेख में कहा गया है कि महापसायित विजयण्ण के दामाद चिक्क मदुकण्ण ने महामण्डलाचार्य चन्द्रप्रभदेव से कुछ भूमि मोल लेकर उसे गोम्मटेश की नित्य पूजा में बीस पुष्पमालाओं के लिये लगा दी। द्वितीय लेख में कथन है कि सोमेय के पुत्र कविसेट्टि ने उक्त देव की पूजार्थ पुष्पों के लिये कुछ भूमि का दान महामण्डलाचार्य चन्द्रप्रभदेव को दिया। तीसरे

लेख में उल्लेख है कि बेल्गोल के समस्त व्यापारियों ने 'संघ' से कुछ भूमि खरीद कर उसे मालाकार को गोम्मटेश की पूजा में पुष्प देने के लिये दान कर दी। लेख नं० ९१ (२४१) में कथन है कि बेल्गोल के समस्त व्यापारियों ने गोम्मटेश और पार्श्वदेव की पूजा में पुष्पों के लिये प्रतिवर्ष कुछ चन्दा देने का वचन दिया। लेख नं० ९३ (२४३) के अनुसार चेन्नि सेट्टि के पुत्र व चन्द्रकीर्ति भट्टारक के शिष्य कल्लय्य ने कुछ द्रव्य का दान इस हेतु दिया कि कम से कम पुष्पों की छः मालायें प्रतिदिवस गोम्मटदेव और तीर्थंकरों को चढ़ाई जावें। लेख नं० ९४, ९५, ९७ व ३३० (२४४, २४५, २४७, २००) में गोम्मटेश के प्रतिदिन अभिषेक के हेतु दुग्ध के लिये दान का उल्लेख है। इन लेखों में दुग्ध का परिमाण भी दिया गया है। और बेल्गोल के व्यापारी इस कार्य के प्रबन्धक नियुक्त किये गये हैं। लेख नं० १०६ (२५५) (शक सं० १३३१) में गोम्मटेश की मध्याह्न पूजन के हेतु दान का उल्लेख है।

लगभग शक सं० ११०० के लेख नं० ८६, ८७, ३६१ (२३५, २३६, २५२) में बसविसेट्टि द्वारा स्थापित चतुर्विंशति तीर्थंकरों की अष्टविध पूजा के हेतु व्यापारियों के वार्षिक चन्दों का उल्लेख है। इसी प्रकार लेख नं० ९९-१०२, १३१, १३५, १३७, ४५४ और ४७५ में भिन्न भिन्न सत्पुरुषों द्वारा भिन्न-भिन्न देवों और मन्दिरों की भिन्न भिन्न प्रकार की सेवा और पूजा के हेतु भिन्न-भिन्न समय पर नाना प्रकार के दानों का उल्लेख है।

लेख नं० १३७ (३४२) में कहा गया है कि हिरिय-अय्य के शिष्य गुम्मटन्न ने चन्द्रगिरि पर की चिक्कबस्ति, उत्तरीय दरवाजे पर की तीन बस्तियों और मङ्गायि बस्ति का जीर्णोद्धार कराया। लेख नं० ३७० (२७०) के अनुसार बंगूरु के बैयण ने एक बड़ा हौज और छप्पर बनवाया। नं० ४६८ (५००) के अनुसार एक साध्वी स्त्री जिपणन्न ने एक मन्दिर और रथ का दान किया, व नं० ४८३ के अनुसार मदेय नायक ने एक नन्दिस्तम्भ बनवाया।

लेखों से तत्कालीन दूध के भाव का अनुमान—

अनेक लेखों में मस्तकाभिषेक के हेतु दुग्ध के लिये दान दिये जाने के उल्लेख हैं जिनसे उस समय के दूध के भाव का कुछ ज्ञान हो सकता है। उदाहरणार्थ, शक सं० ११९७ के एक लेख नं० ९१ (२४५) में कहा गया है कि हलसूर के केतिसेट्टि ने गोम्मटदेव के नित्याभिषेक के लिये १ मान दूध के लिये ३ गद्याण का दान दिया। यह दूध उक्त रकम के ब्याज से जब तक सूर्य और चन्द्र हैं तब तक लिया जावे। गद्याण दक्षिण भारत का एक प्राचीन सोने का सिक्का है जो करीब दस आना भर होता है, और मान दक्षिण भारत का एक माप है जो ठीक दो सेर का होता है। अतएव स्पष्ट है कि १॥|=) भर (दो आना कम दो तोला) सोने के साल भर के ब्याज से ३६० × ३ × २ = २१६० सेर दूध आता था। शक सं० ११२८ के लेख नं० १२८ (३३३) से ज्ञात होता

है कि उस समय आठ 'हण' का सालाना एक 'हण' व्याज आ सकता था अर्थात् व्याज की दर सालाना मूल रकम का अष्टमांश थी। इसके अनुसार १॥।=) भर सोने का साल भर का व्याज =)॥। (पौने चार आना) भर सोना हुआ। अतएव स्पष्ट है कि शक की बारहवीं शताब्दी के लगभग अर्थात् आज से छः सात सौ वर्ष पूर्व दक्षिण भारत में पौने चार आना भर सोने का २१६० सेर दूध बिकता था। इसे आजकल के चाँदी सोने के भाव के अनुसार इस प्रकार कह सकते हैं कि उक्त समय एक रुपया का लगभग साढ़े नौ मन दूध आता था।

इसी प्रकार लेख नं० ६४ (२४४) में जो नित्यप्रति ३ मान दूध के लिये ४ गद्याण के दान का उल्लेख है उसका हिसाब लगाने से २१६० सेर दूध की कीमत पाँच आना भर सोना निकलती है। शक सं० १२०१ के लेख १३१ (३३६) में नित्यप्रति एक 'बल्ल' दूध के लिये पाँच 'गद्याण' के दान का उल्लेख है जिसके अनुसार ३६० 'बल्ल' दूध की कीमत सवा छः आना भर सोना निकलती है। बल्ल सम्भवतः उस समय 'मान' से बड़ा कोई माप रहा है*।

---

* 'गद्याण' और 'मान' का अर्थ मुझे श्रीयुक्त पं० नाथूरामजी प्रेमी द्वारा विदित हुआ है। उन्होंने श्रवण बेलगोला से समाचार मँगाकर अपने पहले पत्र में मुझे इस प्रकार लिखा था—"गद्याण = यह माप अनुमान १ तोले के बराबर होता है और एक सुवर्ण नाण्य (?) को

आचार्यों की वंशावली

जैन इतिहास की दृष्टि से वे लेख बहुत महत्वपूर्ण हैं जिनमें आचार्यों की परम्परायें दी हैं। प्रस्तुत संग्रह के दस बारह लेखों में ऐसी परम्परायें व पट्टावलियाँ पाई जाती हैं। इस सम्बन्ध में सबसे पहले हम उन लेखों को लेते हैं जिनमे उन सुगृहीतनाम आचार्यों का क्रमबद्ध उल्लेख आया है जिन्होंने महावीर स्वामी के पश्चात् जैन आगम का अध्ययन और प्रचार किया। ऐसे लेख नं० १ और १०५ (२५४) हैं। इनमें उक्त आचार्यों की निम्नलिखित परम्परा पाई जाती है। मिलान के लिये साथ में हरिवंश पुराण की गुर्वावली भी दी जाती है।

भी कहते हैं। मान = यह अनुमान एक सेर के बराबर होता है। इनका प्रचार प्राचीन काल में था अब नहीं है।" इसके पश्चात् उनका दूसरा पत्र आया जिसमें निम्नलिखित वार्ता थी—"गद्याण पुराने समय का सोने का सिक्का है जो करीब दस आने भर होता है। अब यह नहीं चलता। चार गुञ्जाओं का एक हण, नौ हणाओं का एक बरहा और दो बरहा का एक गद्याण। मान ठीक दो सेर का होता है। अब इसको 'बल्ला' बोलते हैं। खेड़ों में इसका प्रचार है और अनाज मापने के काम में यह आता है। पहले दूध, दही, घी भी इससे मापा जाता था।" ऊपर के विवेचन में दूसरे पत्र का ही आधार लिया गया है। इसके अनुसार 'मान' और 'बल्ला' एक ही बराबर ठहरते हैं पर जैसा कि ऊपर कहा गया है, प्राचीन काल का 'बल्ल' सम्भवतः मान से बड़ा रहा है।

	नं० १०५ (२५४) (शक सं० १३२०)		हरिवंश पुराण (शक सं० ७०५)	नं० १ (अनु० ७ वीं शताब्दी)
	महावीर		महावीर	महावीर
११ गणधर, ३ केवली	१ इन्द्रभूति	गौतम	१ गौतम	१ गौतम
	२ अग्निभूति			
	३ वायुभूति			
	४ अकम्पन			
	५ मौर्य			
	६ सुधर्म	सुधर्म	२ सुधर्म	२ लोहाचार्य
	७ पुत्र			
	८ मैत्रेय			
	९ मौण्ड्य			
	१० अन्धवेल			
	११ प्रभासक	जम्बू	३ जम्बू	३ जम्बू
५ श्रुतकेवली	१ विष्णु		१ विष्णु	१ विष्णुदेव
	२ अपराजित		२ नन्दिमित्र	२ अपराजित
	३ नन्दिमित्र		३ अपराजित	३ गोवर्धन
	४ गोवर्द्धन		४ गोवर्द्धन	४ भद्रबाहु
	५ भद्रबाहु		५ भद्रबाहु	

११ दशपूर्वी	१ क्षत्रिय	१ विशाख	१ विशाख
	२ प्रोष्ठिल	२ प्रोष्ठिल	२ प्रोष्ठिल
	३ गङ्गदेव	३ क्षत्रिय	३ कृत्तिकार्य (क्षत्रिकार्य)
	४ जय	४ जय	४ जय
	५ सुधर्म	५ नाग	५ नाम (नाग)
	६ विजय	६ सिद्धार्थ	६ सिद्धार्थ
	७ विशाख	७ धृतिषेण	७ धृतिषेण
	८ बुद्धिल	८ विजय	८ बुद्धिल आदि-
	९ धृतिषेण	९ बुद्धिल	
	१० नागसेन	१० गङ्गदेव	
	११ सिद्धार्थ	११ धर्मसेन	
५ एकादशाङ्गी	१ नक्षत्र	१ नक्षत्र	
	२ पाण्डु	२ यशःपाल	
	३ जयपाल	३ पाण्डु	
	४ कंसाचार्य	४ ध्रुवसेन	
	५ द्रुमसेन (धृतिसेन)	५ कंसाचार्य	
४ आचाराङ्गी	१ लोह	१ सुभद्र	
	२ सुभद्र	२ यशोभद्र	
	३ जयभद्र	३ यशोबाहु	
	४ यशोबाहु	४ लोहाचार्य	

यह अङ्गधारी आचार्यों की पट्टावली है। नामों के क्रम में जो हेर फेर पाये जाते हैं, उसका कारण यह है कि लेख नं० १०५ हरिवंश पुराण से भिन्न छन्दों में लिखा गया है। कवि को अपने छन्द मे नामों का समावेश करने के लिये उनको इधर उधर रखना पड़ा है। इसी कारण कहीं कहीं नामों में भी हेर फेर पाये जाते हैं। लेख में यशःपाल के लिये जयपाल, धर्मसेन के लिए सुधर्म, और यशोभद्र की जगह जयभद्र नाम आये हैं। ध्रुवसेन की जगह जो लेख में द्रुमसेन पाया जाता है, वह सम्भवत: मूल लेख के पढ़ने मे भूल हुई है। लेख नं० १ मे जो अधूरी परम्परा पाई जाती है उसका कारण यह ज्ञात होता है कि वहाँ लेखक का अभिप्राय पूरी पट्टावलि देने का नहीं था। उन्होंने कुछ नाम देकर आदि लगाकर उस सुप्रसिद्ध परम्परा का उल्लेख मात्र किया है। इसी से श्रुतकेवलियों के बीच एक नाम छूट भी गया है। उक्त लेखों मे यद्यपि इन आचार्यों का समय नहीं बतलाया गया, तथापि इन्द्रनन्दि-कृत श्रुतावतार से जाना जाता है कि महावीर स्वामी के पश्चात् तीन केवली ६२ वर्ष में, पाच श्रुत केवली १०० वर्ष में, ग्यारह दशपूर्वी १८३ वर्ष में, पाच एकादशाङ्गी २२० वर्ष मे और चार एकाङ्गी ११८ वर्ष में हुए हैं। इस प्रकार महावीर स्वामी की मृत्यु के पश्चात् लोहाचार्य तक ६८३ वर्ष व्यतीत हुए थे।

बहुत से लेखों में आगे के आचार्यों की परम्परा कुन्दकुन्दाचार्य से ली गई है। दुर्भाग्यत: किसी भी लेख में उपर्युक्त

श्रुतज्ञानियों और कुन्दकुन्दाचार्य के बीच की पूरी गुरुपरम्परा नहीं पाई जाती। केवल उपर्युक्त लेख नं० १०५ में ही इस बीच के आचार्यों के कुछ नाम पाये जाते हैं जो इस प्रकार हैं—

१ कुम्भ	७ सर्वज्ञ
२ विनीत या अविनीत	८ सर्वगुप्त
३ हलधर	९ महिधर
४ वसुदेव	१० धनपाल
५ अचल	११ महावीर
६ मेरुधीर	१२ वीरट्ट इत्यादि

नन्दि संघ की पट्टावली में कुन्दकुन्दाचार्य की गुरुपरम्परा इस प्रकार पाई जाती है :—

भद्रबाहु
|
गुप्तिगुप्त
|
माघनन्दि
|
जिनचन्द्र
|
कुन्दकुन्द

इन्द्रनन्दिकृत श्रुतावतार के अनुसार कुन्दकुन्द उन आचार्यों में हुए हैं जिन्होंने अंगज्ञान के लोप होने के पश्चात् आगम को पुस्तकारूढ़ किया।

कुन्दकुन्दाचार्य जैन इतिहास, विशेषतः दिगम्बर जैन सम्प्रदाय के इतिहास, में सबसे महत्वपूर्ण पुरुष हुए हैं। वे प्राचीन और नवीन सम्प्रदाय के बीच की एक कड़ी हैं। उनसे पहले जो भद्रबाहु आदि श्रुतज्ञानी हो गये हैं उनके नाममात्र के सिवाय उनके कोई ग्रंथ आदि हमें अब तक प्राप्त नहीं हुए हैं। कुन्दकुन्दाचार्य से कुछ प्रथम ही जिन पुष्पदन्त, भूतबलि आदि आचार्यों ने आगम को पुस्तकारूढ़ किया उनके भी ग्रन्थों का अब कुछ पता नहीं चलता। पर कुन्दकुन्दाचार्य के अनेक ग्रन्थ हमें प्राप्त हैं। आगे के प्रायः सभी आचार्यों ने इनका स्मरण किया है और अपने को कुन्दकुन्दान्वय के कह-कर प्रसिद्ध किया है। लेखों में दिगम्बर सम्प्रदाय का एक और विशेष नाम मूल संघ पाया जाता है। यह नाम सम्भवतः सबसे प्रथम दिगम्बर संघ का श्वेताम्बर संघ से पृथक् निर्देश करने के लिये दिया गया। अनुमान शक संवत् १०२२ के शिलालेख नं० ५५ में कुन्दकुन्द को ही मूल संघ के आदि गणी कहा है यथा—

श्रीमतो वर्द्धमानस्य वर्द्धमानस्य शासने।
श्रीकोण्डकुन्दनामाभून्मूलसंघाग्रणीगणी॥

पर शिलालेख नं० ४२, ४३, ४७ और ५० (क्रमशः शकसं० १०९९, १०४५, १०३७ और १०६०) में गौतमादि मुनीश्वरों का स्मरण कर कहा गया है कि उन्हीं की सन्तान के नन्दि गण में पद्मनन्दि अपर नाम कुन्दकुन्दाचार्य हुए। लेख

नं० ५४ (शक १०५०), ४० (शक १०८५) और १०८ (शक १३५५) में गौतम स्वामी के उल्लेख के पश्चात् उन्हीं की सन्तति में भद्रबाहु और फिर उनके शिष्य चन्द्रगुप्त का वर्णन करते हुए कहा गया है कि उनके ही अन्वय में कुन्द-कुन्द मुनि हुए। इन लेखों में इस स्थल पर संघ गणादि का नाम निर्देश नहीं किया गया।

लेख नं० ४१ में बिना किसी पूर्व सम्बन्ध के यह आचार्य-परम्परा भी दी है—

लेख नं० ४७, ४३, ५० और ४२ में नन्दिगण कुन्दकुन्दान्वय की परम्परा इस प्रकार पाई जाती है।

शक सं० १०८५ के लेख नं० ४० में निम्न प्रकार आचार्य-परम्परा पाई जाती है —

गौतमादि

(उनकी सन्तान में)

भद्रबाहु

|

चन्द्रगुप्त

(उनके अन्वय में)

पद्मनन्दि (कुन्दकुन्द)

(उनके अन्वय में)

उमास्वाति (गृद्धपिञ्छ)

|

बलाकपिञ्छ

(उनकी परम्परा में)

समन्तभद्र

(उनके पश्चात्)

देवनन्दि (जिनेन्द्रबुद्धि व पूज्यपाद)

(उनके पश्चात्)

अकलङ्क

(उनकी सन्तति में मूल संघ में नन्दिगण का जो देशीगण प्रभेद हुआ उसमें गोल्लदेशाधिप हुए।)

अनुमान शक सं० १०२२ के लेख नं० ५५ की आचार्य परम्परा इस प्रकार है—

मूल संघ, देशीगण, वक्रगच्छ

मूल पद्यात्मक लेख के पश्चात् आचार्यों के नामों की गद्य में पुनरावृत्ति है। इस नामावली में ऊपर के भाग से कुछ विशेषतायें पाई जाती हैं। मूलसंघ देशीगण, वक्रगच्छ कुन्दकुन्दान्वय में यहाँ देवेन्द्र सिद्धान्तदेव से प्रथम वड्डदेव का नामोल्लेख है। देवेन्द्र सिद्धान्तदेव के पश्चात् चतुर्मुखदेव का द्वितीय नाम वृषभनन्द्याचार्य दिया है। चतुर्मुखदेव के शिष्यों में महेन्द्रचन्द्र पण्डितदेव का नाम अधिक है। माघनन्दि के शिष्यों में त्रिरत्ननन्दि का नाम अधिक है। यशःकीर्त्ति और वासवचन्द्र गोपनन्दि के शिष्यों में गिनाये गये हैं। इनमें चन्द्रनन्दि का नाम अधिक है।

लेख नं० १०५ (शक १३२०) की कुन्दकुन्दाचार्य तक की परम्परा हम ऊपर देख चुके हैं। कुन्दकुन्दाचार्य से आगे इस लेख की गुरु-परम्परा इस प्रकार है—

अभयचन्द्र देव (इनके अनुज)	श्रुतकीर्ति
श्रुतमुनि	चारुकीर्त्ति
(इनके प्रशिष्य)	पण्डितदेव (स्वर्ग १३२०)
अभिनव श्रुतमुनि	अभिनव पण्डित

लेख नं० १०८ की परम्परा आदि से अकलङ्कदेव तक लेख नं० ४० के समान ही है। अकलङ्कदेव के पश्चात् संघ-भेद हुआ जिसकी इंगुलेश बलि की कुछ परम्परा इस प्रकार दी है।

शक संवत् १२९५ के लेख नं० १११ में मूलसंघ बलात्कार गण की कुछ परम्परा निम्न प्रकार पाई जाती है। लेख बहुत घिसा हुआ होने के कारण परम्परा के ऊपर और नीचे के कुछ नाम स्पष्ट नहीं पढ़े गये।

मूल संघ—बलात्कार गण

....

......कीर्त्ति (वनवासि के)

|

देवेन्द्र विशालकीर्त्ति

|

शुभकीर्त्तिदेव भट्टारक

|

धर्मभूषणदेव

|

अमरकीर्त्ति-आचार्य

|

धर्मभूषणदेव (की निषद्या बनवाई गई शक सं० १२९५)

शक सं० १०४७ के लेख नं० ४९३ में नन्दि संघ, द्रमिण-गण अरुङ्गलान्वय की निम्न प्रकार परम्परा है। इस लेख में आचार्यों का गुरु-शिष्य-सम्बन्ध नहीं बतलाया गया केवल एक के पश्चात् दूसरे हुए ऐसा कहा गया है।

नन्दि संघ, द्रमिणगण, अरुङ्गलान्वय

महावीर स्वामी

|

गौतम गणधर

....

समन्तभद्रव्रती

एक सन्धिसुमति-भट्टारक

अकलङ्कदेव वादीभसिंह

वक्रग्रीवाचार्य

श्रीनन्द्याचार्य

सिंहनन्द्याचाय

श्रीपाल भट्टारक

कनकसेन वादिराजदेव

श्रीविजयशान्तिदेव

पुष्पसेन सिद्धान्तदेव

वादिराज

शान्तिषेण देव

कुमारसेन सैद्धान्तिक

मल्लिषेण मलधारि

श्रीपाल त्रैविद्यदेव (शक सं० १०४७ मे विष्णुवर्द्धन नरेश ने शल्य ग्राम का दान दिया ।)

लगभग शक सं० १०६६ के लेख नं० ११३ में उल्लेख है कि देसी गण पुस्तक गच्छ कुन्दकुन्दान्वय के निम्नोल्लिखित आचार्यों ने मिलकर पञ्चकल्याणोत्सव मनाया—

त्रिभुवनराजगुरु भानुचन्द्र सिद्धान्त-चक्रवर्ती, सोमचन्द्र सि० च०, चतुर्मुख भट्टारकदेव, सिंहनन्दि भट्टाचार्य, शान्ति भट्टारक, शान्तिकीर्त्ति, कनकचन्द्र मलधारिदेव और नेमिचन्द्र मलधारिदेव ।

शक सं० १०५० का लेख नं० ५४ आचार्यों की नामावली में और आचार्यों के सम्बन्ध की बहुत सी वार्त्ता देने में सब लेखों में विशेष महत्वपूर्ण है। किन्तु दुर्भाग्यवश इस लेख मे आचार्यों का पूर्वापर सम्बन्ध व गुरु-शिष्य-सम्बन्ध स्पष्टतः नहीं बतलाया गया। इससे इस लेख का ऐतिहासिक महत्व उतना नहीं रहता जितना अन्यथा रहता। इस लेख के आचार्यों की नामावली का क्रम लेख में इस प्रकार है—

वर्द्धमानजिन
गौतमगणधर
भद्रबाहु
।
चन्द्रगुप्त
कुन्दकुन्द
समन्तभद्र—वाद में 'धूर्जटि' की जिह्वा को भी स्थगित करनेवाले।
सिंहनन्दि
वक्रग्रीव—छः मास तक 'अथ' शब्द का अर्थ करनेवाले।
वज्रनन्दि (नवस्तोत्र के कर्ता)
पात्रकेसरि गुरु (त्रिलक्षण सिद्धान्त के खण्डनकर्त्ता)
सुमतिदेव (सुमतिसप्तक के कर्ता)
कुमारसेन मुनि
चिन्तामणि (चिन्तामणि के कर्ता)
श्रीवर्द्धदेव (चूड़ामणि काव्य के कर्ता, दण्डी द्वारा स्तुत्य)
महेश्वर (ब्रह्मराक्षसों द्वारा पूजित)

अकलङ्क (बौद्धों के विजेता, साहसतुङ्ग नरेश के सन्मुख हिमशीतल नरेश की सभा में)

पुष्पसेन (अकलङ्क के सधर्म)

विमलचन्द्र मुनि—इन्होंने शैवपाशुपतादिवादियों के लिये 'शत्रु-भयङ्कर' के भवन-द्वार पर नोटिस लगा दिया था।

इन्द्रनन्दि

परवादिमल्ल (कृष्णराज के समक्ष)

आर्य्यदेव

चन्द्रकीर्त्ति (श्रुतविन्दु के कर्त्ता)

कर्मप्रकृति भट्टारक

श्रीपालदेव मतिसागर	वादिराज-कृत पार्श्वनाथचरित (शक ९४७) से विदित होता है कि वादिराज के गुरु मतिसागर थे और मतिसागर के श्रीपाल।

हेमसेन विद्याधनञ्जय महामुनि

दयालपाल मुनि (रूपसिद्धि के कर्त्ता, मतिसागर के शिष्य) वादिराज (दयापाल के सहब्रह्मचारी, चालुक्यचक्रेश्वर जयसिंह के कटक में कीर्त्ति प्राप्त की)

श्रीविजय (वादिराज द्वारा स्तुत्य हेमसेन गुरु के समान)

कमलभद्र मुनि

दयापाल पण्डित, महासूरि

शान्तिदेव (विनयादित्य पोय्सल नरेश द्वारा पूज्य) चतुर्मुखदेव (पाण्ड्य नरेश द्वारा स्वामी की उपाधि और आहवमल्लनरेश द्वारा चतुर्मुखदेव की उपाधि प्राप्त की)

गुणसेन (मुल्लूर के)

अजितसेन वादीभसिंह

शान्तिनाथ कविताकान्त	पद्मनाभ वादिकोलाहल

कुमारसेन

मल्लिषेण मलधारि (अजितसेन पण्डितदेव के शिष्य, स्वर्गवास शक सं० १०५०)

उपर्युक्त वंशावलियों के आचार्यों में से कुछ के विषय में जो खास खास बातें लेखों में कही गई हैं वे इस प्रकार हैं—

कुन्दकुन्दाचार्य—ये मूल संघ के अग्रगणी थे (मूल-संघाग्रणीर्गणी) (५५)। इन्होंने उत्तम चारित्र द्वारा चारण ऋद्धि प्राप्त की थी (४०, ४२, ४३, ४७, ५०) जिसके बल से वे पृथ्वी से चार अंगुल ऊपर चलते थे (१३९) मानों यह बतलाने के हेतु कि वे बाह्य और अभ्यन्तर रज से अस्पृष्ट हैं (१०५)* ।

उमास्वाति—ये गृद्धपिच्छाचार्य कहलाते थे (४०,४३, ४७, ५०) वे बलाकपिच्छ के गुरु और तत्त्वार्थसूत्र के कर्त्ता थे (१०५)* ।

---

* इन आचार्यों के विषय में विशेष जानने के लिये माणिकचन्द्र ग्रन्थमाला के 'रत्नकरण्ड श्रावकाचार' की भूमिका देखिए ।

समन्तभद्र—ये वादिसिंह, गणभृत और समस्तविद्या-निधि पदों से विभूषित थे (४०, ५४, ४९३) इन्होंने भस्मक व्याधि को जीता तथा पाटलिपुत्र, मालवा, सिन्धु, ठक्क (पञ्जाब), काञ्चीपुर, विदिशा (उज्जैन) व करहाटक (कोल्हापुर) में वादियों को आमन्त्रित करने के लिये भेरी बजाई। उन्होंने 'धूर्जटि'* की जिह्वा को भी स्थगित कर दिया था (५४)। समन्तभद्र 'भद्रमूर्ति' जिन शासन के प्रणेता और प्रतिवाद-शैलों को वाग्वज्र से चूर्ण करनेवाले थे (१०८)

शिवकोटि—ये समन्तभद्र के शिष्य व तत्त्वार्थसूत्रटीका के कर्त्ता थे (१०५)।

पूज्यपाद—इनका दीक्षा नाम 'देवनन्दि' था, महद्बुद्धि के कारण वे जिनेन्द्रबुद्धि कहलाए तथा इनके पादों की पूजा वनदेवता करते थे इससे विद्वानों में ये पूज्यपाद के नाम से प्रख्यात हुए (४०, १०५)। वे जैनेन्द्र व्याकरण, सर्वार्थसिद्धि (टीका), जैनाभिषेक, समाधिशतक, छन्दः-शास्त्र व स्वास्थ्यशास्त्र के कर्त्ता थे (४०)। हुमच के एक लेख (रि. ए. जै. ६६७) में वे न्यायकुमुदचन्द्रोदय, शाकटायन सूत्र न्यास, जैनेन्द्र न्यास, पाणिनि सूत्र के शब्दावतार

---

* 'धूर्जटि' की जिह्वा को स्थगित करने का श्रेय गोपनन्दि आचार्य को भी दिया गया है (५५, ४९२)। धूर्जटि शङ्कर की उपाधि है व इसका तात्पर्य शङ्कराचार्य से भी हो सकता है क्योंकि शङ्कराचार्य हिन्दू ग्रन्थों में शङ्कर के अवतार माने गये हैं।

न्यास, वैद्यशास्त्र और तत्त्वार्थ सूत्रटीका (सर्वार्थसिद्धि) के कर्त्ता कहे गये हैं। वे सुराधीश्वरपूज्यपाद, अप्रतिमौषधर्द्धि, 'विदेहजिनदर्शनपूतगात्र' थे। उनके पादप्रक्षालित जल से लोहा भी सुवर्ण हो जाता था (१०८)*।

गोल्लाचार्य—ये मुनि होने से प्रथम गोल्ल देश के नरेश थे। नूत्न चन्दिल नरेश के वंशचूड़ामणि थे (४७)।

त्रैकाल्ययोगी—इन्होंने एक ब्रह्मराक्षस को अपना शिष्य बना लिया था। उनके स्मरणमात्र से भूत प्रेत भाग जाते थे। उन्होंने करञ्ज के तेल को घृत में परिवर्तित कर दिया था (४७)।

गोपनन्दि—बड़े भारी कवि और तर्क प्रवीण थे। उन्होंने जैन धर्म की वैसी ही उन्नति की जैसी गङ्गनरेशों के समय में हुई थी। उन्होंने धूर्जटि की जिह्वा को भी स्थगित कर दिया था (५५—४६२)।

प्रभाचन्द्र—ये धारा के भोज नरेश द्वारा सम्मानित हुए थे (५५)।

दामनन्दि—इन्होंने महावादि 'विष्णुभट्ट' को परास्त किया था जिससे वे 'महावादिविष्णुभट्टघरट्ट' कहे गये हैं (५५)।

जिनचन्द्र—ये व्याकरण में पूज्यपाद, तर्क में भट्टाकलङ्क और साहित्य मे भारवि थे (५५)।

---

*विशेष जानने के लिये माणिकचन्द्र ग्रन्थमाला के रत्नकरण्ड श्रावकाचार की भूमिका व 'जैन साहित्य संशोधक' भा० १ अं० २, देखिए पृ० ६७-८७।

वासवचन्द्र—इन्होंने चालुक्य नरेश के कटक में बाल-सरस्वती की उपाधि प्राप्त की थी (५५)।

यशःकीर्त्ति—इन्होंने सिंहल नरेश से सम्मान प्राप्त किया था (५५)।

कल्याणकीर्त्ति—साकिनी आदि भूत-प्रेतों को भगाने में प्रवीण थे (५५)।

श्रुतकीर्त्ति—'राघवपाण्डवीय' काव्य के कर्त्ता थे। यह काव्य अनुलोमप्रतिलोम नामक चित्रालङ्कार-युक्त था अर्थात् वह आदि से अन्त व अन्त से आदि की ओर एक सा पढ़ा जा सकता था। जैसा कि काव्य के नाम से ही विदित होता है वह द्व्यर्थक भी था। श्रुतकीर्त्ति ने देवेन्द्र व अन्य विपश्चियों को वाद में परास्त किया था। सम्भव है कि उक्त देवेन्द्र उस नाम के वे ही श्वेताम्बराचार्य हों जिनके विषय में प्रभावक चरित में कहा गया है कि उन्होंने दिगम्बराचार्य कुमुदचन्द्र को परास्त किया था। (लेख नं० ४० के नीचे का फ़ुटनोट देखिए।)

वादिराज—जयसिंह चालुक्य द्वारा सम्मानित हुए थे (५४)।

चतुर्मुखदेव—पाण्ड्य नरेश से स्वामी की उपाधि प्राप्त की थी।

इन आचार्यों के अतिरिक्त अन्य जिन प्रभावशाली आचार्यों का परिचय हमें लेखों से मिलता है उनका विवरण ऊपर ऐति-

हासिक विवेचन में आ चुका है। एक बात विशेष रूप से ज्ञातव्य है कि जैनाचार्यों ने हर प्रकार से अपना प्रभाव महाराजाओं और नरेशों पर जमाने का प्रयत्न किया था। इसी से वे जैन धर्म की अपरिमित उन्नति कर सके। जैनाचार्यों का राजकीय प्रभाव उठ जाने से जैन धर्म का ह्रास हो गया।

अन्य लेखों से जिन आचार्यों का जो परिचय हमें मिलता है वह भूमिका के अन्त में तालिकारूप में दिया जाता है।

संघ, गण, गच्छ और बलि भेद

मूलसंघ—ऊपर कहा जा चुका है कि लेखों में दिगम्बर सम्प्रदाय को मूल संघ कहा है। सम्भवतः यह नाम उक्त सम्प्रदाय को श्वेताम्बर सम्प्रदाय से पृथक् निर्दिष्ट करने के लिये दिया गया है। लेखों में इस संघ के अनेक गण, गच्छ और शाखाओं का उल्लेख हैं। इनमें मुख्य **नन्दिगण** है। लेख नं० ४२, ४३, ४७, ५० आदि में इस गण के आचार्यों की परम्परायें पाई जाती है। सबसे अधिक

नन्दिगण और देशीगण

लेखों में मूल संघ, देशीगण और पुस्तकगच्छ का उल्लेख है। यह देशीगण नन्दिगण से भिन्न नहीं है किन्तु उसी का एक प्रभेद है जैसा कि लेख नं० ४०, (शक १०८५) से विदित होता है। इस लेख में कुन्दकुन्द से लगाकर अकलङ्क तक के

मुख्य मुख्य आचार्यों के उल्लेख के पश्चात् पद्य नं० १३ में कहा गया है कि इसी मूल संघ के नन्दिगण का प्रभेद देशी गण हुआ जिसमें गोल्लाचार्य नाम के प्रसिद्ध मुनि हुए। लेख नं० १०८ (शक १३५५) में भी इसी के अनुसार नन्दिसंघ, देशीगण, पुस्तकगच्छ का उल्लेख है। 'नन्दिसंघे सदेशी-यगणे गच्छे च पुस्तके'। अन्य अनेक लेखों में भी (यथा ४७, ५० आदि) नन्दिगण के उल्लेख के पश्चात् देशीगण पुस्तकगच्छ का उल्लेख है। लेख नं० १०५ (शक १३२०) और १०८ (शक १३५५) में संघभेद की उत्पत्ति का कुछ विवरण पाया जाता है। लेख नं० १०५ में कथन है कि अर्हद्बलि आचार्य ने आपस का द्वेष घटाने के लिये 'सेन', 'नन्दि', 'देव' और 'सिंह' इन चार संघों की रचना की। इनमें कोई सिद्धान्त-भेद नहीं है और इसलिये जो कोई इनमें भेद-बुद्धि रखता है वह 'कुदृष्टि' है। यह कथन इन्द्रिनन्दिकृत नीति-सार के कथन से बिलकुल मिलता है।* लेख नं० १०८ में कहा गया है कि अकलङ्क के स्वर्गवास के पश्चात् संघ देश-भेद से उक्त चार भेदों में विभाजित हो गया। इन भेदों

*तदैव यतिराजोऽपि सर्वनैमित्तिकाग्रणीः।
अर्हद्बलिगुरुश्चक्रे संघसंघट्टनं परम् ॥ ६ ॥
सिंहसंघो नन्दिसंघः सेनसंघो महाप्रभः।
देवसंघ इति स्पष्टं स्थानस्थितिविशेषतः ॥ ७ ॥
गणगच्छादयस्तेभ्यो जाताः स्वपरसौख्यदाः।
न तत्र भेदः कोऽप्यस्ति प्रव्रज्यादिषु कर्मसु ॥ ८ ॥

में कोई चारित्र-भेद नहीं है। कई लेखों (१११, १२९ आदि) में बलात्कारगण का उल्लेख है। इन्हीं उल्लेखों से स्पष्ट है कि यह भी नन्दिगण व देशीगण से अभिन्न है।

पुस्तकगच्छ और वक्रगच्छ

लेख नं० १०५ में कहा गया है कि प्रत्येक संघ गण, गच्छ और बलि (शाखा) में विभाजित है। देशीगण का सबसे प्रसिद्ध गच्छ **पुस्तकगच्छ** है जिसका उल्लेख अधिकांश लेखों में पाया जाता है। इसी गण का दूसरा गच्छ '**वक्रगच्छ**' है जिसकी एक परम्परा लेख नं० ५५ (लगभग शक १०८२) में पाई जाती है। लेख नं० १०५, १०८ व १२९ में देशीगण की **इंगुलेश्वरबलि** (शाखा) का उल्लेख है। बलि या शाखा किसी आचार्य-विशेष व स्थान-विशेष के नाम से निर्दिष्ट होती थी। देशीगण की एक दूसरी '**हनसोगे**' नामक शाखा का उल्लेख लेख नं० ७० में पाया जाता है। लेख घिसा हुआ होने से वहाँ यह स्पष्ट नहीं ज्ञात होता कि यह शाखा देशीगण की ही है। पर जिन आचार्यों (गुणचन्द्र व नयकीर्त्ति) को वहाँ हनसोगे शाखा का कहा है वे ही लेख नं० १२४ में मूल संघ देशीगण, पुस्तकगच्छ के कहे गये हैं। इसी से उक्त शाखा का देशीगणान्तर्गत होना सिद्ध होता है। हनसोगे शाखा का कई अन्य लेखों में भी उल्लेख आया है। हनसोगे एक

इंगुलेश्वरबलि

हनसोगे व पनसोगे बलि

स्थान-विशेष का नाम था। कहीं-कहीं इसे पनसोगेबलि भी कहा है। (रि० ए० जै० नं० २२३, २३९, ४४९ आदि)

अनेक लेखों (२८, ३१, २११, २१२, २१४, २१८) में नविलूर संघ का उल्लेख है। इसी संघ को कहीं-कहीं (२७, २०७, २१५) नमिलुर संघ कहा है। इसी का दूसरा नाम 'मयूर संघ' पाया जाता है (२७, २९)। लेख नं० २७ में पहले नमिलुर संघ का उल्लेख है और फिर उसे ही मयूर संघ कहा है। लेख नं० २९ में इसे 'मयूर ग्राम' संघ कहा है जिससे स्पष्ट है कि यह संघ बलि व शाखा के समान स्थान-विशेष की अपेक्षा से पृथक् निर्दिष्ट हुआ है। कहीं पर स्पष्ट उल्लेख तो नहीं पाया गया पर जान पड़ता है कि यह भी देशीगण के ही अन्तर्गत है।

नविलूर, नमिलूर व मयूर संघ

इसी प्रकार जो लेख नं० १९४ में **कितूरसंघ*** नं० २०३, २०६ में **कोलातूर संघ** नं० ४९६ में **दिण्डगूर शाखा** व नं० २२० में '**श्रीपूरान्वय**' का उल्लेख है वे सब भी देशीगण की ही स्थानीय शाखाएँ विदित होती हैं।

* कित्तूर मैसूर जिले के हेग्गडेवनकोटे तालुका में है। इसका प्राचीन नाम कीर्त्तिपुर था जो पुन्नाट राज्य की राजधानी था। कन्नड साहित्य में पुन्नाट राज्य का उल्लेख है। टालेमी ने भी 'पौन्नट' नाम से इसका उल्लेख किया है। इसी राज्य का पुन्नाट संघ प्रसिद्ध है। हरिवंश पुराण के कर्त्ता जिनसेन व कथाकोष के कर्त्ता हरिषेण पुन्नाट-संघीय ही थे। सम्भवतः कित्तूर संघ पुन्नाट संघ का ही दूसरा नाम है।

लेख नं० ४९३ में **द्रमिणगण के अरुङ्गलान्वय** का उल्लेख है। इन्द्रनन्दि-कृत नीतिसार व देवसेन-कृत दर्शनसार में द्राविड़ संघ जैनाभासों में गिनाया गया है। पर जिस द्रमिणगण का उक्त लेख में उल्लेख है वह इस जैनाभास संघ से भिन्न है। उक्त द्रमिण संघ स्पष्टतः **नन्दि संघ** के अन्तर्गत कहा गया है।

द्रमिणगण अरुङ्ग-लान्वय

लेख नं० ५०० में मूल संघ **काणूरगण, तगरिलगच्छ** का उल्लेख है। सम्भवतः यह गण भी देशीगण व नन्दि संघ से सम्बन्ध रखनेवाला ही है।

काणूरगण, तगरिल गच्छ

लेख नं० ११९ में **काष्ठा संघ मंडितट-गच्छ** का उल्लेख है।

काष्ठा संघ मण्डितटगच्छ

ऊपर वर्णित लेख नं० ४०,४१,४२,४३,४७,५०,५४,५५,१०५,१०८,१११,११३ और ४६३ को छोड़ शेष लेखों में उल्लिखित आचार्यों का परिचय।

नंबर	आचार्य का नाम	गुरु का नाम	संघ, गण, गच्छादि	लेख नं०	समय शक सं० म	विशेष विवरण
१	बलदेव मुनि	कनकसेन	×	१५	अ० ५७२	समाधिमरण।
२	शान्तिसेन मुनि	×	×	१७	,,	समाधिमरण। भद्रबाहु और चन्द्रगुप्त मुनीन्द्र ने जिस धर्म की उन्नति की थी उसके क्षीण होने पर इन मुनिराज ने उसे पुनरुत्थापित किया।
३	अरिष्टनेमि आचार्य	×	×	१५२ (१५४) (२१७)	,,	समाधिमरण। इनके अनेक शिष्य थे। समाधि के समय 'दिण्डिकराज' साक्षी थे। लेख नं० १५४ व २१७ यद्यपि क्रमशः ८वीं व ९वीं शताब्दि के अनुमान किये जाते हैं तथापि सम्भवतः उनमें भी इन्हीं आचार्य का उल्लेख है। लेख नं० २१७ में वे 'परसमयध्वंसक' पद से विभूषित किये गये हैं व 'मले गोल' के कहे गये हैं।
४	वृषभनंदि आचार्य	×		१८६	,,	इनके किसी शिष्य ने समाधिमरण किया।
५	मौनि गुरु	×	×	२	अ० ६२२	एक शिष्या का समाधिमरण। ये ही सम्भवतः लेख नं० ६ के गुणसेन गुरु के व लेख नं० ३१ के वृषभनन्दि गुरु के गुरु थे।

नंबर	आचार्य का नाम	गुरु का नाम	संघ, गण, गच्छादि	लेख नं०	समय शक सं० में	विशेष विवरण
६	चरितश्री मुनि	×	×	३	अ० ६२२	समाधिमरण।
७	पानप (मौनद)	×	×	६	,,	समाधिमरण ।
८	बलदेव गुरु	धर्मसेन गुरु	×	७	,,	,, । इनके गुरु 'कित्तूर' परगने में 'वेल्माद' नामक स्थान के थे।
९	उग्रसेन गुरु	पट्टिनि गुरु	×	८	,,	,, । इनके गुरु 'मालनूर' के थे। उग्रसेनजी ने एक मास तक अनशन किया।
१०	गुणसेन गुरु	मौनि गुरु	×	९	,,	,, । लेख नं० २ में सम्भवतः इन्हीं मौनिगुरु का उल्लेख है। गुणसेन 'कोट्टर' के थे।
११	उल्लिकल गुरु	×	×	११	,,	,, ।
१२	कालावि(कलापक) गुरु	×	×	१३	,,	एक शिष्य का समाधिमरण ।
१३	नागसेन गुरु	ऋषभसेन गुरु	×	१४	,,	समाधिमरण ।
१४	सिंहनंदि गुरु	वेट्टेडे गुरु	×	१६	,,	,, ।
१५	गुणभूपित	×	मन्दिगगण(?)	२१	,,	,, । लेख बहुत घिसा है, इसमे भाव स्पष्ट नहीं हुआ।

१६	मेलगवास गुरु	×	×	१३	अ० ६२२	समाधिमरण।	ये गुरु 'इनुङ्गूर' के थे।
१७	नन्दिसेन मुनि	×	×	२६	,,	,, ।	
१८	गुणकीर्त्ति	×	×	३०	,,	,, ।	
१९	वृषभनन्दि मुनि	मौनिय आचार्य	नविलूर संघ	३१	,,	,, ।	
२०	चन्द्रदेवाचार्य	×	×	३४	,,	,, ।	ये आचार्य 'नदि'राज्य के थे।
२१	मेघनन्दि मुनि	×	नमिलूर संघ	२१५	,,	,, ।	
२२	नन्दि मुनि	×	×	२१७	,,	,, ।	
२३	महादेव मुनि	×	×	१६३	,,	,, ।	
२४	सर्वज्ञभट्टारक	×	×	१५३	,,	,, ।	ये 'वेगुरा' के थे।
२५	अक्षयकीर्त्ति	×	×	१५८	,,	,, ।	ये दक्षिण 'मदुरा' से आये थे। इन्हें सर्प ने सताया था।
२६	गुणदेव सूरि	×	×	१६०	,,	,, ।	
२७	मासेन (महासेन) ऋषि	×	×	१६१	,,	,, ।	
२८	सर्वनन्दि	चिकुरापरविय(?)	×	१६२	,,	,, ।	चिकुरा परविय का तात्पर्य चिकूर के परविय गुरु व चिकुरापरविय के गुरु हो सकता है। 'परवि' एक प्राचीन तालुके का नाम भी पाया जाता है।

नंबर	आचार्य का नाम	गुरु का नाम	संघ, गण, गच्छादि	लेख नं०	समय	विशेष विवरण
२९	बलदेवाचार्य	×	×	१९५	श्र० ६२२	समाधिमरण।
३०	पद्मनन्दि मुनि	×	×	१९६	”	” ।
३१	पुष्पनान्द	×	×	१९७	”	” ।
३२	विशोक भट्टारक	×	कोल्लातूर संघ	२०३	”	” ।
३३	इन्द्रनन्दि आचार्य	×	×	२०५	”	” ।
३४	पुष्पसेनाचार्य	×	नविलुर संघ	२१२	”	समाधिमरण।
३५	श्रीदेवाचार्य	×	×	२१३	”	”
३६	मल्लिसेन भट्टारक	×	×	१४६	अनु० ९वीं शताब्दि	इनके एक शिष्य ने तीर्थ वन्दना की।
३७	कुमारनंदि भट्टारक	×	×	२२७	”	×
३८	अजितसेनभट्टारक ” मुनि	×	×	३८ ६७	अनु०८९६	लेख नं० ३८ में कहा गया है कि गङ्गनरेश मारसिंह ने इनके निकट समाधिमरण किया। व लेख नं० ६७ के अनुसार इनके शिष्य चामुण्डराय के पुत्र जिनदेवन ने जिन-मंदिर बनवाया।
३९	मलधारिदेव	नयनन्दि विमुक्त	×	३०४	अनु०९७०	नयनन्दि विमुक्त के एक शिष्य ने तीर्थ वंदना की।
४०	पद्मनन्दिदेव	×	×	४९८	श्र०१०००	महामण्डलेश्वर त्रिभुवनमल्ल कोङ्गाल्व ने

					कुछ भूमि का दान दिया ।
४१ प्रभाचन्द्रसिद्धान्त देव	×	×	५००	श्र० ११००	चैत्यालय के हेतु कोङ्गाल्व नरेश अदटरादित्य द्वारा भूमिदान । उपाधि-उभयसिद्धान्तरत्ना-कर ।
४२ गण्डविमुक्तदेव	×	मूलसंघ कानूर गण तगरिल गच्छ	,,	,,	कोङ्गाल्वनरेश राजेन्द्र पृथुवी द्वारा बस्ती-निर्माण और भूमिदान ।
४३ देवनन्दि भट्टारक	×	×	४५६	श्र० १०००	
४४ गोपनन्दि पण्डित देव	चतुर्मुखदेव	मू० दे० पु०	४६२	श्र० १०१५	पोय्सलनरेश त्रिभुवनमल्ल एरेयङ्ग ने बस्तियों के जीर्णोद्धार के हेतु ग्राम का दान दिया । गोपनन्दि ने क्षीण होते हुए जैनधर्म का गङ्ग नरेशों की सहायता से पुनरुद्धार किया । वे षड्दर्शन के ज्ञाता थे ।
४५ देवेन्द्रसिद्धान्तदेव	×	,,	,,	,,	उपर्युक्त नरेश के गुरुओं में से थे ।
४६ अकलङ्क पण्डित	×	×	१६६	श्र० १०२०	×
४७ सातनन्दि देव	×	×	२२४	,,	चरणचिह्न हैं ।
४८ चन्द्रकीर्तिदेव	×	×	२२५	,,	,,
४९ अभयनन्दिपण्डित	×	×	२२	श्र० १०२२	एक शिष्य ने देववन्दना की ।
५० शुभचन्द्रसि० देव	कु० मलधारिदेव	मू० दे० पु०	४६	१०२३	ये पोय्सल नरेश विष्णुवर्द्धन के मंत्री
			५६	१०३९	गंगराज दण्डनायक और उनके कुटुंब
			५५, ६२, ६४ ६५,	१०४०	के गुरु थे । इन्होंने उक्त कुटुम्ब के सदस्यों से कितने ही जिनालय निर्माण कराये,

नंबर	आचार्य का नाम	गुरु का नाम	संघ, गण, गच्छादि	लेख नं०	समय	विशेष विवरण
				४४६, ४४७, ४८६, ४८६,	अ० १०४१	जीर्णोद्धार कराया, मूर्तियां प्रतिष्ठित कराईं और कितनों ही को दीक्षा, सन्यास आदि दिये।
				४६	१०४२	
				४८, ६२	१०४४	
				५३	१०५०	
				६०	अ० ११००	
५१	दिवाकरनन्दि	देवेन्द्र सि० देव	मू० दे० पु०	१३६	१०४१	इस लेख से यह गुरुक्रम विदित होता है— देवेन्द्र सि० देव | दिवाकरनन्दि | मलधारिदेव शुभचन्द्र देव सि० मु०
५२	भानुकीर्त्ति मुनि	×	मू० दे०	२२६	१०३६	पोयसल राजसेट्टि ने इनसे दीक्षा ली।
५३	प्रभाचन्द्र सि० देव	मेघचन्द्र त्रै० देव		५१, ५२	१०४१	इनकी एक शिष्या ने पट्टशाला (वाचना-
				४४	१०३३	लय) स्थापित कराई। ये विष्णुवर्द्धन
				५६	१०४५	नरेश की रानी शान्तलदेवी के गुरु थे।

				५३	१०५०	उनके निर्माण कराये हुए सवति गन्धवारण मन्दिर के लिये इन्हें ग्राम आदि के दान दिये गये थे ।
५४	चारुकीर्त्ति देव	×	×	,,	,,	लेख के लेखक बोकिमय्य के गुरु ।
५५	कनकनन्दि	×	×	४४	१०४३	ये मुलूर निवासी थे (मुल्लूर कुर्ग में है)। नृपकामपोय्सलके आश्रित एचिगाङ्क के गुरु थे।
५६	वर्धमानदेव	×	×	५३	१०५०	इनकी और प्रभाचन्द्र सि० देव की साक्षी से शान्तलदेवी की माता ने संन्यास लिया था ।
५७	रविचन्द्रदेव					
५८	गण्डविमुक्त सि० देव	×	मू० दे० पु०	३६८	१०५०	इनके शिष्य दण्डनायक भरतेश्वर ने भुजबलि स्वामी का पादपीठ निर्माण कराया।
				२४१	अ० १०७०	
५९	नयकीर्त्ति	×	×	४९७	१०५०	विष्णुवर्धन नरेश के राज्यकाल में नयकीर्त्ति का स्वर्गवास हो जाने पर कल्याणकीर्ति को जिनालय बनवाने व पूजनादि के हेतु भूमि का दान दिया गया ।
६०	कल्याणकीर्त्ति	×	×			
६१	भानुकीर्तिदेव	×	×	१४४	अ० १०५७	
६२	माधवचन्द्रदेव	शुभचन्द्र सि०देव	मू० दे० पु०	,,	,,	
६३	नयकीर्त्ति देव	×	×	४५४	अ० १०६५	
	म० म० (हिरिय)					
६४	नयकीर्ति देव (चिक्क)					
६५	शुभकीर्तिदेव	×	×	१८८	अ० १०६७	

नंबर	आचार्य का नाम	गुरु का नाम	संघ,गण,गच्छादि	लेख नं०	समय	विशेष विवरण
६६	त्रिकालयोगी	×	×	४७३	श्र० १०८७	
६७	अभयदेव		मूलसंघ	"	"	
६८	कु० मलधारिदेव	×	×	१३७	श्र० १०८९	हुल मंत्री के गुरु।
६९	नयकीर्ति सि० देव (म० म०)	गुणचन्द्र सि० दे०	मू० दे० पु० हनसोगे शाखा	"	"	हुल मंत्री ने ग्राम का दान दिया।
				७८	श्र० १०२०	
				१२२	"	
				३१७-२०	"	
				३२४	"	
				३२६	"	
				३२७	"	
७०	दामनन्दित्रै० देव	म० म० नयकीर्ति देव	मू० दे० पु० हनसोगे शाखा	१३८	१०८१	
				१३७	श्र० १०८९	
७१	भानुकीर्ति सि० देव			६६	" १०९२	
				७०	" १०९२	
७२	बालचन्द्रदेव अध्यात्मि			४६१	" १०९२	कुन्दकुन्दाचार्य के प्राभृत ग्रंथ पर इनकी कनाड़ी टीका पाई जाती है।
				९०	" ११००	
७३	प्रभाचन्द्रदेव			१०४	"	

७४	माघनन्दि भट्टारक			१८७	”	
				८५	” ११०२	
७५	पद्मनन्दिदेव मंत्रवादि			१२४	” ११०३	
				४३६	”	
७६	नेमिचन्द्रपं० देव			४६४	११०४	
				१३०	श्र० १११८	
				३२२, ३२५, ३२८	” ११२०	
				१२८	” ११२८	
				८१	श्र० ११५३	
७७	लक्खनन्दि मुनि					
७८	माधवचन्द्र व्रती	देवकीर्ति म०म०	×	३६	१०८५	देवकीर्ति मुनि बड़े भारी कवि, तार्किक और वक्ता थे। उक्त तिथि को उनका स्वर्गवास होने पर उक्त शिष्यों ने उनकी निषद्या बनवाई।
७९	त्रिभुवनमल्ल योगी					
८०	मेघचन्द्र	बालचंद्र अध्यात्मी	सू० दे० पु०	४६६	११०८	इनके एक शिष्य रामदेव विभ्र ने जिनालय बनवाया व दान दिया।
८१	नयकीर्ति देव	(हिरिय) नयकीर्त्ति देव	×	४७५	श्र० १११०	
८२	धनकीर्ति देव	×	×	२४३	श्र० १११२	

नंबर	आचार्य का नाम	गुरु का नाम	संघ, गण, गच्छादि	लेख नं०	समय	विशेष विवरण
८३	चन्द्रप्रभदेव म० म०	हिरियनयकीर्त्ति	×	८८, ८९	श्र. ११०८ ११२०	
८४	चन्द्रकीर्ति	×	×	२३८	श्र ११२०	
८५	कनकनन्दिदेव	×	,,	२५१	,,	इनकी प्रतिमा है।
८६	मल्लिषेण	×	×	४६१	,,	
८७	सागरनन्दि सि० देव	शुभचन्द्र त्रै० देव	म० दे० पु०	४६१	,,	
८८	शुभचन्द्र त्रै० देव	माघनन्दिसि० देव	,,	,,	,,	
८९	वादिराज	×	×	४९५	श्र० ११२२	
९०	मल्लिषेण मलधारि	×	×	,,	,,	
९१	श्रीपालयोगीन्द्र	×	×	,,	,,	
९२	वादिराजदेव	श्रीपाल योगीन्द्र	×	,,	,,	
९३	शान्तिसिंगपण्डित	,,	×	,,	,,	
९४	परवादिमल्ल पण्डित	,,	×	,,	,,	
९५	नेमिचन्द्र पं० देव म०म०राजगुरु	×	×	४७९	११२६	

९६	अभयनन्दि	×	×	४२१	श०११७०	
९७	सुरकीर्त्ति	×	×	,,	,,	
९८	गुणचन्द्र	×	×	,,	,,	
९९	भानुकीर्त्ति	माघनन्दिसि०च०	मू० दे० पु०	४९९	११७०	
१००	माघनन्दि भट्टारक	भानुकीर्त्ति	,,	,,	,,	
१०१	चन्द्रप्रभदेव	नयकीर्त्ति देव म० म०	×	९६	श०११९६	
१०२	चन्द्रकीर्त्तिभट्टारक	×	×	९३	श०११९७	
१०३	प्रभाचन्द्र भट्टारक	×	×	९४,९७	,,	
१०४	मुनिचन्द्रदेव	उदयचन्द्रदेव म० म०	×	१३७	१२००	इन आचार्यों और अन्य सज्जनों ने वन्दना किया।
१०५	पद्मनन्दिदेव	चन्द्रप्रभदेव	×	,,	,,	
१०६	कुमुदचन्द्र	×	×	१२९	१२०५	
१०७	माघनन्दि सि०च०	×	×	,,	,,	होय्सलराय राजगुरु। सम्भवतः ये ही उस शास्त्रसार के कर्त्ता हैं जिसका उल्लेख प्रारम्भ के एक श्लोक में आया है। माणिकचन्द्र ग्रन्थमाला नं० २१ में एक 'शास्त्रसार समुच्चय' नामक ग्रन्थ छपा है और भूमिका में कहा गया है कि सम्भवतः वे कुमुदचन्द्र के गुरु थे। (देखो मा० ग्र० भूमिका पृ० २३-२४)

नंबर	आचार्य का नाम	गुरु का नाम	संघ,गण,गच्छादि	लेख नं०	समय	विशेष विवरण
१०८	बालचन्द्रदेव	नेमिचन्द्र पं० देव	मू० दे० इंगिलेश्वर बलि	'' ४६०	'' अ० ''	
१०९	अभिनव पण्डिताचार्य	×	×	४२१	अ. १२३३	
११०	पद्मनन्दिदेव	त्रैविद्यदेव	मू० दे० पु०	११४	अ. १२३८	समाधि मरण ।
१११	चारुकीर्त्ति पं० आचार्य	×	''	४३२	अ. १२३९	
११२	'' (अभिनव)	×	''	१३२ ४३०	अ. १२४७ '	एक शिष्य ने मंगायिबस्ति निर्माण कराई । ''
११३	मल्लिषेणदेव	लक्ष्मीसेन भट्टारक	×	२४७	अ. १३२०	निषद्या ।
११४	सोमसेनदेव	×	×	१७१	''	एक शिष्य ने बन्दना की ।
११५	भुवनकीर्त्ति देव	×	×	३७०	''	निषद्या ।
११६	सिंहनन्दिआचार्य	×	×	३७४	''	
११७	हेमचन्द्रकीर्त्ति देव	शान्तिकीर्त्ति देव	×	११२	''	निषद्या ।
११८	चन्द्रकीर्त्ति	×	×	१०६	१३३१	भूमिदान ।
११९	पण्डिताचार्य व पण्डितदेव	×	×	४२८ ४३९	अ. १३३० ''	इनकी शिष्या देवराय महाराज की रानी भीमादेवी ने मूर्ति प्रतिष्ठा कराई ।
१२०	श्रुतमुनि	पण्डितार्य मुनि	×	८२	१३४४	इनके समक्ष दण्डनायक इरुगप ने बेल्गोळ

						ग्राम का दान दिया ।
१२१	जिनसेन भट्टारक (पट्टाचार्य)	×	×	४२२	श०१३६०	संघ सहित बन्दना को आये ।
१२२	अभिनव पण्डित देव	चारुकीर्त्ति पं० देव	×	३६२	१३७१	
१२३	पण्डितदेव	×	×	४८४	श०१४२०	
				१३३	,,	
				३७७	श०१५२०	चरणचिह्न ।
१२४	चारुकीर्तिभट्टारक	×	×	११७	श०१५३१	
१२५	पण्डितदेव	×	×	३३३	संवत१५-५८(वि०)	यात्रा ।
१२६	ब्रह्म० धर्मरुचि	अभयचन्द्रभट्टारक	×			
१२७	,, गुणसागर		×	८४	१५५६	इनके समक्ष मैसूर-नरेश ने मन्दिर की
१२८	चारुकीर्तिपं० देव	×		१४२	१५६५	भूमि ऋणमुक्त कराई ।
	,,	×	×			स्वर्गवास ।
१२९	धर्मचन्द्र	चारुकीर्त्ति	बलात्कार गण	११८	१५७०	इनके उपदेश से बघेरवालों ने चौबीस तीर्थंकर प्रतिमा प्रतिष्ठित कराई ।
			×	११९	१६०२	इनके साथ तीर्थ-यात्रा ।
१३०	श्रुतसागर वर्णी					
१३१	इन्द्रभूषण	राजकीर्ति के शिष्य लक्ष्मीसेन	×	११६	वि० सं० १७१६	इनके साथ बघेरवालों ने तीर्थयात्रा की ।

नंबर	आचार्य का नाम	गुरु का नाम	संघ,गण,गच्छादि	लेख नं०	समय	विशेष विवरण
१३२	अजितकीर्ति	चारुकीर्ति | अजितकीर्ति | शान्तिकीर्ति	देसी गण	७२	१७३१	एक मास के अनशन से सल्लेखना ।
१३३	चारुकीर्ति पं० आचार्य	×	मू० दे० पु०	४३३ ४३४	१७३२ १७५२	मैसूर-नरेश कृष्णराज की ओर से सनदें प्राप्त कीं ।
१३४	सन्मतिसागरवर्णी	चारुकीर्ति गुरु	”	४३५ ४५६ ४५७ ४३६ ४५५	१७७८ ” ” १७८० ”	इनके मनोरथ से बिम्बस्थापना की गई ।

संकेताक्षरों का अर्थ

अ० व अनु० = अनुमातः । कु० = कुक्कुटासन । त्रै० देव = त्रैविद्यदेव । पं० आचार्य = पंडिताचार्य । पं० देव = पंडितदेव । ब्रह्म = ब्रह्मचारी । म० म० = महामण्डलाचार्य । मू० दे० पु० = मूल संघ, देशीगण, पुस्तक-गच्छ । सि० देव = सिद्धान्तदेव । सि० च० = सिद्धान्त चक्रवर्ती । सि० मु० = सिद्धान्त मुनीश्वर ।

चन्द्रगिरि पर्वत ।

चन्द्रगिरि पर्वत पर के शिलालेख

पार्श्वनाथ वस्ति के दक्षिण की ओर के शिलालेख

१ (१)

(लगभग शक सं० ५२२)

सिद्धम् स्वस्ति ।

जितम्भगवता श्रीमद्धर्म्म तीर्त्थ-विधायिना ।
वर्द्धमानेन सम्प्राप्त-सिद्धि-सौख्यामृतात्मना ॥ १ ॥
लोकालोक-द्वयाधारम्वस्तु स्थास्नु चरिष्णु वा ।
*संविदालोक-शक्तिः स्वाव्यश्नुते यस्य केवला ॥ २ ॥
जगत्यचिन्त्य-माहात्म्य-पूजातिशयमीयुषः ।
तीर्त्थकृन्नाम पुण्यौघ-महार्हन्त्यमुपेयुषः ॥ ३ ॥
तदनु श्री-विशालयम् (लायाम्†) जयत्यद्य जगद्धितम् ।
तस्य शासनमव्याजं प्रवादि-मत-शासनम् ॥ ४ ॥

अथ खलु सकल-जगदुदय-करणोदित-निरतिशय-गुणा-स्पदीभूत-परमजिन-शासन-सरस्समभिवर्द्धित - भव्यजन - कमल-विकसन-वितिमिर-गुण-किरण-सहस्र-महोति **महावीर**-सवितरि परिनिर्वृते भगवत्परमर्षि - **गौतम** - गणधर - साक्षाच्छिष्य-

* सच्चिदा † विशालेयन

लोहार्य्य - **जम्बु** - **विष्णुदेवापराजित**-**गोवर्द्धन** - **भद्र**-**बाहु**-**विशाख**-**प्रोष्ठिल**-**कृत्तिकार्य्य*** - **जयनाम**-**सिद्धार्थ**-**धृतिषेणबुद्धिलादि** - गुरुपरम्परीणक्रमाभ्यागत - महापुरुष - सन्तति-समवद्योतितान्वय-**भद्रबाहु**-स्वामिना **उज्जयन्या**-मष्टाङ्ग-महानिमित्त-तत्त्वज्ञेन त्रैकाल्य-दर्शिना निमित्तेन द्वादश-संवत्सर-काल-वैषम्यमुपलभ्य कथिते सर्व्वस्सङ्घ **उत्तरापथाद्दक्षि**-णापथम्प्रस्थितः क्रमेणैव जनपदमनेक-ग्राम-शत-सङ्ख्यं मुदित-जन-धन-कनक-सस्य-गो-महिषा-जावि-कुल-समाकीर्ण्णम्प्राप्तवान् [।] अतः आचार्य्यः **प्रभाचन्द्रो**†नामावनितल-ललाम-भूतेऽ-थास्मिन्**कटवप्र**-नामकोपलक्षिते विविध-तरुवर - कुसुम - दला-वलि-विरचना-शबल-विपुल-सजल-जलद - निवह - नीलोपल - तले वराह - द्वीपि-व्याघ्रर्क्ष-तरक्षु-व्याल-मृगकुलोपचितोपत्यक-कन्दर-दरी-महागुहा-गहनाभोगवति समुत्तुङ्ग-शृङ्गे सिखरिणि जीवित-शेषमल्पतर-कालमवबुध्यात्मनः‡ सुचरित§ - तपस्समाधिमारा-धयितुमापृच्छ्य निरवसेषेण सङ्घं विसृज्य शिष्येणैकेन पृथुलत-रास्तीर्ण्ण-तलासु शिलासु शीतलासु स्वदेहं संन्यस्याराधितवान् क्रमेण सप्त-शतमृषीणामाराधितमिति जयतु जिन-शासनमिति ।

२ (२०)

(लगभग शक सं० ६२२)

अदेयरेनाड चित्तूर मौनिगुरवडिगल शिषित्तियर् **नागमति**गन्तियर् मूरु तिङ्गल् नोन्तु मुडिप्पिदर् ।

---

* क्षत्रिकार्य्य † प्रभाचन्द्रेण ‡ अध्वनः § सुचकितः

[अदेयरेनाडु† में चित्तूर के मौनि गुरु की शिष्या नागमति गन्तियर् ने तीन मास के व्रत के पश्चात् शरीरान्त किया ।]

३ (१२)

(लगभग शक सं० ६२२)

श्री । दुरिताभूद् वृषमान्कील्तलरे पोदेदज्ञानशैलेन्द्रमान्पोल्
दुर-मिथ्यात्व-प्रमूढ़-स्थिरतर-नृपनान्मेट्टिगन्धेभमयदान् ।
सुरविद्यावल्लभेन्द्रास्सुरवरमुनिभिस्तुत्य **कल्बप्पिनामेल्**
चरितश्रीनामधेयप्रभुमुनिव्रतगल् नोन्तुसौख्यस्थनाद्दान् ॥

[पाप, अज्ञान व मिथ्यात्व को हत और इन्द्रियों का दमन कर कटवप्र पर्वत पर चरितश्री मुनि-व्रत पाल सुख को प्राप्त हुए ।]

४ (१७)

(लगभग शक सं० ६२२)

......गल्नोन्तु मुडिप्पिदर् ।

[व्रतधार प्राणोत्सर्ग किया ।]

५ (१८)

(लगभग शक सं० ६२२)

स्वस्ति श्री **जम्बुनायगिर्** तीर्त्थदोल् नोन्तु **मुडिप्पिदर्** ।

[जम्बुनायगिर् ने व्रतपाल प्राणोत्सर्ग किया ।]

६ (९)

(लगभग शक सं० ६२२)

श्री **नेडुबोरेय पानप***-**भटार**र्नोन्तु मुडिप्पिदार् ।

---

†पल्लवनरेश नन्दिवर्म के एक दानपत्र में अदेयरराष्ट्र का उल्लेख आया है । संभव है अदेयरेनाडु भी उसी का नाम हो (इंडि. एन्टी. ८, १६८)

*मौनव ।

[नेडुबोरे के पानप भटार ने व्रतपाल प्राणोत्सर्ग किया ।]

७ (२४)

(लगभग शक सं० ६२२)

श्री **कित्तूरा** वेल्माददा **धर्म्मसेनगुरवडिगला** शिष्यर् **बालदेवगुरवडिगल्** सन्यासनं नोन्तु मुडिप्पिदार् ।

[कित्तूर में वेल्माद के धर्मसेनगुरु के शिष्य बलदेवगुरु ने सन्यासव्रत पाल प्राणोत्सर्ग किया ।]

८ (२५)

(लगभग शक सं० ६२२)

श्री **मालनूर पट्टिनि** गुरवडिगल शिष्यर् **उग्रसेनगुर-वडिगल्** ओन्दु तिङ्गल् सन्यासनं नोन्तु मुडिप्पिदार् ।

[मलनूर के पट्टिनिगुरु के शिष्य उग्रसेनगुरु ने एक मास तक सन्यास-व्रत पाल प्राणोत्सर्ग किया ।]

९ (८)

(लगभग शक सं० ६२२)

श्री **अगलिय मौनिगुरवर** शिष्य **कोट्टूरद** गुणसेनगुर-वर्नोन्तु मुडिप्पिदार् ।

[अगलि के मौनिगुरु के शिष्य कोट्टूर के गुणसेन गुरु ने व्रत पाल प्राणोत्सर्ग किया ।]

१० (७)

(लगभग शक सं० ६२२)

श्री **पेरुमालु** गुरवडिगला शिष्य **धणे कुत्तारेवि***गु-रवि...डिप्पिदार् ।

* एचि ।

[पेरुमालुगुरु की शिष्या धण्णेकुत्तारेविगुरवि (?) ने ...... प्राणोत्सर्ग किया ।]

११ (६)

(लगभग शक सं० ६२२)

श्री **उल्लिक्कु**लोरवडिगल् नोन्तु......दार् ।

[उल्लिकल् गुरु (या उल्लिकल् के गुरु) ने व्रत पाल प्राणोत्सर्ग किया]

१२ (५)

(लगभग शक सं० ६२२)

श्रीतीर्त्थद गोरवडिगल् नो.........

[तीर्थदगुरु (या तीर्थ के गुरु) ने व्रत पाल (प्राणोत्सर्ग किया)]

१३ (३३)

(लगभग शक सं० ६२२)

श्री **कालाविग्गुरवडिगल** शिष्यर् **तरेकाड** पंर्जेडिय नोदेय कलापकद गुरवडिगल्निर्प्पत्तोन्दु दिवसं सन्यासनं नोन्तु मुडिप्पिदार् ।

[तलेकाडु में पंल्जेडि के कलापक* गुरु कालाविर गुरु के शिष्य ने इक्कीस दिन तक सन्यास व्रत पाल प्राणोत्सर्ग किया ।]

१४ (३४)

(लगभग शक सं० ६२२)

श्री-**ऋषभसेन** गुरवडिगल शिष्यर् **नागसेन** गुरवडिगल् सन्यासनविधि इन्तु मुडिप्पिदार् ।

---

* कलापक का शब्दार्थ मुञ्जतृण था समूह होता है ।

नागसेनमनघं गुणाधिकं नागनायकजितारिमण्डलं ।
राजपूज्यममलश्रीयाम्पदं कामदं हतमदं नमाम्यहं ॥

[ऋषभसेनगुरु के शिष्य नागसेनगुरु ने सन्यास-विधि से प्राणोत्सर्ग किया ।]

१५ (२)

(लगभग शक सं० ५७२)

श्री । उद्यानैर्ज्जितनन्दनं ध्वनदलिव्यामक्तरक्तोत्पल—
व्यामिश्रीकृत†-शालिपिञ्जरदिशं कृत्वा तु बाह्याचलं ।
सर्व्वप्राणिदयात्थदाग्धिभगवद्ध्यानेन‡सम्बोधयन्
आराध्याचलमस्तके कनकसत्सेनोत्भवत्सत्पति ॥ १ ॥
अहो बहिर्गिरिन्त्यक्त्वा बलदेवमुनिश्श्रीमान् ।
आराधनम्प्रगृह्णीत्वा सिद्धलोकं गतर्पुनः ॥ २ ॥

१६ (३०)

(लगभग शक सं० ६२२)

श्री . . म्मडिगल् नोन्तु कालं कंयूदार् ।

[...म्मडिगल ने व्रत पाल देहोत्सर्ग किया ।]

१७-१८ (३१)

(लगभग शक सं० ५७२)

श्री —भद्रबाहु सचन्द्रगुप्तमुनीन्द्रयुग्मदिनोप्पंवल् ।
भद्रमागिद धर्म्ममन्दु वलिक्केवन्दिनिसल्कलो ॥

---

† व्यापि श्रीकृत ‡ भगवं ना (शा) नेन (नया एडीशन)

विट्टमाधर शान्तिसेनमुनीशनाकिएवेल्गोल ।
अद्रिमेलशनादि विट्टपुनर्भवकेरे आगि . . ॥

[जो जैन-धर्म भद्रबाहु और चन्द्रगुप्त मुनीन्द्र के तेज से भारी समृद्धि को प्राप्त हुआ था उसके किञ्चित् क्षीण हो जाने पर शान्तिसेन मुनि ने उसे पुनरुत्थापित किया। इन मुनियों ने वेल्गोळ पर्वत पर अशन आदि का त्याग कर पुनर्जन्म को जीत लिया ।]

१९ (३२)

(लगभग शक सं० ६२२)

श्री वेट्टेडे गुरवडिगलमाणाकर्सिंङ्गणन्दिगुरवडिगल्नोन्तु-कालं-केयदार् ।

[वेट्टेडेगुरु के शिष्य सिंहनन्दिगुरु ने व्रत पाल देहोत्सर्ग किया]

२० (२६)

(लगभग शक सं० ६२२)

....

......यरुह्नरि पीठ दिलदा नान्

......तारि कुमाररि नन्च्चिकेयूयेतां

स्थिरदरलिन्तुपेगुरम सुरलोकविभूति एय्दिदार् ।

[......इस प्रकार पेगुरम (?) ने सुरलोक विभूति को प्राप्त किया ।]

२१ (२९)

(लगभग शक सं० ६२२)

स्वस्ति श्रीगुणभूषितमादि वलाडध्देरिसिदा निसिद्गिं
मदुम्मगुरुसन्तानान् सनिद्गुग-गणता-नयान् गिरितलदामे-

लति......स्थलमान् तीरदाणमाकेलगे नेलदि मानदा सद्धम्मदा गेलि ससानदि पतान् ।

[इस लेख का भाव स्पष्ट नहीं हुआ ।]

२२ (४८)

(लगभग शक सं० १०२२)

श्री **अभयणन्दि** पण्डितर गुड्ड **कोत्तय्य** बन्दिद्धि देवर बन्दिसिद ।

[अभयनन्दि पण्डित के गृहस्थ शिष्य कोत्तय्य ने यहा आकर देव-बन्दना की ।]

२३ (२८)

(लगभग शक सं० ६२२)

स्वस्ति श्री**इनुङ्गूरा मे*ल्लगवासगुरवर्कल्बप्प** बेट्टम्मेल्कालं कॆय्दार् ।

[इनुङ्गूर के मेल्लगवासगुरु ने कल्वप्प (कटवप्र) पर्वत पर देहोत्सर्ग किया ।]

२४ (३५)

(लगभग शक सं० ६२२)

स्वस्ति समधिगतपञ्चमहाशब्दपदडक्केदलिध्वजसाम्या··· महामहासामन्ताधिपति **श्रीवल्लभ**···हा-राजाधिराज··· मेश्वर-महाराजरा मगन्दिर् **रणावलोक-श्रीकम्बय्यन्** पृथुवीराज्यं गेये ब···रस**कूल्वप्पु**···ल पेर्गल्तप्पिना पोलदिन्न-

* मे

डदु कोट्टदु···सेन अडिगलं **मनसिजरा**···गनाअरसि बंनेएत्ति मैनमुज्जमिसुवल्लि कोट्टदु पोलमेरे **तट्टगेरेय** किलकेरे पैागि अत्तरकल्ल मेगं अल्लिन्दा वसेल् कर्गोल्मारदु सल्लु पेरिय आल ···वारि मरल् पुणुमपेरि···तारंयु आलर मेरे दुवेट्टगे निरुकल्लु कोवछदा पेरिय एलवु अल्लि कुडित्तु अरसरा श्रीकरणमुं······ ············गादियर **दिरिडग**गामुण्डरुम् **एन्नवरु**···वङ्गरु-**वल्लभ**-गामुण्डरुम **रुन्दि वच्चुरु रुषिड मारम्मनुं कादलूर श्रीविक्रम**-गामुण्डरुं **कलिदुग्ग**गामुण्डरुं **अगदिपो**······ ······यरर·· ···**रणपार**गामुण्डरुं **अन्दमासल उत्तम** गामुण्डरुं **नविलूर** नालगामुण्डरुं **बेल्गोलद गोविन्द**पा-डिय उ..ल्लामन्दुं **बेल्गोलदा** वलि **गोविन्द**गाडिग कोट्टदु.

बहुभिर्व्वसुधाभुक्ता राजभिस्**सगरादि**भिः ।
यस्य यस्य यदा भूमि' तस्य तस्य तदा फलं ॥
स्वदत्तां परदत्तां वा यो हरेत वसुन्धरां ।
षष्टिवर्षसहस्राणि विष्टायां जायते क्रमिः ॥*

[श्रीवल्लभमहाराज के पुत्र महासामन्ताधिपति रणावलोक श्रीकम्बय्यन् के राज्य में मनसिज (?) की राज्ञी के व्याधि से मुक्त होने के पश्चात् मौन व्रत समाप्त होने पर कुछ भूमि का दान दिया गया था, जिसकी सीमा आदि लेख में दी है। लेख दान की शपथ के साथ समाप्त होता है।]

---

* ये दो श्लोक नये एडीशन में बहुत अशुद्ध हैं। उसमें 'यदाभूमि' के स्थान पर 'यथाभूमि' व 'स्वदत्तं' 'परदत्तं' 'हरन्ति' 'प्रष्ठायां' पाठ हैं।

२५ * (६१)

(लगभग शक सं० ८२२)

श्रीमत्······पु···शिष्यर् अरिट्टोनेमि माडिसिदर् सिद्दं

[...के शिष्य अरिट्टोनेमि ने बनवाया ।]

---

* भरतेश्वर की मूर्त्ति के दक्षिण की ओर ।

शासनवस्ति के पूर्व की ओर के शिलालेख

२६ (८८)

(लगभग शक सं० ६२२)

सुरचापंबोले विद्युल्लतेगल तेरवोलमञ्जुवोल्तोरि बेगं।
पिगिंगु श्रीरूप-लीला-धन-विभव-महाराशिगल्निल्लवार्ग्ग ॥
परमार्त्थं मेच्चेनानीधरणियुलिरवानेन्दु सन्न्यासनं-गे-।
य्दुरु मत्वन्नन्दिसेन-प्रवर-मुनिवरन्देवलोकक्के सन्दान् ॥

[रूप, लीला, धन व विभव, इन्द्र-धनुष, बिजली व ओसबिन्दु के समान क्षणिक हैं, ऐसा विचारकर नन्दिसेन मुनि ने सन्यास धार सुरलोक को प्रस्थान किया।]

२७ (११४)

(लगभग शक सं० ६२२)

श्री ॥ शुभान्वित-श्रीनमिलूरसङ्घदा । प्रभावती······ ।
प्रभाख्यमी-पर्व्वतदुल्ले नोन्तुताम् । स्वभाव-सौन्दर्य्य-कराङ्ग-
राधिपर् ॥

ग्रामे मयूरसङ्घऽस्य आर्य्यिका दमितामती ।
कटवप्रगिरिमध्यस्था साधिता च समाधिता ॥

[नमिलूरसंघ की प्रभावती ने इस पर्वत पर व्रत धार दिव्य शरीर प्राप्त किया।]

[मयूरग्रामसंघ की आर्यिका दमितामती ने कटवप्र पर्वत पर समाधि-मरण किया ।]

२८ (९८)

(लगभग शक सं० ६२२)

श्री ॥ तपमान्द्वादशदा विधानमुखदिन् केय्दोन्दुताधात्रिमेल् ।
चपलिल्ला **नविलूर सङ्घदमहानन्तामतीखन्तियार्** ॥
विपुलश्रीकटवप्रनत् गिरियमेल्नोन्तोन्दु मन्मार्ग्गदिन् ।
उपमील्या सुरलोकसौख्यदेडेयान्तामेय्दि इल्दाल् मनम् ॥

[नविलूर संघ की अनन्तामती-गन्ति ने द्वादश तप धार कटवप्र पर्वत पर यथाविधि व्रतों का पालन किया और सुरलोक का अनुपम सुख प्राप्त किया ।]

२९ (१०८)

(लगभग शक सं० ६२२)

श्री ॥ अनवरतन्नालम्पि भूत-शय्यममेन्ते विच्छंयं
वनदोलयोग्य... नक्कुमदि......गलो...
मनवमिकुत......रदि...नोन्तुसमाधिकूडिदों
अनुपम दिव्यप्पदु सुरलोकद मार्ग्ग दोलिल्दरिन्विनिम् ॥
मयूरग्रामसङ्घस्य सौन्दर्य्या-आर्य्य-नामिका ।
कटप्रगिरिशैलेच साधितस्य समाधितः ॥

[उत्साह के साथ आत्म-संयम-सहित समाधि व्रत का पालन किया और सहज ही अनुपम सुरलोक का मार्ग ग्रहण किया । (?)]

[मयूरग्रामसंघ की आर्या ने कटवप्र पर्वत पर समाधि-मरण किया ।]

३० (१०५)

(लगभग शक सं० ६२२)

अङ्गादिनामननेकं **गुणकीर्त्ति** देन्तान्
तुङ्गोश्वभक्तिवशदिन् तोरदिश्रिदेहम्
पोङ्गोल् विचित्रगिरिकूटमयं कुचेलम् ।

[गुणकीर्त्ति ने भक्ति-सहित यहां देहोत्सर्ग किया ।]

३१ (१०६)

(लगभग शक सं० ६२२)

नविलूरा **श्रीसङ्घ**दुल्ले गुरवंनम्**मौनियाचारियर्**
अवराशिष्यरनिन्दितागगुणमि'''**वृषभनन्दी**मुनी ।
भवविज्जैन-सुमार्गदुल्ले नडदोन्दाराधना-योगदिन्
अवरुं साधिसि स्वर्गलोकसुख-चित्तं......माधिगल् ।

[नविलूर संघ के मौनिय आचार्य के शिष्य वृषभनन्दि मुनि ने समाधि-मरण किया ।]

३२ (११३)

(लगभग शक सं० ६२२)

तनगे मृत्युवरवानरि देन्दु सुपण्डितन् ।
अनेक-शील-गुणमालेगलिन्मगिदोप्पिदोन् ॥
विनय-**देवसेन**-नाम-महामुनि नोन्तु पिन् ।
इन दरिल्दु पलितङ्कदे तान्दिवमेरिदान् ॥

[मृत्यु का समय निकट जान गुणवान् और शीलवान् देवसेन महामुनि व्रत पाल स्वर्ग-गामी हुए ।]

३३ (८३)

(लगभग शक सं० ६२२)

एडेपरेगीनडं केय्दु तपं सय्यममान्कोलत्तूरसङ्घ . . ।
वडे कोरंदिन्तुवाल्वुदरिदिन्नेनगंन्दु समाधि कूडिए ।।
एडे-विडियल्कवडिं कटवप्रवंएरियें निल्लदनन्धन्
पडेगमोलिप्प......न्दी-सुरलोक-महा-विभवस्थननादं ।

["अब मेरे लिये जीवन असम्भव है" ऐसा कहकर कोल-त्तूर संघ के......(?) ने समाधि-व्रत लिया और कटवप्र पर्वत पर से सुरलोक प्राप्त किया ।]

३४ (८४)

(लगभग शक सं० ६२२)

स्वस्ति श्री

अनवद्यन्नदि-राष्ट्रदुल्लं प्रथित-यशो ..न्दकान्वन्दु.. लाम्
विनयाचार प्रभावन्तपदिन्नधिकन्चन्द्र-देवाचार्य्य नामन्
उदित-श्री-कल्वप्पिनुल्ले रिषिगिरि-शिले-मेल्नोन्तुतन्देहमिकि
निरवद्यन्नेरि स्वर्गं शिवनिलेपडेदान्साधुगलपूज्यमानन् ।

[नदिराज्य के यशस्वी, प्रभावयुक्त, शील-सदाचार-सम्पन्न चन्द्रदेव आचार्य कल्वप्प नामक ऋषिपर्वत पर व्रत पाल स्वर्ग-गामी हुए ।]

३५ (७६)

(लगभग शक सं० ६२२)

सिद्धम्

नेरेदाद व्रत-शील-नोन्पि-गुणदिं स्वाध्याय-सम्पत्तिनिम् ।

करेइल्-नल्तप-धर्म्मदा-**ससिमति**-श्री-गन्तियर्व्वन्दुमेल् ॥
अरिदायुष्यमनेन्तु नोडेनगे तानिन्तेन्दु **कल्वप्पि**नुल् ।
तोरदाराधने-नोन्तु तीर्त्थ-गिरि-मेल् स्वर्ग्गालयक्केरिदार् ॥

[व्रत-शील-आदि-सम्पन्न ससिमति-गन्ति कल्वप्पु पर्वत पर आई और यह कहकर कि मुझे इसी मार्ग का अनुसरण करना है तीर्थगिरि पर सन्यास धारणकर स्वर्गगामी हुई ।]

कांचिन दोणो के मार्ग पर के शिलालेख

३६ (१४५)

(लगभग शक सं० ६२२)

श्री **एरेयगवे** कवट्ट्द लो......।

[कवट्ट में एरेयगवे......]

३७ (१४६)

(लगभग शक सं० १०७२)

श्रीमतु **गरुडकेसिराज** स्थिरं जीयातु ।

३८ (५६)

(शक सं० ८६६)

कूगे ब्रह्मदेव स्तम्भ पर

(दक्षिणमुख)

स्वस्ति म......म् उदधिं कृत्वावधिं मेदिनी

..चक्र . ...धवो भुञ्जन् भुजासेर्बलात् ।

न्यश्रीजग......पतेर्गाङ्गान्वयक्ष्माभुजां

भूषा-रत्नमभू.........वनितावक्त्रेन्दुमेघोदयः ॥ १ ॥

गद्यं । तस्य सकलजगतीतलोत्तुङ्गगङ्गकुलकुमुद-

कौमुदी-महातेजायमानस्य। सत्यवाक्यकोङ्गुणिवर्म्म-धर्म्म-महाराजाधिराजस्य। कृष्णराजोत्तरदिग्विजयविदितगुर्ज्जराधिराजस्य। वनगजमल्लप्रतिमल्लबलवदल्लदर्प्प-दलनप्रकटीकृतविक्रमस्य। गण्डमार्त्तण्ड-प्रतापपरिरचित-सिंहासनादि-सकल-राज्य-चिह्नस्य। विन्ध्याटवीनिकटवर्त्ति...ण्डक-किरातप्रकरभङ्ग-करस्य। भुजबलपरि...... मान्यखेट-प्रवेशितचक्रवर्त्तिकट...विक्रम... श्रीमदिन्द्रराजपट्टबन्धोत्सवस्य।.. ...समुत्साहितसमरसज्ज-वज्जल......घ...नस्य। भयोपनतवनवासिदेशाधि...... मणिकुण्डलमदद्विपादि-समस्त-वस्तुम ...... समुपलब्ध-सङ्कीर्त्त-नस्य। प्रणतमातूरवंशजस्य......ज-सुतसत-भुज-बलावलेप-गज-घटाटोपगर्व्वदुर्वृत्तसकलनोलम्बाधिराजसमरविध्वंसकस्य। समुन्मूलितराज्यकण्टकस्य। मर्च्चूर्णितोच्चङ्गिगिरिदुर्गस्य। संहृत-नरगाभिधानशबरप्रधानस्य। प्रतापावनतचेर-चोल-पाण्ड्य-पल्लवस्य। प्रतिपालितजिनशासनस्य।.........त-महाध्वजस्य। बलबदरिनृपद्रविणापहरण......कृतमहादानस्य। परिपालितसेतु बन्धभै...न्धुसम्बन्धवसुन्धरातलस्य। श्रीनोलम्बकु(लान्त)क-देवस्य। शौर्य्यशासनं धर्म्मशासनं च सञ्चरतु दिग्मण्डलान्तरमा-कल्पान्तरमाचन्द्रतारम्॥

(पश्चिममुख)

......या कै रप्यु पायान्त......तिशिखाशेखरं
...... नान्य एवाहृतो ...... श्रीगङ्गचूड़ामणि
...वना...द...वाणि...क्रं पल्लव...मा...येनामितं...

...भुजावलेपमल...कृत्वा...गं स्वयं ... गुत्तियगङ्गभूपति ...
नोलम्बान्तकः।। .....यिय......मन्मुखं...युधि......गादस्मय
......प्रतिगज......विक्रमं ।।...त्पलमिव... **नोलम्बान्तकः**
......भूलोकादनेक-द्र...नेकबन्धान्धक... **चोल-पल्लव**...का
नन्दहेतोर...श्री**मारसिंह**-चि ... तिलक-चत्र-चन्द्रस्य...चन्द्र
...व...र्य्यर......दर्प्पं...गं सं...ïगं...ह...र:।।...वद्घोषणा
...न्महाविजयोत्सवे......सिंहासनोर्व्वी-ध...

इत्याधिष्कृत-वीर-सङ्गर-गिर:**चालुक्य**-चूडामणे
राजादित्य-हरेर्द्दवाग्भिरजनिश्री**गङ्ग**-चूडामणि ।
दैत्येन्द्रैर्म्मधुकैटभप्रभृतिभिर्ध्वस्तैर्म्मुरद्वे...
किं मायारिभिरित्थमुत्थितमिति द्माताङ्क-शङ्काकृ...
...लैन्नरगासुरस्य वसुधानन्दाश्रमिश्रैशिश...
दार्त्थैरकरोत्सरागमवनीचक्रं नोलम्बान्तकः ।

(उत्तरमुख)

(प्रथम ८ पंक्तियाँ अस्पष्ट हैं)

......गन......ङ्ग-क्षमाभृतः ....
याव ... न ... ... ड ...ति...तिना......पद......त्तति ।।
......मिश्रीकृत-म...क-वीर-विस्मय-तेज.........गुत्तिय-**गङ्ग**
भूपमितियं विश्वं.......................कृता......तिं पतिमह
........वष्टभ्यदुष्टावनिप-कुलमिलामिन्**द्रराज**...ण...कुम्ब-
हल...यक-च्छत्र.........श्री**गङ्ग**-चूड़ामणिरिति धरणी स्तौतियं
......कीर्तिः ।।   ......स्सम्प्रति **मारसिंह**-नृपतिर्व्विक्रान्त-

क.........सौ यत्र...स्थिति-साहसोन्मद-महासामन्त-मत्त-द्विपम् । ···स्वामिनि पट्ट-बन्ध-महिमा-निर्व्वि...मित्युर्व्वराचक्रं यस्य पराक्रम-स्तुति-परैः व्यावर्णयत्यङ्कैः ॥ येनेन्द्र-क्षिति-वल्लभस्य जगती-राज्याभिषेकः कृतः । येना...द-मद...पेनविजित **पाता-लमल्ला**नुजः । ...श्रो.. रणाङ्गणे रण-पटुस्तस्यात्मजोजा......
...............रभू............म...

(पूर्वमुख)

अगेयललुम्बमप्प **बलदल्लन**...डिसि गेल्द शौर्य्यमं
पोगल्वेनो धात्रियोल् नेगल्द वज्जलनं बिडेयट्टि देलगयं
पोगल्वेनो **पल्लवाधिप**......मं तवे कोन्द वीरमं
पोगल्वेनो पेलिमेवोगल्वेनेन्दरियें चलदुत्तरङ्गनं ॥
ओलियेकोदु **पल्लवर** पन्दलेयेल्लमनेय्देदट्टिका—
पालिकरूरि मारि परमण्डलिककॅल नम्मनोवुइयू ।
ओलिगे निम्म पन्दलगलं अरलीयदे कण्डु बाल्वु... ।
ओलिय लेम्बिनं नेगल्दुदाट्टजि **मण्डलिक-त्रिणेत्रना** ॥
तुङ्गपराक्रमं पलवु कालमगुर्व्विसे सुत्तिवुत्ति वि—
ट्टुङ्गडकाडुवट्टि कोललारन...मुन्नमेनिप्प पम्पिनु—
च्चङ्गिय कोटेयं जगमसुङ्गोले कोण्ड नगल्ते मूरु लो—
कङ्गलोलम्पोगल्तेगेडेयादुदु **गुत्तिय-गङ्ग**-भूपना ॥

कन्दं ॥ कालनो रावणनो शिशु—
पालनो तानेनिसि नेगल्द नरगन तले त—
आलाल कयूगे वन्दुदु

हेलासाध्यदोले **गङ्ग**-चूडामणिया ।
नुडिदने कावुदने एल्दे-
गिडदिरुजवनिट्ट रक्के निनगीवुदनें
नुडिदने एश्रदु कय्यदु
नुडिदुदु तप्पुगुमे **गङ्ग**-चूड़ामणिया ॥

इन्तु बिन्ध्याटवी-निकट-तापी-तटवुं । **मान्यखेट**-पुर-वरवुं । गोनूरुमुच्चङ्गियुं । बनवासिदेशवुं । पाभसेयकोटेयुं । मोदलागे पलवेडेयोलमरियरं पिरियरुवं कादि गेल्दु पलवेड-गलोलं महाध्वजमनेत्तिसि महादानंगेय्दु नेगल्द गङ्ग-विद्याधरं । गङ्गरोल्गण्डं । गङ्गरसिङ्गं । गङ्गचूडामणि गङ्गकन्दर्प्प । गङ्गवज्रं । **चलदुत्तरङ्गं । गुत्तिय**गङ्गं । धर्म्मावतारं । जगदेकवीरं । नुडि-दन्तेगण्डं । अहितमार्त्तण्डं । कदनकर्क्कशं । मण्डलिक-त्रिणेत्रं । श्रीम**न्नोलम्बकुलान्तकदेवं** पलवेडंगलोलं बसदिगलुं मानस्त-म्भङ्गलुवं माडिसिदं । मङ्गलं । धर्म्म(भ)ङ्गलं नमस्यं नडयिसिअलिय-मोन्दुवर्ष राज्यमं पत्तुविट्टु **बङ्कापुर**दोल् **अजितसेनभट्टारकर** श्रीपादसन्निधियोल् आराधनाविधियिमूरुदे...सं नोन्तु समाधियं साधिसिदं ॥

वृत्त ॥ एले **चोल**क्षितिपाल सन्तवेल्देयं नीं नीविकोल् निन्ननुं-गोले माण्डत्तिरु **पाण्ड्य पल्लव** भयङ्गोण्डोडदिन्निभम-ण्डलदिं पिङ्गदे निल्वदीगनिवनिन्नुं त...गङ्गम-ण्डलिकं देवनिवासदत्त विजयं-गेय्दं नोलम्बान्तकं ॥

[इस लेख में गङ्गराज मारसिंह के प्रताप का वर्णन है। इसमें कथन है कि मारसिंह ने (राष्ट्रकूट नरेश) कृष्णराज (तृतीय) के लिए गुर्जर देश को विजय किया; कृष्णराज के विपक्षी अल्ल का मद चूर किया; विन्ध्य पर्वत की तली में रहने वाले किरातों के समूहों को जीता; मान्यखेट में नृप (कृष्णराज) की सेना की रक्षा की; इन्द्रराज (चतुर्थ) का अभिषेक कराया; पातालमल्ल के कनिष्ठ भ्राता वज्जल को पराजित किया; बनवासीनरेश की धन सम्पत्ति का अपहरण किया; माटूर वंश का मस्तक झुकाया; नोलम्ब कुल के नरेशों का सर्वनाश किया; काडुवट्टि जिस दुर्ग को नहीं जीत सका था उस उच्चङ्गि दुर्ग को स्वाधीन किया; शबराधिपति नरग का संहार किया; चौड़ नरेश राजादित्य को जीता; तापी-तट, मान्यखेट, गोनूर, उच्चङ्गि, बनवासि व पाभसे के युद्ध जीते, व चेर, चोड़, पाण्ड्य और पल्लव नरेशों को परास्त किया व जैन धर्म का प्रतिपालन किया और अनेक जिन मन्दिर बनवाये। अन्त में उन्होंने राज्य का परित्याग कर अजितसेन भट्टारक के समीप तीन दिवस तक सल्लेखना व्रतका पालन कर बंकापुर में देहोत्सर्ग किया। लेख में वे गङ्ग चूड़ामणि, नोलम्बान्तक, गुत्तिय-गङ्ग, मण्डलिकत्रिनेत्र, गङ्ग-विद्याधर, गङ्गकन्दर्प, गङ्गवज्र, गङ्गसिंह, सत्यवाक्य कोङ्गणिवर्म-धर्म-महाराजाधिराज आदि अनेक पदवियों से विभूषित किये गये हैं।]

३६ (६३)

महनवमी मण्डप में

(शक सं० १०८५)

(पूर्वमुख)

श्रीमत्परमगम्भीर-स्याद्वादामोघलाञ्छनं।
जीयात् त्रैलोक्यनाथस्य शासनं जिनशासनम्॥ १॥

स्वस्ति समस्त - भुवन -स्तुत्य- नित्य-निरवद्य-विद्या-विभव-प्रभाव-प्रह्वहृहरीपाल-मौलि - मणि-मयूख-शेखरीभूत-पूत-पद-नख-प्रकररुं । जितवृजिन**जि**नपतिमतपयर्पयोधिलीलासुधाकररुं । चार्व्वाकाखर्व्वगर्व्वदुर्व्वारोर्व्वीधरोत्पाटनपटिष्ठनिष्ठुरोपालम्भद - म्भोलिदण्डरुं अकुण्ठ-कण्ठ-कण्ठीरव-गभीर-भूरि - भीम - ध्वान-निर्द्दलितदुर्द्दमेद्ध**बौ**द्धमदवेदण्डरुम् । अप्रतिहत-प्रसरदसम-लसदु-पन्यसननित्यनैसित्य - पात्र-दात्र-दलितनैयायिकनयनिकरनलरुं । चपलकपिलविपुलविपिनदहन-दावानलरुं । शुम्भदम्भोद-नाद-नो-दितविततवैशेपिकप्रकरमदमराळरुं । शरदमलशशधरकरनिकरनी-हारहाराकारानुवर्त्तिकीर्त्तिवल्लीवेल्लितदिगन्तरालरुमप्पश्रीमन्म-हामण्डलाचार्य्यरु श्रीम**द्देवकीर्त्ति**पण्डितदेवरु ।

कुर्व्वेनमः कपिल-वादि-वनोग्र-वह्नये
चार्व्वाक-वादि-मकराकर-वाडवाग्नये ।
बौद्धोग्रवादितिमिरप्रविभेदभानवे
श्री**देवकीर्त्ति**मुनये कविवादिवाग्मिने ॥ २ ॥

मङ्कल्पं जल्पवल्लीविलयमुपनयंश्चण्डवैतण्डिकोक्ति-
श्रीखण्डं मूलखण्डं झटिति विघटयन्वादमेकान्तभेदं ।
निर्पिण्डगण्डशैलं सपदि विदलयन्सूक्तिप्रौढगर्ज्ज-
त्स्फूर्ज्जन्मेवामदोर्ज्जाजयतु विजयते **देवकीर्त्ति**द्विपेन्द्रः ॥ ३ ॥

चतुर्म्मुखचतुर्व्वक्त्रनिर्ग्गमागमदुस्सहा ।
देवकीर्त्तिमुखाम्भोजे नृत्यतीति सरस्वती ॥ ४ ॥

चतुरते सत्कवित्वदोळभिज्ञते शब्दकलापदोळ् प्रस-

ननेमतियोल् प्रवीणते नयागम-तर्क-विचारदोल् सुपू-
ज्यते तपदोल् पवित्रते चरित्रदोलोन्दि विराजिसल् प्रसि-
द्धते मुनि-**देवकीर्त्ति**विबुधाग्रणिगोप्पुवुदी धरित्रियोल् ॥ ५ ॥
शकवर्षसासिरद एम्भत्तय्देनेय ॥

वर्षे ख्यात-सुभानु-नामनि सिते पक्षे तदाषाढ़के
मासे तन्नवमीतिथौ बुध-युते वारे दिनेशोदये।

श्रीमत्तार्क्किकचक्रवर्त्ति-दशदिग्वर्त्तोर्द्धकीर्त्तिप्रियो
जातः स्वर्गवधूमनःप्रियतमः श्री**देवकीर्त्ति**व्रती ॥ ६ ॥
जातेकीर्त्यवशेषके यतिपतौ श्री**देवकीर्त्ति**प्रभौ
वादीभेभरिपौ जिनेश्वर-मत-क्षीराब्धितारापतौ।
क्व स्थानं वरवाग्वधूर्ज्जिनमुनिभ्रातं ममेति स्फुटं
चाक्रोशं कुरुते समस्तधरणौ दाक्षिण्य-लक्ष्मीरपि ॥ ७ ॥
तच्छिष्यौ नुत**लक्खणन्दि**मुनिपः श्री**माधवेन्दु**व्रती
भव्याम्भोरुहभास्करस्त्रिभुवनाख्यानश्च योगीश्वरः।
एते ते गुरुभक्तितो गुरुनिषद्यायाः प्रतिष्ठामिमां
भूत्याकाममकारयन्निजयशस्सम्पूर्णदिग्मण्डलाः ॥ ८ ॥

[इस लेख में अपने समय के अद्वितीय कवि, तार्किक और वक्ता महामण्डलाचार्य मुनि देवकीर्त्ति पण्डित की विद्वत्ता का व्याख्यान है। इस समय जैनाचार्य के सन्मुख सांख्यिक, चार्वाक, नैयायिक, वेदान्ती. बौद्ध आदि सभी दार्शनिक हार मानते थे।

शक सं० १०८५ सुभानु संवत्सर आषाढ़ शुक्ल ६ बुधवार को सूर्योदय के समय इन तार्किक चक्रवर्त्ति श्री देवकीर्त्ति मुनि का स्वर्ग-

वास हुआ। उनके शिष्य लक्खनन्दि, माधवेन्दु और त्रिभुवनमल्ल ने अपने गुरु की स्मारक यह निषद्या प्रतिष्ठित कराई।]

४० (६४)

उसी स्तम्भ पर

(शक सं० १०८५)

(दक्षिणमुख)

भद्रं भूयाज्जिनेन्द्राणां शासनायाघनाशिने ।
कुतीर्त्थ-ध्वान्त-सङ्घात-प्रभिन्नघन-भानवे ॥१॥
श्रीमन्नाभेयनाथाद्यमल-जिनवरानीक-सौधोरु-वार्द्धिः
प्रध्वस्ताघ-प्रमेय-प्रचय-विषय-कैवल्य-बोधोरु-वेदिः ।
शस्तस्यात्कार-मुद्रा-शबलित-जनतानन्द नादोरु-घोषः
स्थेयादाचन्द्र-तारं परम-सुख-महावीर्य्य-वीचो-निकायः ॥२॥
श्रीमन्मुनीन्द्रोत्तमरत्नवर्ग्गाः श्रीगौतमाद्याः प्रभविष्णवस्ते
